Web : muzaffarnagarbulletin.co.in पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

न्यूनतम 21 °c
अधिकतम 28 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा

सूर्योदय : 6:16
सूर्यास्त : 5:57

वर्ष : 50/ अंक : 278 शनिवार, 8 अक्टूबर 2022 अश्विन, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी, सम्वत् 2079 मूल्य 3 रु. पृष्ठ-8

**आज की अमृतवाणी**

आज रास्ता बना लिया है, तो कल मंजिल भी मिल जाएगी, हौसलों से भरी यह कोशिश एक दिन जरूर रंग लाएगी।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है.....**

उत्तर प्रदेश की सड़कों को 15 नवम्बर तक गड्ढा मुक्त कर लिया जाए : योगी



आपके पिछले आदेश वाले गड्ढे और गहरे हो गए... उन्हें भी दिखवा लेना.....

# स्टेशन की तस्वीर तो बदली पर नहीं तीसरी आंख का पहरा

- सुरक्षा की दृष्टि से रेलवे स्टेशन पर नहीं लगा है एक भी सीसीटीवी कैमरा
- दस करोड़ के निवेश से मॉर्डन स्टेशनों में शुमार हुआ रेलवे स्टेशन



**मुजफ्फरनगर, 7 अक्टूबर(बु.)।** दस करोड़ के निवेश से मुजफ्फरनगर का रेलवे स्टेशन भव्य और मॉडर्न तो बन गया, लेकिन सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण तीसरी आंख का पहरा किसी हिस्से में नहीं है। संवेदनशील माने जाने वाले जिले के मुख्यालय स्टेशन पर एक भी सीसीटीवी कैमरा नहीं हैं। स्टेशन के कायाकल्प से पहले लगे तीन सीसीटीवी कैमरे अब गायब है। ऐसे में रोजमर्रा यात्रा करने वाले लाखों यात्रियों की सुरक्षा पर सवाल उठने लाजिमी हैं। दैनिक यात्री संघ भी लंबे समय से सुरक्षा की इस खामी पर रेलवे अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराता आ रहा है।

मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन की इमारत लखनऊ और वाराणसी जैसे स्टेशनों की तरह भव्य रूप ले चुकी है। भवन का निर्माण राजस्थान के किशनगढ़ रेलवे स्टेशन की तर्ज पर किया गया है। टिकट घर, मीटिंग हॉल, वेटिंग हॉल, वीआईपी रूम व रिजर्वेशन ऑफिस को आधुनिक तरीके से बनाया गया है। स्टेशन की भव्यता की जितनी तारीफ की जाए, उतनी कम है। निःसन्देह इसका श्रेय केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान को जाता था। बालियान के प्रयासों से रेलवे स्टेशन पर नए भवन के लिए दस करोड़ रुपये का बजट उपलब्ध हुआ था।

संवेदनशील माने जाने वाले मुजफ्फरनगर के रेलवे स्टेशन पर एक भी सीसीटीवी कैमरा नहीं है। रेलवे स्टेशन को भव्य रूप देने के लिए 10 करोड़ से अधिक की धनराशि खर्च हुई, लेकिन सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी पर एक फूटी कौड़ी खर्च ना करना पूरी व्यवस्थाओ को सवालों के घेरे में खड़ा कर रही हैं। बड़ी बात यह हैं कि रेलवे स्टेशन की आधुनिकीकरण की योजना में तीसरी आंख के पहरे को कोई तवज्जों नहीं दी गई है, जबकि आज सीसीटीवी हर सरकारी महकमें की पहली प्राथमिकता है।

स्टेशन की नई इमारत बनने से जीआरपी की तरफ से तीन सीसीटीवी कैमरे लगे हुए थे, जो अब गायब है। मुजफ्फरनगर में इन दिनों अग्निवीर सेना की भर्ती चल रही हैं। ऐसे में रोजमर्रा हजारों अभ्यर्थियों का आवागमन बढ़ा हैं।

इस लिहाज से शहर के कई हिस्सों में सीसीटीवी लगाए गए हैं, लेकिन भव्य स्टेशन पर सीसीटीवी कैमरों की अनुपस्थिति सुरक्षाकर्मियों की चिंता बढ़ा रही है। वैसे भी देश भर में रेलवे स्टेशनों को उड़ाने की आतंकी धमकियों के बीच सुरक्षा में अनदेखी किसी भी लिहाज से सही नहीं है।



### जल्द लगेंगे सीसीटीवी कैमरे



रेलवे स्टेशन परिसर में जल्द सीसीटीवी कैमरे लगने की उम्मीद है। इसके लिए विभागीय स्तर पर कारवाही चल रही है। सुरक्षा के लिहाज से सीसीटीवी कैमरे जरूरी हैं। पहले जीआरपी की तरफ से तीन सीसीटीवी लगे थे।

**विपिन त्यागी, स्टेशन अधीक्षक**
मुजफ्फरनगर

### सुरक्षा मानकों की अनदेखी सही नहीं

रेलवे स्टेशन की इमारत तो भव्य रूप ले चुकी है, लेकिन सुरक्षा मानकों की अनदेखी सही नहीं है। सुरक्षा की दृष्टि से तीसरी आंख का पहरा जरूरी है, क्योंकि रोजमर्रा स्टेशन से होकर लाखों यात्री अपने गंतव्य की ओर जाते हैं। दैनिक यात्री संघ इस मद्दे पर रेलवे अधिकारियों को कई बार आगाह किया जा चुका है

**घनश्याम भगत,**
अध्यक्ष, दैनिक यात्री संघ

## कार ने बाइक में मारी टक्कर, युवक घायल

**मुजफ्फरनगर, 7 अक्टूबर (बु.)।** तेज गति से आ रही एक कार ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला आनन्दपुरी निवासी योगेन्द्र शर्मा पुत्र राधेश्याम शर्मा ने शहर कोतवाली में दी गयी तहरीर में बताया कि उसकी साली का लडका अतुल शर्मा पुत्र सुखदेव शर्मा मुजफ्फरनगर से अपने गाँव सिसौना जा रहा था। जब वह रामपुर तिराहे के पास पहुंचा, तो पीछे से तेज गति से आ रही एक कार ने उसकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया है। कार सवार अपनी गाड़ी को तेजी से भगाते हुए वहां से पफरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मुलायम के हालचाल जानने राजनाथ सिंह पहुंचे अस्पताल

गुरुग्राम। गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती समाजवादी पार्टी (सपा) के संरक्षक और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की हालत लगातार गंभीर बनी हुई है। उन्हें आईसीयू (सघन चिकित्सा इकाई) में लाइफ सेविंग दवाइयां दी जा रही हैं। स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की एक टीम उनकी हालत पर लगातार नजर बनाए हुए है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव परिवार सहित अस्पताल में ही मौजूद हैं। इस बीच, सपा संरक्षक का हाल जानने के लिए नेताओं के अस्पताल पहुंचने का सिलसिला भी जारी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी शुक्रवार शाम को मेदांता अस्पताल में जाकर यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव से मुलाकात की और उनके बीमार पिता मुलायम सिंह यादव का हाल-चाल जाना। इससे पहले, शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक भी मेदांता अस्पताल पहुंचे और मुलायम सिंह की कुशलक्षेम पहुंची।

## मामूली कहासुनी में युवक को गाड़ी से कुचलने का प्रयास, मारपीट कर घायल किया

**मुजफ्फरनगर, 7 अक्टूबर (बु.)।** नई मंडी थाना क्षेत्र के वसुन्धरा रेजीडेन्सी निवासी प्रदीप कुमार पुत्र चन्द्रपाल सिंह ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि उसकी आठ दिन पूर्व दीपक पुत्र देवेन्द्र निवासी गली नं० 12 गांधी कॉलोनी के साथ कहासुनी हो गयी थी, जिसका वहां पर उपस्थित लोगों ने बीच-बचाव करा दिया था। आरोप है कि पांच अक्तूबर को करीब 10:45 बजे रात को जब वह टाउन हाल के सामने से गुजर रहा था, तो तभी पीछे से एक सैन्ट्रो कार संख्या यूपी 14ए एल 6013 आयी, जिसमें दीपक पुत्र देवेन्द्र अपनें चार- पांच अज्ञात साथियों के साथ मौजूद था। आरोपियों ने उसे जान से मारने की नियत से पीछे से उसकी मोटर साईकिल में टक्कर मार दी, जिससे वह नीचे गिर गया। आरोप है कि आरोपियों ने इसके बाद गाड़ी से नीचे उतरकर उसे जान से मारने की नियत से लाठी डण्डों से मारपीट करना शुरू कर दिया, जिससे उसे काफी गम्भीर चोटें आई। शोर-शराबा सुनकर संदीप पुत्र इकबाल सिंह व योगेन्द्र बालियान पुत्र महेन्द्र सिंह आदि बहुत से लोग आ गये, जिन्होंने वाका देखा और पीड़ित की हमलावरों से जान बचाई। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# जट नंगला में दो पक्षों के बीच में हुए खूनी संघर्ष में कई लोग गंभीर घायल

**मुजफ्फरनगर, 7 अक्टूबर (बु.)।** मामूली कहासुनी के बाद शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जटनंगला में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। दोनों पक्षों की ओर से जमकर लाठी-डंडे व सरिये चले। इस संघर्ष में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गये हैं। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर संगीन आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने घायलों का चिकित्सकीय परीक्षण कराकर मामले की जांच शुरू कर दी है। शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जटनंगला निवासी राहुल व अशोक के परिवार के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गयी थी। कहासुनी इतनी बढ़ी की दोनों पक्ष एक-दूसरे के आमने-सामने आ गये। दोनों पक्षों के बीच जमकर संघर्ष हुआ। दोनों पक्षों की ओर से जमकर लाठी-डंडे व सरिये चले। इस संघर्ष में दोनों पक्षों के आधा दर्जन से भी अधिक लोग घायल हो गये। शोर-शराबा होने पर गांव के लोग भी एकत्रित हो गये और दोनों पक्षों को बामुश्किल छुड़ाया। घटना की सूचना मिलने पर शहर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी और दोनों पक्षों के घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इस मामले में एक पक्ष की ओर से पंचम सिंह ने पुलिस को तहरीर दी कि उसके चचेरे भाईयों पर अशोक पक्ष ने घर में घुसकर जानलेवा हमला कर दिया, जबकि दूसरे पक्ष की ओर से अशोक की पत्नी रविता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि राहुल पक्ष के लोगों ने उसके घर में घुसकर हमला कर दिया और उसके परिवार के लोगों के साथ मारपीट की।



पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर कार्रवाई करते हुए पंचम पक्ष की ओर से अशोक, ब्रहमदत्त, विशाल, सुदेश पुत्र सतपाल व नाधू उर्फ काला व नरेश के खिलाफ मामला दर्ज किया है, जबकि दूसरे पक्ष की ओर से रविता की तहरीर पर राहुल, पारुल, मोहित व अमरजीत के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

स्व. लाला हरबंस लाल गोयल जी व स्व. श्रीमती बिमलावती देवी जी की स्मृति में
वरदान धर्मार्थ नेत्र सेवा संस्थान (रजि.) मुजफ्फरनगर एवं वरदान सेवा संस्थान, गाजियाबाद के सहयोग से आयोजित

RISE & SHINE ESTD. 1999 M.G.P.S.

आँखों का निःशुल्क विराट कैम्प



दिनांक : 9 अक्टूबर, 2022 दिन रविवार,
समय : प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक

MG WORLD VISION SCHOOL

स्थान : एम.जी. पब्लिक स्कूल, सरकुलर रोड, मुजफ्फरनगर

मुख्य अतिथि - श्री कपिल देव अग्रवाल राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), उ.प्र. सरकार

शिविर में आने वाले सभी नेत्र रोगियों की जांच के बाद –

1. शिविर में आंखों की जांच करके दवाई मुफ्त दी जायेगी।
2. मोतिया पाये जाने पर रोगी को संस्थान की बस द्वारा कैम्प एम.जी. पब्लिक स्कूल से ही गाजियाबाद ले जाकर आधुनिक I.O.L. विधि से लैंस लगाते हुए ऑपरेशन किया जायेगा तथा अगले दिन सुबह रोगी को वापिस एम.जी. पब्लिक स्कूल कैम्प स्थल सरकुलर रोड पर ही छोड़ा जायेगा कोई तीमारदार साथ जाने की न जरूरत है और न साथ जा सकेगा।
3. जांच, लैंस, ऑपरेशन, गाजियाबाद ले जाना व वापिस छोड़ना तथा खाना व विश्राम की व्यवस्था पूर्णतः निःशुल्क रहेगी।
4. ऑपरेशन कराने वाले व्यक्ति या तीमारदार का मोबाइल नम्बर होना आवश्यक है।

रजिस्ट्रेशन पहले कहीं नहीं होगा, मौके पर ही प्रातः 8:30 बजे शुरू किया जायेगा।

यह कैम्प हर महीने के दूसरे रविवार को लगाया जायेगा

निवेदक–
डॉ. एस.सी. गुप्ता
M.B.B.S.,M.S
सीनियर सर्जन
श्री वैभव गोयल
डायरेक्टर
श्री भीमसैन कंसल
अध्यक्ष
एम.जी. पब्लिक स्कूल
डॉ. मृणालिनी अनंत
प्रधानाचार्या
एम.जी. वर्ल्ड विजन स्कूल
श्री सतीश चन्द गोयल
सी.ई.ओ.
टिहरी आयरन एण्ड स्टील कास्टिंग लि.
श्रीमती मोनिका गर्ग
प्रधानाचार्या
एम.जी. पब्लिक स्कूल

कैम्प व्यवस्थापक : सुरेश रोतैला मो. - 9897325517

अन्य जानकारी व सहयोग के लिए श्री राजेन्द्र कुमार गोयल, मो. 9412558209, श्री मानस तोमर मो. 8899928838 से सम्पर्क करें।

एस0 डी0 कालेज ऑफ इन्जिनियरिंग एण्ड टैक्नोलॉजी
जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर
(बी0टी0ई0, लखनऊ से सम्बद्ध)

विद्ययामृतमश्नुते

काउंसिलिंग के उपरान्त रिक्त सीटों पर सीधे प्रवेश का सुनहरा अवसर

प्रवेश की अंतिम तिथि–19 अक्टूबर 2022
कार्यालय सप्ताह के प्रत्येक दिन खुला रहेगा
पॉलीटेक्निक डिप्लोमा प्राप्त कर पाएं रोजगार के अनेकों अवसर।

| ब्रॉच | अवधि / अर्हता | रोजगार के अवसर |
|---|---|---|
| सिविल इन्जि0 | तीन वर्ष / 10वी | सरकारी एवं निजी क्षेत्र में जूनियर इंजीनियर / स्वरोजगार एवं अन्य विभिन्न अवसर |
| इलैक्ट्रिकल इन्जि0 | तीन वर्ष / 10वी | |
| मैकेनिकल इन्जि0 (प्रोडक्शन) | तीन वर्ष / 10वी | |
| कम्प्यूटर साइंस | तीन वर्ष / 10वी | |
| लैट्रल एन्ट्री (द्वितीय वर्ष में प्रवेश) | दो वर्ष / आई0टी0आई0 / 12वी | |

विशेषताऐं

- इन्जिनियरिंग शिक्षा हेतु प्रदेश की अग्रणी संस्था
- सभी छात्रों को मेरिट आधारित स्कॉलरशिप
- सर्वोत्तम शिक्षक (पी0एच0डी0 एवं एम0टैक)
- शतप्रतिशत प्लेसमेंट का अवसर
- उत्तम परीक्षा परिणाम
- पूर्ण अनुशासन
- स्कॉलरशिप व फीस प्रतिपूर्ति योजना प्रभावी
- सर्वोत्तम लेब एवं लाईब्रेरी सुविधा

E-mail- sdenggpoly528@gmail.com, web-www.sdcetmzn.org
Mobile No./WhatsApp-8410020785, 9319408828, 9415511456


# ऑनलाइन पढ़ाई से बच्चों की आंखों पर बुरा असर

**शामली, 7 अक्टूबर (बुस.)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जूनियर स्कूल में दंत एवं नेत्र परीक्षा हेतु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया यह चिकित्सा शिविर दो दिवसीय रहेगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुषांगिक संगठन सेवा भारती के तत्वाधान में इस शिविर का आयोजन किया गया शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. श्रेय माहेश्वरी , दंत चिकित्सक डा. रिचा माहेश्वरी ने विद्यालय के कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों का नेत्र और दंत परीक्षण किया। डा. रिचा माहेश्वरी ने अपने संबोधन में बताया कि प्रतिदिन दो बार ब्रश करना अनिवार्य होता है क्योंकि हमारे दांतों में भोजन के कण छिपे रहते हैं पर रहते हैं जो बाद सड़ जाता है जिससे हमारे दांतों को बड़ा नुकसान होता है और दांत शीघ्रता से टूट जाते हैं। कुछ भी खाने के बाद कुल्ला अवश्य करें। नेत्र रोग चिकित्सक श्रेय माहेश्वरी ने बताया कि करोना काल में विद्यार्थियों को विद्यालय से ऑनलाइन गृह कार्य भेजा गया, जिससे बच्चों के नेत्रों को नुकसान पहुंचा है क्योंकि अधिक समय तक मोबाइल द्वारा कार्य किया वर्तमान समय में देखने में आया है कि अधिकतर बच्चों की आंखें कमजोर हो गई हैं और अधिक देर तक मोबाइल देखने की आदत को बदलने सलाह दी है अतः हमें उनका परी क्षण कराकर उपचार कराएं। शिविर में जिला मंत्री सेवा भारती चंचल गोयल, जिलाध्यक्ष डा. राज तायल, जिला सेवा प्रमुख देशपाल मलिक, विद्या भारती के जिला प्रमुख अनिल मलिक, प्रधानाचार्य बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज रविंद्र कुमार, प्रधानाचार्य संजय कुमार सैनी, आचार्य सुनील कुमार सैनी, सुधीर कुमार, शिवकुमार धीमान, आशीष जैन, करुणकांत शर्मा आदि उपस्थित रहे। उधर सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कालेज में जन कल्याण सेवा ट्रस्ट समिति द्वारा शुक्रवार को योग एवं संस्कृति कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ समाजसेवी विजय कौशिक ने किया। समिति ने विद्यालय की मेधावी छात्राओं परी गर्ग, प्रगति और उर्वशी को 2100-2100 रुपये की छात्रवृत्ति देकर सम्मानित किया। योग शिक्षक सुमित गुप्ता ने योगासन कराये और योग के महत्व पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर देशपाल जिला सेवा प्रमुख, अनिल मलिक विद्या भारती जिला प्रमुख, सुनीत गर्ग, आकाश कपिल, रूपेश कुमार, संजीव कुमार कविता गुप्ता, अशोक कोरियर, कुलश्रेष्ठ सैनी, उमेश खुरगान, अरूण जैन आदि उपस्थित थे।

## भाषण प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा, पाया सम्मान

**मुजफ्फरनगर, 07 अक्टूबर (बु.)।** शुक्रवार को माध्यमिक विद्यालयों में सप्तम आयुर्वेद दिवस कार्यक्रम के अन्तर्गत हर दिन हर घर आयुर्वेद विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक गजेन्द्र सिंह के निर्देशों के बीच में नगर पालिका कन्या इंटर कॉलेज में सप्तम आयुर्वेद दिवस अभियान के अंतर्गत हर दिन हर घर आयुर्वेद पर भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कु. आयशा कक्षा12 को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज सिकंदरपुर में भाषण प्रतियोगिता में सिमरन एवं तनिषा क्रमश प्रथम व द्वितीय स्थान पर रहे। इसके अलावा राजकीय इंटर कॉलेज गढ़ी शेखावत में हर दिन हर घर आयुर्वेद विषय पर भाषण प्रतियोगिता में पवन कुमार एवं शबा सैफी का चयन किया गया। वहीं महर्षि दयानंद इण्टर कॉलेज दूधाहेडी में कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रधानाचार्य द्वारा सम्मानित किया गया। वहीं शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज बुडीना कलां और आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज मुजफ्फरनगर में संचारी रोग नियंत्रण अभियान कार्यक्रम के तहत अंताक्षरी व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. शिवानी कक्षा 11 ने प्राप्त किया।



धीमानपुरा रेलवे फाटक की जेसीबी मशीन से मरम्मत करते हुए रेलवे के कर्मचारी। -फोटो बुलेटिन

# रेलवे फाटक की मरम्मत के कारण रातभर लगा रहा जाम

**शामली, 7 अक्टूबर (बुस.)।** शहर से गुजरते एमएसके रोड़ पर उत्तर रेलवे के धीमानपुरा फाटक पर गुरुवार को रातभर चले मरम्मत कार्य के चलते बाईपास पर ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रही। जिसकी वजह से रातभर दूर प्रांतों की ओर आने-जाने वाले सैंकड़ों वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर के धीमानपुरा रेलवे फाटक पर भारी वाहनों के आवागमन के कारण पिछले समय में सड़क पर ज्वाइंट के लिए लगाई गई लोहे की प्लेटें दब गई और पटरियों के बीच का फर्श बैठ जाने के कारण वाहनों विशेष तौर से स्कूटर, बाइक आदि को भारी परेशानी उठानी पड़ी रही थी।

फाटक की मरम्मत के लिए रेलवे के पथ निर्माण डिवीजन ने 11 घंटे का ब्लाक लिया, जिसके कारण बीती रात्रि 9 बजे से शुक्रवार सवेरे 8 बजे तक फाटक पर वाहनों का आवागमन बंद रहा। रेलवे के दर्जनों कर्मचारियों, श्रमिकों ने इंजीनियरों की देखरेख में फाटक के बीच के फर्श को जेसीबी मशीनों से उखाड़कर रेलवे लाइनों को ऊंचा उठाया और लोहे की प्लेटों के नीचे लगी लोहे की गर्डरों को फिर से प्लेटफार्म बनाकर पक्का किया।

रेलवे फाटक की मरम्मत कार्य रात भर चलने के कारण शहर के एमएसके रोड़ से गुजरने वाले वाहनों को विजय चैंक और अजंता चैंक से रेलपार बाइपास के लिए डायवर्ट किया गया, जिससे रातभर बाइपास पर भारी वाहनों की कई किलोमीटर लंबी कतारें लगी रही। दूसरे प्रदेशों और जनपदों के जो वाहन चालक गलती से घीमानपुरा फाटक की ओर निकल आए घंटों शहर की सड़कों पर भटकते रहे।

रेलवे फाटक की मरम्मत के चलते 01622 सहारनपुर-दिल्ली पैसेंजर और 19609 उदयपुर-ऋषिकेश योगनगरी एक्सप्रेस ट्रेनों को धीमी गति से निकाला गया। पटक बंद होने के चलते सवेरे स्कूल आने-जाने वाले बच्चों, शिक्षकों, शिक्षिकाओं और अन्य लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा, जिस कारण सारा दिन जाम लगा रहा और लोगों का पूरा दिन जाम में मुहाल हो गया।

## मुजफ्फरनगर मंडी के भाव

**मुजफ्फरनगर, 07 अक्टूबर, (बु.)।**

मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः-

चाकू 1511-1561, लड्डू 1625-1641, खुरपापाड़ 1500-1515, शक्कर मसाला 1600-1630, आमद- 2000 मन।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 07 अक्टूबर, (बु.)। सोना-चांदी के भाव इस प्रकार रहे:-**

**सोना- 52,650 चांदी-61,500**
**सिक्का- 70,750 गिन्नी- 41,500**

# कोर्ट के निर्देश पर 13 अपराधी जिले के बाहर रहेंगे

**शामली, 7 अक्टूबर (बुस.)।** पुलिस, प्रशासन ने अपराधियों पर शिकंजा कस दिया है। 13 अपराधियों को पुलिस की रिपोर्ट के बाद अपर जिलाधिकारी कोर्ट से जिला बदर कर दिया गया है। इन सभी को पांच-पांच माह की अवधि तक जिले बदर करने का आदेश जारी किया है। इस अवधि में वह जिले में भ्रमण करते हुए दिखाई दिए तो उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिला पुलिस, प्रशासन असामाजिक तत्वों और समाज के सभ्य लोगों को डराने धमकाने वाले अपराधियों के विरुद्ध समय- समय पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में झिंझाना थाना क्षेत्र के गांव टपराना निवासी 13 आपराधिक तत्वों के विरुद्ध गुंडा एक्ट के तहत अपर जिलाधिकारी संतोष कुमार सिंह ने जिला बदर के निर्देश दिए हैं। 30 सितंबर 2022 से पांच माह के लिए गांव टपराना निवासी सावेज पुत्र उमरदराज, रियासत पुत्र सईद, साजिद पुत्र कालू, माशूक अली पुत्र रफी, कासिम पुत्र कालू, नजाकत पुत्र सदाकत, अजीम पुत्र अन्सार, नासिर टेलर पुत्र साबिर, डा. अय्याज पुत्र रियाज, नफीस पुत्र हनीफ, शमशेर पुत्र उमरदराज और नावीद पुत्र जमीर शामिल हैं। ज्ञात हो विगत वर्ष मार्च में गांव टपराना में दबिश के दौरान सैंकड़ों लोगों ने दबिश के लिए गई झिंझाना पुलिस टीम पर धावा बोल दिया था, जिसमें पुलिस से मारपीट, वाहनों में तोड़फोड़ की गई थी। घटना के संबंध में थाना झिंझाना पुलिस ने 20 मार्च 2021 को आरोपियों के विरुद्ध मारपीट, सरकारी कार्य में बाधा, तोड़फोड़ को लेकर 7 क्रिमनल ला एक्ट, धारा-3 सार्वजनिक स्थान पर तोड़फोड़ का मुकदमा दर्ज किया गया था, जिनके विरुद्ध पुलिस ने गुंडा एक्ट के तहत अपर जिलाधिकारी कोर्ट में जिला बदर की अर्जी लगाई थी। सूत्रों के अनुसार उक्त आरोपियों ने सुनवाई के दौरान अपने आपको को पीएफआई का सक्रिय सदस्य भी बताया है।


शामली मार्किट के दुकानदार कूड़े के विरोध में प्रदर्शन करते हुए।

## लावारिस बाइक मिली

**मीरापुर, 8 अक्टूबर (बुस.)।** कुतुबपुर-भुम्मा मार्ग पर किसान जगबीर के खेत के पास एक लावरिस बाइक खड़ी मिली। किसान ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुँची पुलिस ने बाइक को कब्जे में लेकर थाने भेज दिया।

इंस्पेक्टर विनोद कुमार सिंह ने बताया कि बाइक बिना नम्बर की है इंजन व चेचिस नंबर के आधार पर जांच कराई जा रही है।

## आज का राशिफल

**शनिवार, 8 अक्टूबर, 2022**

**मेष**-आज दिन 11/55 बजे तक इच्छा की पूर्ति, अध्यात्म के प्रति रुचि, आहार-विहार में नवीनता, शेष समय निराशाजनक, सोचे हुए कार्य अपूर्ण, गलतफहमी के शिकार।

**वृषभ**-परिश्रम के अनुरूप सफलता, मनोभिलाषित योजना पूर्ण होने की ओर, वैवाहिक जीवन सुखद, यात्रा का प्रसंग, उत्तरदायित्व की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील।

**मिथुन**-चिरवांछित कार्यों के बनने से प्रसन्नता, सुसंदेश की प्राप्ति, परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण, रचनात्मक कृत्यों की ओर रुझान, संकल्प सिद्धि, लाभ।

**कर्क**-आज दिन 11/55 बजे तक दिनमान प्रतिकूल, अधीनस्थ सहयोगी से अभाव, वाहन से भय, शेष समय अच्छा, व्यापारिक प्रगति, उच्चाधिकारियों का सहयोग।

**सिंह**-आज दिन 11/55 बजे तक कार्यों में सफलता, शुभ विचारों का उदय, यात्रा संतोषजनक, शेष समय अशुभ, आर्थिक पक्ष से असंतोष, विरोधी प्रभावी।

**कन्या**-उन्नति का सुअवसर, विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, योजना साकार होने की ओर, प्रियजनों से विचार-विमर्श, राजनैतिक कृत्यों की ओर संलग्नता।

**तुला**-नवयोजना दृष्टिगत, व्यक्तिगत समस्याओं का समाधान, शिक्षा के क्षेत्र में सफलता, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, सुख के जरूरी साधन सुलभ, आनन्द की अनुभूति।

**वृश्चिक**-आज दिन 11/55 बजे तक कठिनाइयाँ प्रभावी, स्वास्थ्य में व्यतिक्रम, विवाद की आशंका, हानि भी, शेष समय भाग्य के पक्ष में, प्रेम संबंधों में मधुरता।

**धनु**-आज दिन 11/55 बजे तक प्रगति का सुअवसर, निराशा का समापन, नवसम्पर्क उपयोगी, लाभ, शेष समय में ग्रहस्थिति भाग्य के विपरीत, पारिवारिक कलह।

**मकर**-अभीष्ट सिद्धि हेतु प्रयास, साझेदारी से लिया गया निर्णय हितकर, प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, उत्साह में वृद्धि।

**कुम्भ**-परिस्थितियाँ भाग्य के पक्ष में, निजी पुराने विवाद का समापन, मनो-विनोद के अवसर प्राप्त, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु अधिक व्यय, आपकी सौहार्द।

**मीन**-आज दिन 11/55 बजे तक स्वास्थ्य में शिथिलता, दिनचर्या अव्यवस्थित, मित्रों से तनाव, शेष समय में निराशा का समापन, दूसरे की आश्वासनों से राहत।

**विमल जैन**, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

# अयोध्या नरेश का हुआ राजतिलक

**शामली, 7 अक्टूबर (बु.)।** श्री हनुमान टीला पर चल रहे 53वें रामलीला महोत्सव में भरत मिलाप और भगवान राम के राजतिलक की लीला का मंचन किया गया। रावण से युद्ध जीतकर लौटे श्रीराम का स्वागत किया गया। इसके बाद कलाकारों को सम्मानित कर रामलीला का समापन किया गया। बीती देर रात्रि श्रीराम लीला के मंच निर्देशक आदेश शर्मा, दिनेश पाठक, जोगेंद्रपाल सेठी सम्मानित किया गया। श्रीराम लीला में अभिनय करने वाले कलाकारों को भी पुरस्कृत किया गया। जिसमें राधेश्याम शास्त्री की स्मृति में उनके पुत्र मनोज मित्तल ने भगवान श्रीराम व हनुमान जी का अभिनय करने वाले कलाकारों को सम्मानित किया गया। इससे पूर्व भरत मिलाप और भगवान राम के राजतिलक की लीला का मंचन किया गया। जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष सतेन्द्र तोमर, हनुमान टीला के अध्यक्ष सलिल द्विवेदी, धर्मेन्द्र काम्बोज, प्रतीक अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भगवान श्रीराम का तिलक कर धर्मलाभ उठाया। इस दौरान कालाकारों द्वारा प्रभु श्रीराम के भजनों पर नृत्य भी प्रसस्तु किया। जिसके बाद रामलीला का समापन किया गया। इस अवसर पर रमेश धीमान, शरद द्विवेदी, आदेश शर्मा, पुनीत द्विवेदी, जोगेंद्र पाल सेठी, सुनील अरोरा, बृजमोहन शर्मा, सुशील संगल, रवि संगल आदि मौजूद रहे।

## महिला को मारपीट कर घायल किया

मीरापुर, 7 अक्टूबर (बुस.)। क्षेत्र के गांव कुतुबपुर निवासी कविता पत्नि रामबीर ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि वह अपने हिस्से की भूमि में मकान का निर्माण कार्य करा रही थी। आरोप है कि इस दौरान उसके परिवार के ही करीब आधा दर्जन लोगों ने उस पर लाठी-डंडे से हमला कर उसे घायल कर दिया। पीड़िता के अनुसार उक्त लोग उसकी भूमि पर कब्जा करना चाहते हैं। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया है। इस बारे में जब पुलिस से जानकारी ली गयी तो पुलिसकर्मियों का कहना है कि जांच कर यथासम्भव कार्यवाही की जायेगी।

# दुकान का कचरा सड़क पर फेंकने के विरोध में प्रदर्शन

**शामली, 7 अक्टूबर (बुस.)।** एक मिठाई विक्रेता द्वारा मार्किट के बाहर कूड़े के ढेर फेंकने से नाराज दुकानदारों ने नगर पालिका के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। उन्होंने कूड़े के ढ़ेर से मार्किट में आने वाले लोगों व मरीजों को हो रही परेशानियों का समाधान निकाले जाने की मांग की है। शुक्रवार को हनुमान रोड स्थित शामली मार्किट के बाहर एक मिठाई विक्रेता द्वारा सवेरे भारी मात्रा में दुर्गंध भरा कूडा करकट फेंक दिया गया। जिसको नगर पालिका सफाई कर्मियों द्वारा समय से न उठाये जाने के कारण मार्किट में पहुंचे दुकानदारों द्वारा भारी परेशानियों का सामना करना पडा। कूड़े में दुर्गंध इतनी भीषण थी कि लोगों को आने जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पडा और मार्किट के आने जाने का रास्ता पूरी तरह से बंद हो गया। जिसके बाद मार्किट के लोगों ने कूड़े को सडक के बीच कर दिया। दुकानदारों ने नगर पालिका के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पूर्व एक मिठाई की दुकान खुली है, जिसके कर्मचारियों द्वारा लगातार कूड़े के ढेर डाले जा रहे है, जिससे संक्रमण बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है, जिससे लोगों में भय बना हुआ है। उन्होंने प्रशासन से कार्यवाही की मांग की है। उन्होंने मामले में जांच कराकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। इस अवसर पर डा. अर्जुन वर्मा, डा. उमंग अग्रवाल, डा. सुक्रमपाल, नीरज शर्मा, अमनदीप, सुनील बालियान, राजकुमार, राज पारचा, राजीव, संजीव लोहान मौजूद रहे।

## बुढ़ाना एसडीएम ने निकाय चुनाव संबंधी बैठक में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**बुढ़ाना, 7 अक्टूबर (बुस.)।** अगले महीने या फिर इस साल के आखिरी महीने दिसंबर में प्रस्तावित नगर निकाय चुनाव की तैयारियां अब पूरी जोर पकड़ने लगी है। निकाय चुनाव की मतदाता सूचियों को पुनरीक्षित कराने के लिए बीएलओ की तैनाती के साथ ही उन्हें पुरानी वोटर लिस्ट उपलब्ध कराकर पुनरीक्षण कार्य शुरू कराने का कार्यक्रम अंतिम दौर में है। जिससे अब बुढ़ाना कस्बे में नगर निकाय चुनाव की हलचल तेज हो गई है। इसी के चलते तहसील परिसर में स्थित बार एसोसिएशन बुढ़ाना के सभागार में शुक्रवार के दिन बुढ़ाना एसडीएम अरुण कुमार श्रीवास्तव द्वारा निकाय चुनाव से संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों की एक आवश्यक बैठक ली गई। जिसमें उन्होंने बताया कि निकाय चुनाव को लेकर शासन की ओर से तेजी से तैयारी चल रही हैं। बीएलओ घर घर जाकर पूरानी मतदाता सूची के आधार पर नयी वोटें बनाने का काम कर रहे हैं। इसके आधार पर ही नए मतदाताओं का नाम जुड़वाने और मृतक व शिफ्टेड वोटरों का नाम सूची से हटाने का आवेदन फार्म भरवाकर सूची में दर्ज नाम पतों को दुरुस्त कर मतदाता सूची तैयार करेंगे। यहां पर उन्होंने निकाय चुनाव के संबंध में अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए और कार्य में तेजी लाने को भी कहा। इस दौरान तहसीलदार सतीश चंद्र बघेल भी उपस्थित रहे।






# एसडी कॉमर्स में एक बार फिर छात्राओं ने लहराया अपनी सफलता का परचम

**मुजफ्फरनगर, 7 अक्टूबर (बुस.)।** चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा एमकॉम अन्तिम वर्ष का परीक्षाफल घोषित किया गया, जिसमें एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स के एमकॉम अन्तिम वर्ष का परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा एवं इस बार भी छात्राओं ने अपने वर्चस्व को कायम रखते हुए प्रथम दो स्थानों को अपने नाम किया। प्रियंका रॉयल ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर उदिता गोयल ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त किये एवं तीसरे स्थान पर योगेश ने 77 प्रतिशत अंक प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम गौरान्वित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय में इन सभी छात्र/छात्राओं को प्राचार्य द्वारा एमकॉम की परीक्षा में उनके श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए स्मृति चिन्ह व प्रशषतिपत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। छात्र / छात्राओं ने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन का श्रेय अपने माता-पिता व महाविद्यालय के समस्त अध्यापकों को दिया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. रवि अग्रवाल व सभी शिक्षकों ने छात्र / छात्राओं को शुभकामनाएं दी और छात्र / छात्राओं को भविष्य में भी इसी प्रकार उन्नति करने हेतु प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. सचिन गोयल ने इस अवसर पर बताया कि महाविद्यालय में सभी छात्र/छात्राओं को शैक्षणिक पाठ्यक्रम के साथ-साथ उनके विकास में सहायक सभी प्रकार की तकनीकी, सामाजिक व सांस्कृतिक गतिविधियों का वातावरण भी उपलब्ध कराया जाता है, जिससे की छात्र / छात्राएं हर क्षेत्र में अपना वर्चस्व स्थापित कर सके। सभी ने छात्र-छात्राओं की सफलता पर खुशी व्यक्त की और आशा व्यक्त की कि छात्र और भी आगे बढ़ेंगे। वाणिज्य संकाय के डॉ. नवनीत वर्मा, डॉ. सुरेश चन्द शुक्ला, डॉ. रिंकु एस गोयल, डॉ. अतुल वर्मा, डॉ. अजय महेश्वरी, डॉ. माधुरी अरोरा, अमन वर्मा, मानसी अरोरा, नुपुर अरोरा, डॉ. मौ. नदीम, डॉ. जगमोहन सिंह, प्रशान्त, प्राची चौधरी, कृष्ण कुमार आदि मौजूद रहे ।

# पुलिस सुरक्षा के बीच जुमे की नमाज सकुशल संपन्न

**कैराना, 7 अक्टूबर (बुस.)।** पीएफआई पर बैन लगने के बाद संवेदनशीलता को देखते हुए शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर नगर के सभी संवेदनशील स्थानों व मुख्य मस्जिदों पर पुलिस एवम पीएसी बल तैनात किया गया। नमाज के दौरान पुलिस गस्त करती रही। शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर शहर के सभी संवेदनशील स्थानों व मुख्य मस्जिदों पर पुलिस बल की तैनाती रही। हालांकि कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नगर में जुमे की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में सकुशल संपन्न हो गई। नमाज को लेकर जनपद पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा पल-पल की अपडेट लेते रहे। पुलिस व प्रशासनिक अफसरों ने खुफिया एजेंसियों से मिले इनपुट व सरकार द्वारा अलर्ट जारी करने के बाद एहतियात के तौर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की। उधर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पंकज त्यागी ने बताया कि आगामी दीपावली पर्व को लेकर पुलिस पहले से सतर्क है। समय समय पर पुलिस पेट्रोलिंग भी कर रही है। चेकिंग अभियान भी चलाया जा रहा है। जुमे की नमाज शांति पूर्ण संपन्न हुई। उन्होंने कि कोई भी संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे तो पुलिस को तत्काल सूचना दे। वही नमाज शांति पूर्वक संपन्न होने के बाद पुलिस-प्रशासन ने राहत की सांस ली।

## गोल्डन पब्लिक स्कूल में साइबर क्राइम से बचाव हेतु जागरूकता गोष्ठी का आयोजन

**मुजफ्फरनगर, 7 अक्टूबर (बुस.)।** पचेंडा रोड स्थित गोल्डन पब्लिक स्कूल में साइबर क्राइम से बचाव हेतु एक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 5 से 12वीं तक की छात्राओं को इंस्पेक्टर रेनू सक्सेना ने साइबर क्राइम से सुरक्षा हेतु व्यवहारिक टिप्स दिए। उन्होंने छात्राओं को जागरूक किया कि वह वेबसाइट के प्रयोग करने से पूर्व उसके यूआरएल के सिक्योर कनेक्शन (सुरक्षित संचालन) को चेक कर ले। पासवर्ड निर्माण विधि पर एवं एक अवधि के पश्चात उसमें परिवर्तन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। अज्ञात, असुरक्षित सॉफ्टवेयर, डाउनलोड तथा ऐसी साइट से बचें। जरूरी डाक्यूमेंट्स का बैकअप के अलावा अनजान लिंक से बचने की सलाह दी। गूगल प्ले स्टोर या ऐप स्टोर के सुरक्षित ऐप ही डाउनलोड करें। प्रधानाचार्या ने सभी का आभार व्यक्त किया।


अवैध पटाखों के साथ पकड़ा गया ईरिक्शा चालक। -फोटो बुलेटिन

# ट्रांसपोर्ट से मंगाए लाखों रुपये के अवैध पटाखों सहित एक पकड़ा

**शामली, 7 अक्टूबर (बुस.)।** कोतवाली पुलिस ने अग्रसैन पार्क के निकट अवैध पटाखों को ले जाते एक व्यक्ति को दबोच लिया गया, जिसके पास से भारी मात्रा में अवैध पटाखे बरामद किए गए है। पटाखों को दीपावली पर बेचने के लिए एक व्यापारी द्वारा ट्रांसपोर्ट के माध्यम से मंगवाया गया था। आगामी त्यौहारों को देखते हुए एसपी अभिषेक द्वारा अवैध पटाखों के निर्माण व विक्रय करने वाले लोगों पर पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। शुक्रवार को कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक ई-रिक्शा में अवैध पटाखे लेकर जा रहा है। जिस पर पुलिस ने अग्रसैन पार्क के निकट पटाखों को लेकर जा रहे सोमपाल निवासी खेडीकरमू को दबोच लिया। जिसके पास से पटाखों से भरे नौ कार्टन (पेटी) बरामद किए गए, जिनमें फुलझडी, चरखी, अनार आदि शामिल हैं। पकडे गए युवक को पुलिस ने पटाखों सहित हिरासत में लिया। जिसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया। बताया जाता है कि पटाखों को शिवाजी पार्क निवासी एक व्यापारी द्वारा ट्रांसपोर्ट के माध्यम से मंगवाया गया था, जिनको दीवाली पर बेचा जाना था।

# एमकॉम द्वितीय वर्ष के परीक्षा परिणाम में छात्राओं ने मारी बाजी

**मुजफ्फरनगर, 7 अक्टूबर (बु.)।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय द्वारा एमकाम द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ, जिसमें श्रीराम कॉलेज, मुजफ्फरनगर की छात्राओं ने तीनों शीर्ष स्थान पर अपना कब्जा किया। एमकाम सत्र 2020-22 द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने परीक्षाफल में उत्तम अंक प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। एमकाम सत्र 2020-22 के द्वितीय वर्ष में आयुषी बंसल ने 83.43 प्रतिशत अंकों से प्रथम स्थान, शीबा ने 82.57 प्रतिशत अंकों से द्वितीय स्थान तथा सिद्दि रानी ने 80.43 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान, निक्की 80.29 ने चतुर्थ और ईशा चौधरी ने 79.50 प्राप्त कर पांचवां स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। समस्त छात्र-छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय कॉलेज के शिक्षकगणों की कड़ी मेहनत, माता-पिता के आशीर्वाद और परिजनों की शुभकामनाओं को दिया। इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज की प्राचार्य डॉ. प्रेरणा मित्तल ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनायें तथा आशीर्वाद प्रदान किया। कॉलेज के निदेशक डॉ. अशोक कुमार ने सभी छात्राओं को उनकी सफलता के लिये आशीर्वाद देते हुये कहा कि छात्राओं की सफलता उनकी पढाई के प्रति लगन व कड़ी मेहनत का परिणाम है। डीन मैनेजमेंट पंकज शर्मा तथा श्रीराम कॉलेज के आईक्यूएसी के समन्वयक डॉ. विनीत शर्मा ने सभी छात्र-छात्राओं को उनकी सफलता पर बधाई दी। विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सौरभ मित्तल ने सभी विद्यार्थियों को अच्छे अंक प्राप्त करने पर शुभकामनायें दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विभाग के सभी प्रवक्तागण डॉ. एमएस खान, मुकेश कुमार, पूजा चौधरी, पुनम शर्मा, गरिमा सिंह, श्वेता गर्ग, नैना बंसल, ईशिता गुप्ता, जैबा ताहिर, सौफिया राणा, अनिका एवं प्रतिशा पँवार आदि उपस्थित रहे।







मुजफ्फरनगर बुलेटिन



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक- अंकुर दुआ
डिप्टी सम्पादिका-श्रीमति पूजा दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
विज्ञापन-9368549219 (नि.) 7983359929,
सम्पादक- 9412210257
e-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुजफ़्फ़रनगर बुलेटिन

संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा

शनिवार, 08 अक्टूबर 2022

### इकलौता बेटा बना हैवानः पिता की मौत, मां घायल

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के फतेह नगर में एक कारोबारी ने अपने बुजुर्ग माता-पिता पर सोते समय जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी ने हथौड़ा, चाकू और पेचकस से ताबड़तोड़ हमला कर दोनों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस हमले में गंभीर रूप से घायल पिता की मौत हो गई, जबकि मां को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस ने इस हत्याकांड का खुलासा करते हुए आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है।

# नए परिसीमन के आधार पर ही होंगे पालिका चुनाव

- खतौली का सर्वे करीब पूरा, शहर में सर्वे कार्य हुआ तेज
- नए वार्डों के गठन के लिए ओबीसी की गिनती जारी
- ओबीसी के आधार पर ही होगा आरक्षण का फैसला

**मुजफ्फरनगर, 7 अक्टूबर (बु.)।** आगामी नगर निकाय चुनाव सीमा विस्तार वाले इलाकों को शामिल कर-के ही होंगे। इसके लिए प्रशासन ने कमर कस कर तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके लिए मुजफ्फरनगर और खतौली नगर पालिकाओं और जानसठ नगर पंचायत में सीमा विस्तार के नजरिए के साथ सर्वेक्षण और वार्डों के गठन को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। अपर जिलाधिकारी प्रशासन का कहना है कि इसे लेकर अक्टूबर तक सभी कार्य पूरे कर लिए जाएंगे। राज्य निर्वाचन आयोग और प्रदेश शासन से नगर निकाय चुनावों को लेकर तैयारियों के लिए की जा रही कसरत के बीच इस बार नए परिसीमन के आधार पर ही चुनाव की तैयारियां की जा रही हैं। जिले में मुजफ्फरनगर, खतौली नगर पालिकाओं और जानसठ नगर पंचायत का सीमा विस्तार पिछले दिनों किया गया था। एडीएम प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि इसके चलते नए और सीमा विस्तार वाले निकायों में विस्तार वाले हिस्सों को मिलाकर वार्डों में रैपिड सर्वे यानी पिछड़ों की गिनती का काम पूरा कराते हुए अक्तूबर में ही कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया है। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि खतौली नगरपालिका का सीमा विस्तार होने के बाद उनके वार्डों का सर्वे लगभग पूरा कर लिया गया है। एक दो दिन में यह काम पूरा हो जाएगा। दूसरी ओर मुजफ्फरनगर नगर पालिका का सीमा विस्तार का निर्णय थोड़ा विलंब से होने का के कारण यहां नए सिरे से परिसीमन कर वार्डों की संख्या में बढ़ोतरी के के लिए सर्वे में तेजी लाई जा रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि अक्टूबर के अंत तक मुजफ्फरनगर पालिका के विस्तृत इलाके का सर्वे भी पूरा कर रिपोर्ट शासन को भेज दी जाएगी। शासन ने नव गठित निकायों में वार्डों के गठन के साथ वहां पिछड़ों की गिनती का काम पूरा करने का निर्देश दिया है। वार्ड या निकाय अध्यक्ष सीट आरक्षण के लिए ओबीसी की गणना के आधार पर आरक्षण होगा। नगर विकास विभाग के निर्देश हैं कि नवंबर के दूसरे हफ्ते तक आरक्षण कार्य पूरा कर लिया जाए।




### प्रत्याशियों के लिए खर्च सीमा बढ़ाई

मुजफ्फरनगर। आगामी निकाय चुनाव की तैयारियों के बीच निर्वाचन आयोग ने नगर निकायों के लिए खड़े होने वाले चेयरमैन और वार्ड सभासद प्रत्याशियों के लिए खर्च सीमा भी तय कर ली है। यह सीमा पिछले चुनाव के मुकाबले काफी बढ़ा दी गई है। नए आदेश के अनुसार अब खर्च सीमा इस प्रकार होगी-

अध्यक्ष नगर पालिका 25 से 40 वार्ड के निकायों में: 9 लाख
41 से 55 या अधिक वार्ड के निकायों में: 12 लाख
सदस्य नगर पालिका 2 लाख
अध्यक्ष नगर पंचायत 2.50 लाख
सदस्य नगर पंचायत 50 हजार

## नगर पालिका चेयरमैन के बाद अब स्टेनो पर लटकी तलवार

**मुजफ्फरनगर, 07 अक्टूबर (बु.)।** पालिका में चली आ रही खींचतान के बीच विवादों का क्रम तमाम प्रयासों के बावजूद भी थमने का नाम नहीं ले रहा है। पालिका की इस रार के केन्द्र में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के बीच शासन के रडार पर आई पालिका चेयरमैन के बाद अब पालिका के आशु लिपिक पर भी शासन स्तर से शिंकजा कसने जा रहा है। नगर पालिका परिषद की इस रार के बीच पर्दे के पीछे हर मामले में चर्चा के केन्द्र में रहे आशु लिपिक के खिलाफ शासन की ओर से शुरू कार्रवाई के बीच उनके खिलाफ कभी भी कार्रवाई हो सकती है। शासन स्तर से हुई अब तक की जानकारी में विशेष सचिव ने डीएम को पालिका के आशु लिपिक के खिलाफ जांच करते हुए कड़ी कार्रवाई किए जाने के आदेश दिए जाने के साथ ही शासन को सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। बीते कई वर्षो से पालिका में बतौर आशु लिपिक के रूप में नियुक्त गोपाल त्यागी नगर पालिका में चेयरमैन के स्टेनो का कार्य कर रहे हैं, जिसे लेकर पूर्व में शासन स्तर पर वार्ड सभासद की ओर से शिकायत की गई है।

मुजफ्फरनगर नगर पालिका परिषद का बीते पांच वर्षो का कार्यकाल विवादों के घेरे में रहा है। टिपर घोटाले से लेकर जिला अस्पताल के बाहर रखे कंपेक्टर व अन्य निर्माण कार्यो को लेकर चर्चा के केंद्र में है। पालिका में चल रहे शह-मात के इस खेल में नित नए विवादों के चलते नगर में विकास की गति परवान चढ़ने से कई बार बाधित हुई। ऐसे ही विवादों के चलते बीते दिनों नगर पालिका के वार्ड 17 के सभासद राजीव शर्मा ने शासन को आशु लिपिक गोपाल त्यागी के विरुद्ध शिकायत की है। सभासद ने इस मामले में बताया कि गोपाल त्यागी नगर पालिका में बतौर आशु लिपिक के रूप में कार्यरत हैं, लेकिन वह बिना किसी प्रस्ताव को शासन स्तर पर स्वीकृत करने के बजाए सीधे नगर पालिका में स्टेनो के रूप में कार्य कर रहा है। उनका आरोप है कि पालिका में हुए इस टिपर वाहन घोटाले में उसके विरुद्ध शहर कोतवाली पुलिस ने चार्जशीट भी भेज दी है। इसके अलावा नगर पालिका कन्या इंटर कॉलेज प्रकरण में भी इनके खिलाफ पूर्व में मुकदमा दर्ज है। सभासद की शिकायत पर अब शासन स्तर से नगरीय विकास के विशेष सचिव सुनील कुमार चौधरी ने नगर पालिका के आशु लिपिक गोपाल त्यागी के खिलाफ डीएम को जांच कर कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने डीएम को निर्देश दिए है कि गोपाल त्यागी के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई करते हुए शासन को अवगत कराए जाने के निर्देश दिए हैं। विशेष सचिव का जनपद मुख्यालय पर पत्र आने से गोपाल त्यागी के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी तेज हो गई है।अब देखना होगा कि आने वाले दिनों में नगर पालिका की राजनीति में किस पर

## नगर निकाय वोटर लिस्टों को अंतिम रूप देने का काम तेज

**मुजफ्फरनगर ।** निकाय चुनाव की तैयारियों के बीच अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह द्वारा अपने कार्यालय में नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2022 के सम्बन्ध में एक बैठक ली गई। इसमें अपर जिलाधिकारी द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग उप्र के निर्देशानुसार नगरीय निकायों की निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण हेतु जनपद में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर वर्तमान निर्वाचक नामावली में वृद्धि, शुद्धि, विलोपित होने वाले नामों तथा नये मकानों तथा वर्तमान निर्वाचक नामावली में छूटे हुए मकानों के निर्वाचकों के नामों की जांच और परिवर्धन का जो कार्य किया जा रहा है, की प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा की गयी तथा नगरीय निकायों की निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण हेतु विशेष अभियान 9 अक्टूबर रविवार को समस्त बीएलओ, सुपरवाईजर एवं सैक्टर ऑफिसर को निर्देशित किया गया कि वे घर-घर जाकर वर्तमान निर्वाचक नामावली में वृद्धि, शुद्धि, विलोपित होने वाले नामों तथा नये मकानों व वर्तमान निर्वाचक नामावली में छूटे हुए मकानों के निर्वाचकों के नामों की जांच और परिवर्धन का कार्य करेंगे यदि कोई भी बीएलओ, सुपरवाईजर एवं सैक्टर ऑफिसर विशेष अभियान के अन्तर्गत अनुपस्थित पाया जाता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही अमल मे लायी जायेगी साथ ही अपर जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त मतदान स्थल की भली-भाती जांच कर ली जाये यदि कोई मतदान स्थल जर्जर अवस्था में है तो उसका प्रस्ताव बनाकर भेजें और यदि किसी मतदान स्थल पर मतदाताओं की संख्या 1050 से अधिक है तो ऐसे मतदान स्थलों को चिन्हित कर अन्य मतदान स्थल की व्यवस्था करायी जाये। एडीएम ने बताया कि अभी मौजूदा नगरीय क्षेत्र में ही यह अभियान चलाया जा रहा है। परिसीमन के बाद आगे इन इलाकों की वोटर लिस्टों पर काम होगा। अपर जिलाधिकारी द्वारा नगरपालिका परिषद मुजफ्फरनगर व खतौली के सीमा विस्तार के सम्बन्ध मे वार्डों के परिचलन का कार्य अविलम्ब पूर्ण करने हेतु उपजिलाधिकारी सदर एंव खतौली तथा अधिशासी अधिकारी नगरपालिका परिषद खतौली को निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट अनूप कुमार श्रीवास्तव, उपजिलाधिकारी सदर परमानंद झा, उप जिलाधिकारी जानसठ अभिषेक कुमार, उप जिलाधिकारी बुढ़ाना अरूण कुमार, तहसीलदार सदर अभिषेक शाही, तहसीलदार खतौली श्रीमती आरती यादव एवं समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत मौजूद रहे।



## शुक्रवार को 17.4 मिमी बरसे बदरा, सारा दिन छाए बादल

मुजफ्फरनगर, 7 अक्टूबर (बु.)। सावन भादों सूखे रहने के बाद अब फिर से बिगड़ा मौसम शहर के लिए परेशानी का सबब बन गया है। बीती रात से बारिश के साथ आज दिन भर मौसम बिगड़ा रहा। यदा कदा हल्की बूंदाबादी के बीच ठंड का अहसास भी बढ़ गया है। नगर में आज पारा अधिकतम 28.1 और न्यूनतम 20.6 डिग्री रहा। इसके साथ ही चौबीस घंटे में 17.4 मिमी बारिश भी रिकॉर्ड की गई। बारिश के बाद एक बार फिर से शहर में तमाम स्थानों पर जल भराव और कीचड़ के नजारे देखने को मिले। इस बार मौसम की उलट बांसियों को मौसम विभाग भी नहीं समझ पा रहा है। जुलाई और अगस्त सूखा रहने के बाद सितंबर में मौसम बदला। इस माह में शुरू में मौसम सूखा रहा, लेकिन अब एक बार फिर से मौसम में आए बदलाव ने ठंडक का अहसास बढ़ा दिया। बीती रात से ही बूंदाबांदी के साथ मौसम में परिवर्तन नजर आ रहा था। इसके बाद रात में कई स्थानों पर जमकर बारिश हुई। इसके चलते शहर में गन्ना शोध केंद्र पर 17.4 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। बारिश हालांकि सुबह के समय थम गई, लेकिन इसके साथ कीचड़ और गंदगी का माहौल एक बार फिर तमाम स्थानों पर नजर आया। अनेक स्थानों पर जलभराव के हालात भी दिखाई दिए। मौसम में इस बदलाव के साथ ठंडक का अहसास भी बढ़ गया है। दिन में आज धूप के दर्शन नहीं के बराबर हुए। इसके चलते तापमान भी गिरकर अधिकतम 28.1 और न्यूनतम 20.6 डिग्री पर रहा। मौसम विज्ञानियों के अनुसार चक्रवात ने मानसून को आगे खिसका दिया है। दिल्ली-एनसीआर में भी 10 अक्तूबर तक बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग का कहना है कि उत्तर प्रदेश समेत पूर्व और मध्य भारत में मानसून अभी सक्रिय है। 10 अक्तूबर तक बारिश की गतिविधियां जारी रहेंगी। उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में 11 अक्टूबर, हरियाणा में आठ से नौ अक्टूबर, पूर्वी राजस्थान में 9 अक्टूबर और पश्चिमी मध्य प्रदेश में 10 अक्टूबर तक बारिश होने की संभावना है।

### सलमान पर हमले के लिए निकले दो संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

नई दिल्ली, 7 अक्टूबर (वार्ता)। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को बड़ी कामयाबी मिली है। स्पेशल सेल ने नौ मई को मोहाली में पंजाब पुलिस के इंटेलिजेंस हेड क्वार्टर पर हुए आरपीजी हमले में वॉन्टेड एक आरोपी सहित दो संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। स्पेशल कमिश्नर एचजीएस धालीवाल ने बताया कि गिरफ्तार किया गया एक अन्य आरोपी अर्शदीप सिंह है, जो पंजाब और हरियाणा के एक मामले सहित दो गंभीर मामलों में वांछित है। दोनों मामलों में आरोपियों के पास से आईईडी, ग्रेनेड बरामद किया गया है। साथ ही उन्होने बताया कि आईएसआई जैसी सीमा पार एजेंसियां यहां आतंक बढ़ाने के लिए भगोड़ों का इस्तेमाल करने की पूरी कोशिश करती हैं। उनसे पूछताछ में जानकरी मिली की दीपक और मोनू डागर को सलमान खान को निशाना बनाने का काम सौंपा गया था, लेकिन उनका मुख्य ध्यान उस समय प्रतिद्वंद्वी गिरोह का मुख्य शूटर राणा कंडोवालिया था। यह एक प्रमुख प्रतीकात्मक कार्य था।

### लालू यादव के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

नई दिल्ली।, 7 अक्टूबर (वार्ता)। राजद सुप्रिमो की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। सीबीआई ने लालू यादव के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी गई है। आरोपपत्र लैंड फॉर जॉब मामले में दाखिल की गई है। चार्जशीट में सीबीआई ने लालू प्रसाद के अलावा राबड़ी देवी और 14 अन्य को आरोपी बनाया है। 2004-09 के बीच लालू प्रसाद यूपीए सरकार में रेल मंत्री थे।

### बाइक हादसे के दौरान बाइक सवार युवक घायल

**कांधला, 7 अक्टूबर (बु.)।** शामली के मौहल्ला दयानंद निवासी रवि पुत्र देवदत्त दयानंद अपने दोस्त लिलौन निवासी दीपक के साथ बाइक पर सवार होकर बड़ौत गए हुए थे। काम निपटाने के बाद दोनों वापस शामली लौट रहे थे। कस्बे के दिल्ली-सहारनपुर हाइवे पर एलम के निकट बाइक असंतुलित होकर सड़क पर गिर गई, जिसके चलते दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने मामले की सूचना डायल 112 पुलिस को दी। पुलिस ने घायलों को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने दोनों को मेरठ के लिए रैफर कर दिया है। जानकारी मिलने पर घायलों के स्वजन भी मौके पर आ गए थे।

## गरीब पन्नी वालों के पेट पर लात मारने को बनी कार पार्किंग?

मुजफ्फरनगर, 7 अक्टूबर (बु.)। योगी सरकार में प्रशासन की मनमर्जियां सर चढ़करबोल रही हैं और उक्त नजारा देखना हो, तो शहर की किसी भी सड़क पर देख सकते हो। चंद दिन पूर्व शहर डाकखाने के बाहर पिछले 50 वर्षों से नाली के किनारे फुटपाथ पर पन्नी बेचने वालों को अतिक्रमण का हवाला देकर हटाये जाने की पुरजोर कोशिशें की गई। कोशिशें भी ऐसी थी कि प्रशासन के नुमाइंदों के कृत्य देखकर मानवता भी शर्मसार हो जाये। कभी डांट फटकार कर तो कभी लात मारकर पन्नी वालों को हटाने का जमकर प्रयास किया गया। जब उक्त घटनाक्रम का पता मीडिया को लगा, तो लात मारने की पुष्टि करने के लिए मीडिया ने गरीब पन्नी विक्रेताओं से ओन रिकॉर्ड बात की, तो उन्होंने खुलकर कहा कि ट्रैफिक पुलिस को जहां से पैसा मिलता है, वहां अतिक्रमण कतई दिखाई नहीं पड़ता और हम गरीब 50 साल से पन्नी लगा रहे दुकानदार जब पैसा नहीं दे पाते, तो हमें लात मारी जाती है। पन्नी बेचने वाले दुकानदारों ने उक्त शिकायत सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पोर्टल पर की, तो तुरंत जांच के आदेश आये। जांच में आरोपों से घिरे ट्रैफिक विभाग के अधिकारियों ने उक्त पन्नी वालों की सभी बातों को निराधार बताते हुए उल्टा उन्हें ही घेरने की मंशा से एक और नया कृत्य कर डाला। शहर डाकखाने के बाहर जहां पन्नी विक्रेता पन्नी की दुकानें लगाते हैं, वहां कार पार्किंग का एक बोर्ड लगा दिया गया और वहां पर बाकायदा कारें खड़ी करवा दी गई। हालांकि सबकुछ कानूनी तरीके से किया गया, जिससे कोई उंगली न उठा सके, मगर एक बार फिर ट्रैफिक विभाग की मंशा साफ हो गई कि अपनी शिकायत की खीज निकालने के लिए ट्रैफिक विभाग ऐसा कर रहा है और ऐसा कहना मीडिया का नहीं बल्कि आस-पास के दुकानदारों का है। गरीबों का इतना मानसिक व आर्थिक शोषण शायद ही कभी देखने को मिला हो।

वास्तव में पूरा शहर इस समय रामभरोसे पर है, प्रशासन की जो मर्जी आये, वो करता दिखाई पड़ता है। और प्रशासन की इन हरकतों से योगी सरकार व उनके नेता पूरी तरह कमजोर दिखाई पड़ रहे हैं। प्रत्येक आम आदमी यही कहता है कि भारतीय जनता पार्टी का इतना जोरदार समर्थन करने के बाद भी शहर में आये दिन प्रशासन जिस तरह चाहता है, उस तरह से व्यापारियों का मानसिक उत्पीड? करता है और व्यापारियों को रोज-रोज नेताओं के घर का दरवाजा खटखटाना पड़ता है। कभी-कभी तो व्यापारी यह भी कहते दिखाई पड़ते हैं कि भाजपा को वोट देना मजबूरी ना हो, तो शहर के लिए पार्टी छोड़कर कोई और दमदार नेता ही एक बार चुन लिया जाये, मगर मजबूर गरीब लाचार व्यापारी अभी ऐसा करने की स्थिति में नहीं दिखाई पड़ता। अब ना जाने उक्त पन्नी विक्रेताओं का क्या भविष्य होगा, यह वास्तव में रामभरोसे ही है।



### .....आखिर टाऊन हॉल के बाहर लगे चौपाटी बाजार का अतिक्रमण क्यों नजरअंदाज कर रही है पुलिस?

मुजफ्फरनगर, 7 अक्टूबर (बु.)। शाम के 6 बजे के बाद जब आप टाऊन हॉल के बाहर लगे चौपाटी बाजार के आगे से निकलेंगे तो आप चाहे शहर के कितने भी बड़े नेता अथवा अधिकारी हो, वहां का अतिक्रमण हटवाना आपके बस की बात नहीं होगी। जी हां इस शहर में जिस अतिक्रमण को पुलिस की शह मिल जायेगी, उसे शायद कोई नहीं हटवा सकता। हालांकि यह बातें पहले भी बुलेटिन द्वारा कई बार उठाई जा चुकी हैं, मगर चार दिन की चांदनी के बाद मुजफ्फरनगर में अंधेरा ही अंधेरा दिखाई पड़ता है। अगर आपको याद हो कि अब से तीन माह पहले पुलिस प्रशासन ऐसे एक्शन में दिखाई दिया था, जैसे साऊथ की फिल्मों के हीरो, मगर कुछ दिन गुजरे तो फिर सबकुछ टांय-टांय फिस्स होता दिखाई दिया और एक्शन दिखाने वाले पुलिस प्रशासन की हवा शायद आपसी सहमति ने निकाल दी। उस दौरान दीवार से सटकर खड़े होने वाले ठेले आज वहीं फुटपाथ के बीच दिखाई पड़ते हैं और जब ठेले फुटपाथ के बीच आ जाते हैं, तो वहां स्वादिष्ट व्यंजन खाने वाले दुपहिया वाहन चालकों को यह पता ही नहीं चलता कि अब उनकी मोटरसाइकिल कहां खड़ी अथवा कहां पड़ी है और इसी दौरान वहां से गुजरने वाले चौपाहिया वाहनों को 10 बार होर्न बजाना पड़ता है और होर्न ना सुनने पर जब गाड़ी चालक नीचे उतरता है, तो दुपहिया वाहन वाले खूब दबंगई दिखाते हुए उसके साथ लड़ते और झगड़ते हैं। आये दिन इस चौपाटी बाजार में झगड़े होते साफ दिखाई पड़ते हैं, मगर पुलिस बेचारी कुछ करने को तैयार ही नहीं होती। पुराने दस्तूरों की भांति बस प्यार से सहमति बनाकर चलती फिरती नजर आती है। जब किसी दिन कोई बड़ा तांड़व होगा, तो फिर से एक बार अतिक्रमण का डण्डा घुमाने के लिए चल दिया जायेगा। बस अब इंतजार कीजिए किसी बड़े तांड़व का, तभी टाऊन हॉल के बाहर लगा अतिक्रमण पुलिस को दिखाई देगा, उससे पहले शायद ना ही दिखाई दे।

### क्या गरीब व्यापारियों के लिए आगे आयेंगे व्यापार मंडल

मुजफ्फरनगर, 7 अक्टूबर (बु.)। फुटपाथ पर बैठे पन्नी वालों के लिए भी क्या व्यापार मण्डल प्रशासन का विरोध करने लिए आगे आयेंगे या फिर फुटपाथ पर फड़ लगाने वाले व्यापारियों को खुद ही अपनी जंग अपने आप लड?ी पड़ेगी। उम्मीद तो यही है कि बड़े-बड़े व्यापार मण्डल जल्द ही इस कार्य के समाधान हेतु प्रशासन से बात करेंगे और धरना प्रदर्शन कर नेताओं को एक बार फिर आईना दिखायेंगे, मगर फिलहाल पन्नी व्यापारी आर्थिक संकट में पूरी तरह से आते दिखाई पड़ रहे हैं, क्योंकि जिस तरह से ट्रैफिक विभाग ने नया खेल खेलकर पन्नी वालों को भगाने के लिए उन्हीं के आगे कार पार्किंग की घोषणा कर दी है, उस हिसाब से तो पन्नी व्यापारियों की पूरे दिन में कमाई होना तो क्या सौ-दो सौ रुपये की बिक्री तक भी नहीं होगी। मगर सरकारी कर्मचारियों को इस बात से क्या लेना-देना, उनके खुद के पेट तो भरे हुए हैं और शायद इसी कारण उन्हें गरीबों के खाली पेट नहीं दिखाई पड़ रहे। अब कुल मिलाकर पन्नी विक्रेताओं को व्यापार मण्डलों का सहारा लेने के अलावा कोई रास्ता नहीं दिखाई पड़ रहा। पुलिस प्रशासन और नेता तो धरने प्रदर्शन के बाद ही जागते दिखाई देंगे।

## बारिश बनी अग्निवीरों के मार्ग की बाधा, दोपहर बाद हुई दौड़

मुजफ्फरनगर, 07 अक्टूबर (बु.)। मुजफ्फरनगर में चल रही अग्निवीर सेना भर्ती रैली में दूसरे दिन जिले के अभ्यर्थियों को भी शामली के युवाओं की भांति ही बारिश की बाधा से पैदा मुश्किलों से होकर गुजरना पड़ा। हालांकि रात्रि में हुई 17 एमएम बारिश ने करीब 6 घंटों की देरी से दौड़ की प्रक्रिया को तमाम विपरीत परिस्थितियों की बाधाओं को दूर करने के बाद बारिश के कारण मैदान में जलभराव और कीचड़ के कारण उक्त दौड़ को कराने के लिए घंटों तक मशक्कत करनी पड़ी। तब कहीं जेसीबी के साथ सैन्य कर्मियों और लैबर के लोगों ने लगातार करीब पांच घंटे काम किए जाने के बाद दौड़ आयोजित कराई जा सकी। जनपद की चारों तहसीलों की भर्ती पूर्ण होने के बाद शनिवार से मेरठ जनपद की भर्ती शुरू होगी। तीन दिनों तक चलने वाली मेरठ के युवाओं की भर्ती में दोपहर बाद से मेरठ की सदर तहसील के अभ्यर्थियों का मुख्यालय पहुंचना शुरू हो गया था। कोरोना महामारी के बीच जिले में दो वर्षो तक बाधित रही सेना भर्ती इस बार अग्निवीरों के पहली बार चयन प्रक्रिया का मुजफ्फरनगर जनपद साक्षी बना है। इस कड़ी में एआरओ मेरठ की ओर से जनपद में 20 सितम्बर से मेरठ, मुरादाबाद और सहारनपुर मंडलों के 13 जिलों की अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर सैन्य भर्ती रैली के आयोजन में शुरू से ही बारिश बड़ी बाधा साबित हो रही है। बारिश के कारण पूर्व में शामली और गाजियाबाद की भर्ती रैली को स्थगित करना पड़ा था। गुरूवार को शुरू हुई जनपद के युवाओं की अग्निवीर भर्ती



में बारिश बाधा बनकर सामने आई है, हालांकि प्रशासन के सहयोग से बीती रात से शुरू हुई बारिश फिर से भर्ती में बाधा साबित हुई। रात्रि में बारिश के बीच जनपद की बुढ़ाना और जानसठ तहसीलों से आए अभ्यर्थियों को नुमाईश मैदान पर अफसरों की स्वीकृति के बाद प्रवेश दिया गया। शुक्रवार को भर्ती के लिए इन तहसीलों से 9600 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से करीब 75 प्रतिशत अभ्यर्थी भर्ती रैली में शारीरिक दक्षता को साबित करने के लिए शामिल हुए। ऐसे में देर रात से ही शुरू हुई बारिश ने जानसठ और बुढ़ाना से आए अभ्यर्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश के बीच उन्होंने प्रवेश लेने से दौड़ लगाने तक कीचड़ के बीच नंगे पैर दौड़ना पड़ा, जिसमें बड़ी संख्या में युवा फिसलन व अन्य कारणों से भर्ती होने से वंचित ही रह गए। इससे पूर्व बारिश के कारण उन्हें दौड़, पुशअप, लंबी जंप, जिगजैग आदि के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। सुबह करीब 6 बजे तक हुई 17.4 एमएम बारिश के बाद में रेत मंगाकर दौड़ के लिए तैयार मैदान में फिसलन इन युवाओं के मार्ग की बड़ी बाधा साबित हुई, जिस कारण बड़ी संख्या में युवा दौड़ में गिर जाने से चौटिल हो गए। मुजफ्फरनगर के युवाओं की दौड़ करीब 6 घंटे देरी से पहली दौड़ 12.15 बजे होने के साथ दोपहर बाद तक जारी रही। अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने के कारण 15 से अधिक दौड़ की गई। शनिवार को मेरठ जनपद के अभ्यर्थियों की भर्ती रैली का आयोजन अगले तीन दिनों तक जारी रहेगा।

## संक्षिप्त खबर

### गोविंदाचार्य शुरू करेंगे गंगा संवाद यात्रा, 11 अक्टूबर को नरौरा से शुभारंभ, कानपुर में समापन

**कानपुर।** नई दिल्ली जाने माने चिंतक केएन गोविंदाचार्य गंगा की निर्मलता, अविरलता और जल संरक्षण के महत्व के बारे में जन जागरूकता के प्रसार के लिए 11 अक्टूबर से गंगा संवाद यात्रा शुरू करेंगे। गोविंदाचार्य ने संवाददाताओं से कहा कि वह उत्तर प्रदेश के नरौरा (बुलंदशहर) से गंगा संवाद यात्रा की शुरूआत करेंगे और यह यात्रा 30 नवंबर को कानपुर के बिठूर में समाप्त होगी। उन्होंने कहा कि गंगा और गोवंश के प्रति लोगों में भावनात्मक लगाव तो है, लेकिन जिम्मेदारी का भाव शून्य होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें अपने कर्तव्यबोध को समझने की जरूरत है। सरकार और समाज के साझा प्रयास से गंगा और गोवंश दोनों का संरक्षण संभव है। गोविंदचार्य ने कहा कि नरौरा में गंगा की अविरलता बाधित होनी शुरू होती है जो प्रदूषण को बढ़ाती हुई कानपुर के पास नदी की समस्या को विकराल बना देती है। उन्होंने कहा कि पर्यावरणविद् जी.डी. अग्रवाल ने गंगा के लिए अनशन किया और गंगा के लिए ही 11 अक्टूबर 2018 को उन्होंने प्राण त्याग दिये। इसी को ध्यान में रखते हुए यह यात्रा 11 अक्टूबर से शुरू करने का कार्यक्रम है।

### एकनाथ शिंदे पार्टी ही छोड़ गए, शिवसेना के सिंबल पर दावा कैसा

**मुंबई।** शिवसेना के चुनाव चिह्न धनुष-बाण की लड़ाई फिलहाल चुनाव आयोग के पाले में है। आज चुनाव आयोग में एकनाथ शिंदे और उद्धव ठाकरे की ओर से सिंबल के लिए दावा ठोके जाने का आखिरी दिन था। इस मौके पर उद्धव ठाकरे ने सिंबल पर दावा ठोका और कहा कि उनका ही गुट इस पर अपना अधिकार रखता है। उद्धव ठाकरे गुट ने आयोग में तर्क रखा कि एकनाथ शिंदे और उनका समर्थन करने वाले नेता खुद ही पार्टी को छोड़ चुके हैं। इसलिए शिवसेना के पार्टी सिंबल पर उनका कोई दावा नहीं बनता है क्योंकि वे तो दल से ही बाहर हैं। एकनाथ शिंदे ने जून में शिवसेना से बगावत कर ली थी और महाराष्ट्र के सीएम बन गए थे। वह अपने साथ शिवसेना के 55 में से 40 विधायकों को लेकर आए थे और करीब एक दर्जन सांसदों का समर्थन भी उन्हें हासिल है। तब से ही एकनाथ शिंदे और उद्धव ठाकरे के बीच पार्टी पर दावेदारी को लेकर भी संघर्ष चल रहा है। फिलहाल तकनीकी तौर पर उद्धव ठाकरे ही शिवसेना के अध्यक्ष हैं, लेकिन एकनाथ शिंदे का कहना है कि उनके साथ ज्यादा नेता हैं, ऐसे में उनका गुट ही असली शिवसेना है।

### आरबीआई का डिजिटल करेंसी पर बड़ा ऐलान

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (फ्ङक) ने शुक्रवार को कहा कि वह जल्द ही कुछ खास यूज के लिए ई-रुपये की पायलट आधार पर पेशकश करेगा। इससे भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था को मजबूत करने, भुगतान प्रणाली को अधिक सक्षम बनाने और धन शोधन को रोकने में मदद मिलेगी। आरबीआई ने केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) के बारे में बात करते हुए बताया कि पायलट आधार पर इस तरह की पेशकश की सीमा और दायरे का विस्तार होने के साथ ही समय-समय पर ई-रुपये की विशिष्ट विशेषताओं और लाभों के बारे में जानकारी दी जाएगी। आरबीआई ने कहा कि सीबीडीसी का उद्देश्य मुद्रा के मौजूदा रूपों को बदलने के बजाय डिजिटल मुद्रा को उनका पूरक बनाना और उपयोगकताओं को भुगतान के लिए एक अतिरिक्त विकल्प देना है। इसका मकसद किसी भी तरह से मौजूदा भुगतान प्रणालियों को बदलना नहीं है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि भारत की अत्याधुनिक भुगतान प्रणालियों द्वारा समर्थित डिजिटल रुपया प्रणाली भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था को और मजबूत करेगी, मौद्रिक एवं भुगतान प्रणाली को अधिक कुशल बनाएगी तथा वित्तीय समावेशन में मदद करेगी।

### दिल्ली पुलिस को चकमा देकर थाने से ाग निकला बदमाश, सीसीटीवी में कैद घटना

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में मेडिकल जांच के लिए ले जाते समय एक बदमाश पुलिसकर्मियों को चकमा देकर भाग निकला। आरोपी के पुलिस हिरासत से फरार होने का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। डीसीपी ने एक एसआई और एक कॉन्स्टेबल को सस्पेंड कर दिया है। यह घटना 6 अक्टूबर की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, पुलिसकर्मी फर्जी हथियार लाइसेंस मामले में गिरफ्तार किए गए गाजियाबाद के इंदिरापुरम निवासी अभिषेक सिन्हा को गुरुवार को मेडिकल जांच के लिए ले जा रहे थे। इसी बीच, वह साउथ-ईस्ट जिले के साइबर पुलिस थाने से पुलिसकर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया। इस संबंध में बदरपुर के थाना साइबर सेल में मामला दर्ज किया गया है।

### नहीं उड़ पा रहे चीन में बने विमान, कम पैसों में बेचने को तैयार हुई नेपाल एयरलाइंस

**काठमांडू।** नेपाल एयरलाइंस भारी नुकसान का सामना कर रही है। इसकी एक वजह चीन में बने विमान भी हैं। अब नेपाल एयरलाइंस ने अपने पांच चीनी निर्मित विमान बेचने का फैसला किया है क्योंकि कोई भी इन विमानों को पट्टे पर भी नहीं लेना चाहता है। नेपाली मीडिया के मुताबिक इन विमानों ने हवा से ज्यादा जमीन पर समय बिताया। ये विमान कर्ज में डूबे राष्ट्रीय ध्वज वाहक नेपाल एयरलाइंस पर वित्तीय बोझ बन रहे थे। नेपाल एयरलाइंस ने करीब 8 साल पहले चीनी विमानों का पहला बैच हासिल किया था। अब एयरलाइंस ने अंततः तय किया कि वह वित्त मंत्रालय के निर्देश के बाद अपने उन्हें बेच देगा। 2012 में, नेपाली सरकार ने चीन से चार 12ए और दो टअ60 विमानों के खरीद समझौते को आगे बढ़ाया था। इनमें से एक विमान दुर्घटना के बाद अब उड़ने की स्थिति में नहीं है, जबकि शेष पांच त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की पार्किंग में बेकार खड़े हैं।

# राहुल हैं यात्रा में बिजी, गुजरात और हिमाचल का जिम्मा प्रियंका को

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी इन दिनों कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक की भारत जोड़ो यात्रा पर निकले हैं। इस यात्रा पर वह अब तक करीब 700 किलोमीटर का सफर तय कर चुके हैं और यात्रा कर्नाटक पहुंच गई है। आने वाले दिनों में यह यात्रा महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, यूपी और राजस्थान जैसे राज्यों से गुजरेगी। वहीं इसी दौरान हिमाचल प्रदेश और गुजरात के विधानसभा चुनाव भी होने वाले हैं। ऐसे में राहुल गांधी की रणनीति को लेकर सवाल उठ रहे हैं कि आखिर इन दोनों राज्यों से वह दूर क्यों रहेंगे, जहां चुनाव होने वाले हैं। अब इस चिंता का समाधान शायद कांग्रेस ने ढूंढ निकाला है। राहुल गांधी की बजाय प्रियंका गांधी इन दोनों ही राज्यों में चुनाव प्रचार में हिस्सा लेंगी।

इस तरह कांग्रेस की रणनीति यह है कि राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के जरिए देश भर में माहौल बनाएंगे और प्रियंका गांधी प्रचार की कमान संभालेंगे। महिला नेता होने के चलते प्रियंका गांधी पर अटैक करना भी भाजपा और अन्य दलों के लिए मुश्किल होगा। इसके



अलावा पार्टी प्रियंका गांधी को भी आजमा लेना चाहती है। चर्चा है कि नवंबर के आखिर या फिर दिसंबर के शुरूआती सप्ताह में गुजरात और हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव हो सकते हैं। उस दौरान भी कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा जारी रहेगी, जो 5 महीने तक के लिए निकली है। ऐसे में राहुल गांधी का सबसे मुफीद विकल्प प्रियंका गांधी ही हो सकती हैं।

गुजरात कांग्रेस के सीनियर नेता अर्जुन मोढवाडिया ने कहा कि राज्य में प्रियंका गांधी प्रचार करेंगी। वह जल्दी ही गुजरात पहुंच सकती हैं। दरअसल गुजरात में कांग्रेस चिंताजनक हालात से गुजर रही है। राज्य में हार्दिक पटेल समेत कई नेता भाजपा में शामिल हो चुके हैं। ऐसे में कांग्रेस के आगे चुनौती है कि वह अपने कार्यकताओं का मनोबल बढ़ाए और जनता में भी पैठ बना सके। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश में भी कांग्रेस की राह आसान नहीं है। दिग्गज नेता और 6 बार के सीएम रहे वीरभद्र सिंह की गैरमौजूदगी में कांग्रेस यहां पहली बार चुनाव में उतरने वाली है। ऐसे में वीरभद्र की पत्नी प्रतिभा सिंह को ही कांग्रेस ने प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर कमान दी है। अब देखना होगा कि राहुल गांधी की बजाय प्रियंका की ज्यादा सक्रियता पार्टी को कितना फायदा पहुंचाती है। कांग्रेस के नए बनने वाले राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए भी दोनों राज्यों के चुनाव पहली अग्निपरीक्षा के तौर पर होंगे।

### पशुओं से टक्कर नहीं टाल सकते, रेल मंत्री ने कहा- इसी हिसाब से वंदे भारत का डिजाइन

**आणंद।** गुजरात में वंदे भारत एक्सप्रेस से मवेशियों के टकराने की शुक्रवार को लगातार दूसरी घटना सामने आई है। इस हादसे में भी ट्रेन के आगे का हिस्सा थोड़ा क्षतिग्रस्त हुआ है। इसी बीच, रेल मंत्री ने सफाई दी है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पटरियों पर मवेशियों के साथ टकराव अपरिहार्य है और सेमी-हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेन को डिजाइन करते समय इसे ध्यान में रखा गया है। एक दिन पहले अहमदाबाद में वटवा के पास अहमदाबाद के पास ट्रेक पर अचानक आई भैंसों के झुंड से टकरा गई थी। ट्रेन उस समय गांधीनगर की तरफ जा रही थी। हादसे में चार भैंसों की मौत हो गई। वंदे भारत एक्सप्रेस के एफआरपी (फाइबर प्रबलित प्लास्टिक) से बने इंजन के क्षतिग्रस्त अगले हिस्से की मुंबई में मरम्मत कर दी गई है। भैंसों के झुंड से टकराने की घटना में ट्रेन के इंजन का अगला हिस्सा और उसके माउंटिंग ब्रैकेट क्षतिग्रस्त हो गए थे। हालांकि, अन्य हिस्सों को नुकसान नहीं पहुंचा। क्षतिग्रस्त हिस्से की मुंबई सेंट्रल के कोच केयर सेंटर में मरम्मत कर दी गई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 30 सितंबर को इस रूट पर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। रेल मंत्री वैष्णव ने कहा, 'ट्रेन को इस तरह से डिजाइन किया गया है और यह इतनी मजबूत है कि अगर कोई दुर्घटना होती है। तो ट्रेन को कुछ नहीं होगा। सामने की तरफ इसकी नाक पूरी तरह से बदली जा सकती है। जैसे ही ट्रेन मुंबई पहुंची (घटना के बाद) गुरुवार को इसे पूरी तरह से साफ कर दिया गया और इसकी नाक बदल दी गई।'

## पहले भैंस और अब गाय टकराई वंदे भारत ट्रेन से

**अहमदाबाद।** देसी बुलेट ट्रेन वंदे भारत के साथ लगातार दूसरे दिन हादसा पेश आया है। गुजरात में शुक्रवार को लगातार दूसरी बार ट्रेन से मवेशी टकरा गए। ट्रेन के अगले हिस्से में फिर मामूली क्षति पहुंची है। गांधीनगर से मुंबई जाते समय कंजारी और आणंद स्टेशनों के बीच यह हादसा पेश आया। एक दिन पहले ही ट्रेन मणिनगर स्टेशन के पास भैसों के झुंड से टकरा गई थी। ट्रेन को मरम्मत के बाद दोबारा आज पटरी पर उतारा गया।

अधिकारियों ने बताया कि गुजरात के आणंद स्टेशन के पास एक गाय से टकरा गई, जिससे ट्रेन का अगला हिस्सा मामूली रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। शुक्रवार की घटना दोपहर तीन बजकर 48 मिनट पर मुंबई से 432 किलोमीटर दूर आणंद में हुई। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सुमित ठाकुर ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा, "ट्रेन के अगले हिस्से को मामूली नुकसान पहुंचा है।" उन्होंने कहा कि सभी यात्री सुरक्षित हैं।

वंदे-भारत एक्सप्रेस ट्रेन के गुरुवार सुबह गुजरात में भैंसों के एक झुंड से टकराने के मामले में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने इन मवेशियों के मालिकों के खिलाफ मामला दर्ज किया। पश्चिम रेलवे की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि भैंसों के झुंड से टकराने के बाद क्षतिग्रस्त हुए हिस्से की मुंबई में मरम्मत कर दी गई है। हादसे में चार भैंसों की मौत हो गई। पश्चिम रेलवे के वरिष्ठ प्रवक्ता (अहमदाबाद मंडल) जितेंद्र कुमार जयंत ने कहा, "आरपीएफ ने अहमदाबाद में वटवा और मणिनगर रेलवे स्टेशनों के बीच वंदे भारत ट्रेन के रास्ते में आने वाली भैंसों के अज्ञात मालिकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।"


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांधीनगर और मुंबई के बीच चलने वाली सेमी-हाई स्पीड वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के नए और अपग्रेडेड वर्जन को 30 सितंबर को हरी झंडी दिखाकर इस सेवा की शुरूआत की थी। देश में चलने वाली यह तीसरी वंदे भारत ट्रेन है। यह ट्रेन 180 किलोमीटर प्रतिघंटे की स्पीड से दौड़ सकती है, लेकिन फिलहाल अधिकतम स्पीड 130 किलोमीटर प्रति गंटे ही रखी गई है। गांधी नगर से मुंबई के बीच ट्रेन यह दूसरी करीब साढ़े छह घंटे में तय करती है।

## ज्ञानवापी: 'शिवलिंग' की कार्बन डेटिंग जांच पर अब 11 अक्टूबर को सुनवाई

**वाराणसी।** वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर से सटी ज्ञानवापी मस्जिद में मिले कथित शिवलिंग की कार्बन डेटिंग पर जिला जज डॉ अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने अपना आदेश टाल दिया है। हिन्दू पक्ष के वकील के अनुसार अदालत ने कहा कि इस मामले में हम कुछ स्पष्टीकरण चाहते हैं। मुस्लिम पक्ष के आपत्ति दाखिल करने के लिए समय मांगने पर अदालत ने सुनवाई के लिए 11 अक्तूबर की तिथि नियत कर दी।

इस प्रकरण में पिछली सुनवाई पर अदालत ने सभी पक्षों की दलीलें सुनी थीं। उम्मीद की जा रही थी कि शुक्रवार को अदालत का आदेश आएगा। दोपहर सवा दो बजे सुनवाई शुरू होने पर जिला जज ने वादी अधिवक्ता से पूछा कि कार्बन डेटिंग की अर्जी का सम्बंध क्या मूलवाद में नियत रखता है, इस पर विचार रखें। अधिवक्ता हरिशंकर जैन और विष्णु शंकर जैन ने स्पष्ट किया कि श्रृंगारगौरी सहित अन्य विग्रहों के पूजा के अधिकार के वाद में अदालत में दृश्य व अदृश्य देवता की बात कही गई थी। सुनवाई के दौरान कोर्ट कमीशन सर्वे का आवेदन सक्षम अदालत में दिया गया था।

अदालत ने सर्वे का आदेश दिया। कोर्ट कमीशन कार्यवाही में शिवलिंग जैसी आकृति मिली जो पहले



अदृश्य थी। वुजूखाने के हौज से पानी हटने के बाद शिवलिंग की आकृति प्रत्यक्ष यानि दृश्य हुई। यह सभी के सामने स्पष्ट है कि वह शिवलिंग है, लेकिन प्रतिवादी को संदेह है कि फव्वारा है। इसलिए हम चाहते हैं कि शिवलिंग को बिना क्षति पहुंचाए उसके इर्द-गिर्द की कार्बन डेटिंग कराई जाय। इसके साथ ही शिवलिंग की वैज्ञानिक और राडार पद्धति से जांच की गुहार लगाई है।

उधर, वादी संख्या-एक राखी सिंह के अधिवक्ता मानबहादुर सिंह, शिवम गौड़ और अनुपम द्विवेदी ने कहा कि कोर्ट को यह तय करना है कि मिली आकृति शिवलिंग है या फव्वारा? यह भी तय करना है कि कार्बन डेटिंग की जांच का मुद्दा वाद का विषय है या नहीं? यह भी अनुरोध किया कि अंजुमन इंतजामिया ने आपत्ति दाखिल कर दी है तो वाद बिंदु तय कर सुनवाई शुरू की जाए।

## अयोध्या दीपोत्सव में इस बार देर तक जलेंगे दीए, 14 लाख 50 हजार दीए जलाकर विश्व रिकार्ड बनाने की तैयारी

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या में 23 अक्तूबर को होने वाले दीपोत्सव की तैयारी जोरों पर है। राम की पैड़ी व अन्य घाटों पर जलने वाले दीए इस बार अधिक समय तक जलेंगे, क्योंकि दीए की साइज बड़ा होने के साथ 40 एमएल तेल डाला जाएगा। दीपोत्सव-2022 में विभिन्न घाटों पर 14 लाख 50 हजार दीए जलाकर विश्व रिकार्ड बनाने की शासन की मंशा है। दीए जलाने के लिए डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय को जिम्मेदारी सौंपी गई है। विश्वविद्यालय के नोडल अधिकारी प्रो. अजय प्रताप सिंह टीम के साथ रात-दिन एक करके दीपोत्सव को ऐतिहासिक बनाने में जुटे हैं। उन्होंने बताया कि राम की पैड़ी व अन्य घाटों पर दीपोत्सव में 20 हजार वालेंटियर्स अनुशासित रहकर 16 लाख दीए बिछाएंगे।

उन्होंने बताया कि 20 अक्तूबर तक तक सभी घाटों पर दीए पहुंच जाएंगे। 21 अक्तूबर से दीए



बिछाने कार्य शुरू होगा। 22 अक्तूबर को दीयों की गणना होगी और 23 अक्तूबर को दीए में तेल बाती लगाने तथा शाम को जलाया जाएगा। नोडल अधिकारी ने बताया कि राम की पैड़ी पर दीपोत्सव के दो दिन पहले से 20 हजार स्वयंसेवकों की ड्यूटी लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इस बार दीप बेहद खास स्वरूप में तैयार किए गए हैं। यह कापी देर तक जलते रहेंगे। अभी तक दीए में 30 एमएल तेल डाला जाता था, लेकिन इस बार दीयों के साइज को बड़ा किया गया है।

दीपोत्सव में जलाने के लिए दीए के निर्माण का कार्य करने वाले कुम्हारों को रोजगार मिलने पर घर रोशन होंगे। लालबाग की मनीषा ने बताया कि सरकार आस्था के जरिए हमें रोजगार भी देती है जिससे जीवन-यापन करते हैं। कुम्हार आशा देवी ने कहा कि सरकार महिलाओं के लिए भी काम कर रही है। पहले गांवों में कोई रोजगार नहीं था। अब यहीं हम लोगों को रोजगार मिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि दीवाली पर दीप बनाकर अच्छी कमाई हो जाती है। जयत्री देवी ने कहा कि हम लोग मिट्टी का बर्तन बनाते हैं। जब से दीपोत्सव हो रहा है। हम लोगों से दीए खरीदे जाते हें। उन्होंने बताया कि दीए को बेंचकर अच्छी कमाई होती है और दीवाली में हमारे घर के बच्चे खुशी से पर्व मनाते हैं।

### विधवा-तलाकशुदा महिलाओं को शिकार बनाता था फर्जी जज

**लखनऊ।** खुद को सिविल जज बताकर कई विधवा और तलाकशुदा महिलाओं को शादी करने का झांसा देने वाले लाखों कैश और जेवरात ठगने के आरोपी को हजरतगंज पुलिस-साइबर क्राइम सेल की संयुक्त टीम ने अखबारों में शादी का फर्जी विज्ञापन का जाल फैलाकर दबोचने में कामयाबी पाई है। आरोपित खुद भी अखबारों में शादी का विज्ञापन देने वाली महिलाओं को बातों के जाल में फंसाता था और जब पूरी तरह भरोसे में ले लेता तो उनका शारीरिक शोषण शुरू कर देता था। इसके बाद शादी करने का झांसा देकर उनसे लाखों कैश, जेवरात और महंगे फोन समेत कर रफूचक्कर हो जाता था। पुलिस के मुताबिक आरोपित ने लखनऊ और आसपास की करीब दो दर्जन से अधिक महिलाओं को इसी तरह निशाना बनाया था। ऐसे में पुलिस ने भी उसे रंगेहाथ पकड़ने के लिए उसका ही दांव आजमाया और विज्ञापन का जाल फैलाकर दबोच लिया। उससे चार लाख कैश, जेवर, सरकारी कार्यालय की मुहर मिली है। डीसीपी मध्य अपर्णा रजत कौशिक ने बताया कि कानपुर के नवाबगंज निवासी आरोपित विष्णु शंकर गुप्ता (30) को गिरफ्तार किया गया है, यह नौ माह से फरार था। जनवरी में पीड़िता ने साइबर क्राइम सेल लखनऊ में केस दर्ज कराया था कि उसने अखबार पत्र में शादी के लिए विज्ञापन दिया था। इस पर एक व्यक्ति ने खुद को सिविल जज बताकर शादी का झांसा दिया। धीरे-धीरे मिलना-जुलना बढ़ने पर शादी की बात कहकर आरोपी ने उससे दुष्कर्म किया।

### यूपी में बड़ा निवेश करेगा टाटा समूह, सीएम योगी से मिले चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन

**लखनऊ।** यूपी में अगले साल होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए योगी सरकार जोरशोर से जुटी है। मंत्रियों और अधिकारियों की टीमें देश औ? विदेशों में आने के लिए औद्योगिक समूहों को निमंत्रण देने में जुटे हैं। आयोजन के लिए सीएम योगी ने कई निर्देश जारी किए हैं। इस बीच देश की अग्रणी ओद्योगिक समूह टाटा संस की तरफ से भी यूपी में बड़े निवेश के संकेत दिए गए हैं। टाटा संस के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन ने शुक्रवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। हालांकि इस मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया गया है। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक चंद्रशेखरन ने उत्तर प्रदेश की बेहतर निवेश पॉलिसी और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस का हवाला देते हुए इस बात के स्पष्ट संकेत दिए कि टाटा संस उत्तर प्रदेश में जल्द निवेश कर सकता है। इस दौरान प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं और उत्तर प्रदेश के चहुमुखी विकास पर भी चर्चा की गई।

## पूर्वांचल एक्सप्रेस वे नहीं झेल सका पहली 12 घंटे की बरसात

**सुलतानपुर।** पूर्वांचल एक्सप्रेस वे बुधवार को 12 घंटे से अधिक हुई पहली बरसात नहीं झेल सकी.गुरुवार रात सुलतानपुर के हलियापुर में सड़क धंस गई, 15 फिट के गड्ढे हो गए। इस गड्ढे में लखनऊ की ओर जा रही कार घुस गई। सवार लोग बाल-बाल बच गए हैं। वहीं कई अन्य गाड़ियां भी क्षतिग्रस्त हुई हैं। पूर्वांचल एक्सप्रेस पर ये पर यह घटना



किमी 83 पर हलियापुर थाना क्षेत्र में हुआ है। कई को मामूली चोटें भी आई हैं। सूचना पर यूपीडा टीम और पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे। राहत बचाव कार्य शुरू कराया है।

एक्सप्रेस वे पर आ रही गाड़ियों का डायवर्जन भी किया गया है। एक्सप्रेस वे का शुभारंभ 16 नवंबर 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। वैसे 11 माह पूर्व बने इस एक्सप्रेस वे पर सड़क बैठने का ये पहला मामला नहीं है। मई 2021 में भी तीन दिनों तक हुई बरसात में कुवांसी-हलियापुर के बीच एक्सप्रेस वे के अंडर पास की बीम दरकी थी। अंडरपास की रेलिंग व फुटपाथ की मिट्टी बह गई। सड़क में दरार आ गई है। घटना को लेकर कार्यदाई संस्था यूपीडा के अधिकारी सकते में हैं। जानकार निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठा रहे। स्थानीय लोगों के अनुसार जहां मिट्टी की पटाई हुई है उसमें ज्यादा से ज्यादा पानी डालकर छोड़ना चाहिए था, उसके बाद रोलर चलाकर और मिट्टी डालकर पटाई करनी चाहिए थी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। 16 नवंबर 2021 को पीएम मोदी ने सुल्तानपुर में कूरेभार के अरवल कीरी स्थित एयर स्ट्रिप से पूर्वांचल एक्सप्रेस वे का लोकार्पण किया था। प्रोजेक्ट से जनपद लखनऊ, बाराबंकी, अमेठी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर, आजमगढ़, मऊ तथा गाजीपुर जिले लाभान्वित हो रहे हैं।

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर कुल छह टोल प्लाजा, 18 फ्लाईओवर, सात रेलवे ओवर ब्रिज, साथ बड़े सेतु, 118 छोटे सेतु, 13 इंटरचेंज, पांच रैम्प प्लाजा, 271 अंडरपास तथा 503 पुलियों का निर्माण हुआ है। एक्सप्रेसवे पर आपात कालीन स्थिति में भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों के लैंडिंग/टेक ऑफ के लिए सुलतानपुर में 3.2 किलोमीटर लंबी हवाई पट्टी का निर्माण हुआ है।

### मोदी ने बताया शिंजियांग मुद्दे पर चीन के खिलाफ क्यों नहीं किया मतदान

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) में चीन के खिलाफ मतदान से परहेज को लेकर भारत ने बयान जारी किया है। केंद्र की मोदी सरकार ने कहा कि भारत की पुरानी परंपरा रही है कि वह किसी भी देश विशिष्ट प्रस्ताव पर मतदान में हिस्सा नहीं लेता है। भारत ने शुक्रवार को कहा कि चीन के अशांत शिंजियांग क्षेत्र में मानवाधिकार की स्थिति पर चर्चा के लिए यूएनएचआरसी में एक मसौदा प्रस्ताव पर मतदान में भाग नहीं लेना ह्यदेश विशिष्ट प्रस्ताव पर मतदान मेंह्न हिस्सा नहीं लेने के उसके दीर्घकालिक चलन पर आधारित है। गौरतलब है कि भारत ने शिंजियांग क्षेत्र में मानवाधिकार की स्थिति पर चर्चा के लिए यूएनएचआरसी में एक मसौदा प्रस्ताव पर मतदान में हिस्सा नहीं लिया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में संवाददाताओं से कहा कि यह किसी देश विशिष्ट प्रस्ताव पर मतदान मेंह्न हिस्सा नहीं लेने के उसके दीर्घकालिक चलन पर आधारित है। हालांकि भारत सरकार ने स्पष्ट कहा कि चीन के शिनजियांग प्रांत के लोगों के मानवाधिकारों का सम्मान किया जाना चाहिए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, "भारत सभी मानवाधिकारों के लिए प्रतिबद्ध है। भारत ऐसे मुद्दों से निपटने के लिए बातचीत का पक्षधर है। हमने चीन के शिनजियांग प्रांत में मानवाधिकारों की चिंताओं का डलउलफके आकलन का संज्ञान लिया है।"

## ये किसके सम्मान में यूं झुक गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ?



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ट्विटर पर खासे सक्रिय रहते हैं। अक्सर उनकी ट्वीट की हुई तस्वीरें चर्चा का विषय बन जाती हैं। शुक्रवार को भी पीएम मोदी ने कुछ ऐसी तस्वीरें ट्वीट कीं, जिनको लेकर चर्चा शुरू हो गई। इन तस्वीरों में पीएम एक बुजुर्ग महिला के सामने बेहद सम्मान से झुके हुए हैं। यह महिला हैं श्रीमती उमा सचदेव।

90 वर्षीय उमा सचदेव का सेना से बहुत गहरा कनेक्शन रह चुका है। उनके पति रिटायर्ड कर्नल एचके सचदेव सेना में रह चुके हैं। वहीं उनके भतीजे सेना प्रमुख रह चुके हैं। उमा सचदेव से मुलाकात को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने ट्विटर पर लिखा है। उन्होंने लिखा कि आज उमा सचदेव जी से बहुत ही यादगार मुलाकात हुई। 90 साल की उम्र में भी वह जोश और आशावाद से भरी हुई हैं। पीएम मोदी ने आगे लिखा कि उनके पति रिटायर्ड कर्नल एचके सचदेव सेना के सम्मानित व्यक्तित्व रह चुके हैं। प्रधानमंत्री ने कहा है कि उमा सचदेव ने अपने स्वर्गीय पति द्वारा लिखित तीन किताबें मुझे दी हैं। उन्होंने कहा कि इनमें से दो गीता से जुड़ी हुई हैं। तीसरी ब्लड एंड टियर्स बंटवारे के दौरान के उनके अनुभवों और जिंदगी पर प्रभावों का दस्तावेज है।

इस दौरान उनकी उमा सचदेव से क्या बातें हुई, इसका भी उन्होंने अपने ट्वीट में जिक्र किया है। उन्होंने कहा कि उमा सचदेव से 14 अगस्त को विभाजन त्रासदी स्मृति दिवस के तौर पर मनाने के फैसले पर भी बात हुई। बता दें कि उमा सचदेव के पति कर्नल एचके सचदेव सेना में एक सम्मानित अधिकारी थे। वहीं पूर्व सेना प्रमुख जनरल वेद प्रकाश मलिक उमा सचदेव के भतीजे हैं। वीपी मलिक सेना में 19वें प्रमुख थे और वह कारगिल युद्ध के दौरान आर्मी चीफ थे।

# संक्षिप्त खबर

## पिरान कलियर उर्स के लिए रुड़की में 11 तक रुकेंगी पांच ट्रेनें

**मुरादाबाद।** रुड़की में लगने वाले पिरान कलियर उर्स को लेकर रेलवे ने कई ट्रेनों का ठहराव तय किया है। इसी के चलते बेगमपुरा समेत पांच ट्रेनें रुड़की में रुकेंगी। शुक्रवार से मंगलवार तक ट्रेनों का रुड़की में स्टापेज रहेगा। रुड़की में लगने वाले सालाना उर्स में बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। कई दिन तक चलने वाले उर्स में दूरदराज से लोग आते-जाते हैं। रेलवे ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सहारनपुर रूट की ट्रेनों के स्टॉपेज निर्धारित किए है। रेलवे के अनुसार रुड़की में 7 अक्तूबर से पांच ट्रेनें रुकेंगी। 11 अक्तूबर तक ट्रेनों का स्टापेज रहेगा। इनमें बानमंखी-अमृतसर जनसेवा (14617-18), दरभंगा-अमृतसर जननायक (15311-12), सहरसा-अमृतसर जनसाधारण( 15531-32), जम्मूतवी-वाराणसी बेगमपुरा एक्सप्रेस (12237-38) और 12357-58 दुर्गियाना एक्सप्रेस (12357-58) ट्रेनों का अतिरिक्त ठहराव निर्धारित किया गया है।

## कोका कोला डिस्ट्रीब्यूटर के 8 ठिकानों पर आयकर के छापे

**आगरा।** आगरा और बरेली में शुक्रवार की सुबह-सुबह इनकम टैक्?स का बड़ा ऐक्?शन देखने को मिला है। कोका कोला डिस्ट्रीब्यूटर गुलाब चंद लधानी के घर और प्?लांट पर आयकर टीमों ने छापा मारा। लाजपत कुंज स्थित आवास, होटल, बोटलिंग और आइस्क्रीम प्लांट समेत आठ स्थानों पर टीमों ने कार्रवाई शुरू की। बताया जा रहा है कि देश के कई ठिकानों पर हुई आयकर विभाग की छापामारी में आगरा की कोठी पर भी आयकर विभाग की टीम पहुंचीं। आयकर टीम की गाड़ियों के पहुंचते ही कोठी के गेट बंद कर दिए गए। शुक्रवार सुबह आयकर विभाग की टीम लाजपत कुंज के बी ब्लाक स्थित कोठी नंबर 9 पर पहुंची। कोका कोला डिस्ट्रीब्यूटर गुलाब चंद्र लधानी की इस कोठी को आयकर टीमों ने घेर लिया और किसी को भी अंदर बाहर आने जाने से रोक दिया। बताया गया कि छापामारी नई दिल्ली की आयकर टीमों ने की है। देशभर के कई ठिकानों पर एक साथ छापामार कार्रवाई की जा रही है। दिल्ली के टीम के साथ आगरा के भी आधा दर्जन आयकर अधिकारी और पुलिस थे। कोठी के पास कार आने की जानकारी मिलने पर लोगों में उत्सुकता रही कि आखिर छापा किस कारण डाला जा रहा है।

## ओपी राज ार को यकीन, बोले-समाज को अब कोई पार्टी नहीं कर सकती गुमराह

**कुशीनगर।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि अब कोई पार्टी राजभर समाज को गुमराह नहीं कर सकती। उनके समाज के लोग सरकार बनाने-बिगाड़ने का दम रखते हैं। सावधान यात्रा लेकर कुशीनगर पहुंचे ओमप्रकाश शुक्रवार को विशुनपुरा में आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे। विशुनपुरा ब्लॉक के पचफेड़ा गांव के प्राथमिक विद्यालय परिसर में शुक्रवार को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की 20वें स्थापना दिवस पर सावधान यात्रा व सभा का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि उन्हें अपने समाज के न्याय के लिए जो भी संघर्ष करना पड़ेगा, करेंगे। उन्होंने कहा कि देश में एकसमान शिक्षा व्यवस्था लागू होनी चाहिए। सवाल किया कि गरीब का लड़का सरकारी स्कूल में और अमीर का लड़का बड़े स्कूल में क्यों पढ़ेगा? उन्होंने कहा कि राजभर समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करने के लिए कुछ दिन पूर्व वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले हैं। उन्होंने केंद्र को प्रस्ताव भेजने का आश्वासन दिया है। अब राजभर समाज को कोई भी पार्टी गुमराह नहीं कर सकती। यह समाज अब अपने हक की लड़ाई खुद लड़ सकता है। बताया कि सावधान यात्रा का मकसद है राजभर समाज को एकजुट करना है।

## नशे में धुत यात्री ने ट्रेन के एसी कोच में दो यात्रियों पर कर दिया पेशाब, जीआरपी ने शुरू की जांच

**कानपुर।** प्रयागराज से जयपुर जा रही (12403) प्रयागराज जयपुर एक्सप्रेस के एसी कोच में सवार नशे में धुत यात्री ने दो यात्रियों पर रात में पेशाब कर दि?या। नशेड़ी और यात्रियों के बीच विवाद होने पर टीटीई ने कंट्रोल को मैसेज दिया। इसके बाद आरोपी यात्री को अलीगढ़ स्टेशन पर उतार लिया गया। बाद में यात्री को निजी मुचलके पर छोड़ दिया गया। गुरुवार को कानपुर सेंट्रल पर मामला स्थानांतरित होकर आया। जीआरपी सेंट्रल में मामला दर्ज करने के बाद विवेचना शुरू हो गई है। जीआरपी सेंट्रल पर लिखे गए मुकदमे के अनुसार 25 सितंबर को आधी रात के बाद रूमा से कानपुर सेंट्रल के बीच ट्रेन गुजर रही थी, तभी बी-5 कोच की सीट संख्या 57 और 60 सीटों पर लेटे अभिषेक शुक्ल सहित दोनों यात्रियों का 21/62, सिटी रेलवे ब्रिज, हरि का पर्वत, आगरा निवासी गुरुदेव गौतम से झगड़ा हो गया। इसकी वजह यह थी कि गुरुदेव गौतम ने इन यात्रियों पर पेशाब कर दी थी। कपड़े गीले होने पर अहसास हुआ तो पता चला कि सामने खड़ा व्यक्ति पैंट की चेन बंद कर रहा था। कोच के टीटीई मुकेश कुमार मौके पर गए आरोपी गुरुदेव को पकड़ लिया।

## बागपत के एएसपी के खिलाफ गैर जमानती वारंट

**बागपत।** यहां तैनात अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) के खिलाफ गाजियाबाद की एक अदालत ने गैर जमानती वारंट जारी किया है। अदालत ने पुलिस को आदेश दिया है कि वे एएसपी को 19 अक्तूबर तक कोर्ट में पेश करें। एएसपी पर गाजियाबाद में तैनाती के दौरान बच्ची से दुष्कर्म की घटना के मामले में गवाही देने के लिए नहीं उपस्थित होने का आरोप है। पॉक्सो कोर्ट से गुरुवार को यह समन जारी किया गया है। अदालत के विशेष लोक अभियोजक संजीव बखारवा ने बताया कि अपर पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार मिश्रा पूर्व में गाजियाबाद में एसपी सिटी तथा क्षेत्राधिकारी द्वितीय के पद पर तैनात रहे हैं। उसी दौरान 15 सितंबर 2016 को सिहानी गेट के एक मोहल्ले के पार्क में किशोरी के साथ दुष्कर्म की एक घटना हुई थी। सात वर्षीय बच्ची के साथ उसके 26 वर्षीय मामा परविंदर ने दुष्कर्म किया था। यह वारदात तब हुई थी जब बच्ची पार्क में खेल रही थी। बच्ची ने घर पहुंचकर परिवार के सदस्यों को घटनाक्रम बताया। इसके बाद परिवार के लोगों ने केस दर्ज कराया। इस पर पुलिस ने परविंदर को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मामले में अगली सुनवाई 19 अक्तूबर को होनी है। बताया जा रहा है इस मामले में सभी लोगों की गवाही पूरी हो चुकी थी। सिर्फ एएसपी मनीष मिश्र का बयान रह गया था। वह बार-बार बुलाए जाने पर भी गवाही के लिए पेश नहीं हो रहे थे।

# शशि थरूर ने घोषणापत्र जारी किया



**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ रहे शशि थरूर ने गुरुवार को अपना घोषणापत्र जारी किया। इसमें उन्होंने प्रदेश अध्यक्षों के कार्यकाल को सीमित करने की बात कही है। तिरुवनंतपुरम से लोकसभा सांसद थरूर ने उन अफवाहों को भी सिरे से खारिज कर दिया, जिनमें कहा जा रहा है कि उनके पास कांग्रेस नेताओं का कम समर्थन प्राप्त है। उन्होंने जोर देकर कहा कि उन्हें हर राज्यों से समर्थन मिल रहा है।

थरूर ने चेन्नई में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, "मेरा मकसद पार्टी को पुनर्जीवित करना, इसे फिर से सक्रिय करना, कार्यकताओं को सशक्त बनाना, सत्ता का विकेंद्रीकरण करना और लोगों के संपर्क में रहना है। मेरा मानना है कि यह कांग्रेस को 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा को टक्कर देने के लिए राजनीतिक रूप से फिट बनाएगा।" उन्होंने इस बात को दोहराया कि उनके और पार्टी के दिग्गज नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के बीच दोस्ताना मुकाबला है। उन्होंने कहा, "हमें अपनी पार्टी के काम करने के तरीके में सुधार करने की जरूरत है। हमें युवाओं को पार्टी में लाने और उन्हें वास्तविक अधिकार देने की जरूरत है। साथ ही हमें मेहनती और लंबे समय तक सेवा करने वाले कार्यकताओं को अधिक सम्मान देना चाहिए।"

## मोहाली में पुलिस इंटेलिजेंस के हेडक्वार्टर पर हुए RPG अटैक का हमलावर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने शुक्रवार को बड़ी सफलता हासिल की है। पंजाब पुलिस इंटेलिजेंस मुख्यालय पर आरपीजी हमले में वांछित आतंकवादी गिरफ्तार हो गया है। घटना 10 मई को हुई थी।

जानकारी के अनुसार, यह सनसनीखेज घटना 10 मई शाम 7:30 बजे के आसपास मोहाली स्थित पुलिस इंटेलिजेंस मुख्यालय में हुई थी। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो बिल्डिंग पर संदिग्ध रॉकेट लॉन्चर से हमला किया गया था। जिसके बाद हड़कंप मच गया और पुलिस ने पूरे इलाके को सील कर दिया। जांच के बाद पाया गया कि यह रॉकेट प्रोपेट ग्रेनेड है। इसे पंजाब पुलिस की खुफिया विभाग की बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर फेंका गया था। इस मामले में आज दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने वांछित आतंकी को गिरफ्तार कर लिया है।

## मुस्लिमों पर निकाय चुनाव में भाजपा का फोकस

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने पिछले दिनों भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में मुस्लिमों को जोड़ने की बात की थी। खासतौर पर पसमांदा मुस्लिमों पर फोकस करने का मंत्र पार्टी को दिया था और अल्पसंख्यक तबके को लुभाने के लिए स्नेह यात्रा निकालने की भी बात कही थी। अब भाजपा पसमांदा के अजेंडे पर चुनावी राजनीति में भी आगे बढ़ाने का प्लान बना रही है। इसकी शुरूआत भी यूपी से ही हो रही है, जो ध्रुवीकरण की राजनीति के लिए अकसर चर्चा में रहा है।

नवंबर या दिसंबर यूपी में नगर निगम के चुनाव होने वाले हैं और उसमें भाजपा अल्पसंख्यक वार्डों में बड़ी संख्या में मुस्लिम उम्मीदवार उतारने की तैयारी कर रही है। भाजपा ऐसे वार्ड और नगर पंचायतों में भी अपने सिंबल पर प्रत्याशी उतार सकती है, जहां अधिकतर अल्?पसंख्?यक वोटर हैं। पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चे ने इस मिशन पर काम शुरू कर दिया है। प्रदेश भर में मोर्चा की बैठकों का सिलसिला शुरू हो रहा है। माना जा रहा है कि ये तैयारी सिर्फ निकाय चुनाव की नहीं बल्कि 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए की जा रही है। इसी मकसद भाजपा लगातार पसमांदा मुसलमानों की बात कर रही है ताकि अल्पसंख्यकों में सेंध लग सके और एक बड़े वर्ग को साधा जा सके। मुस्लिमों में 85 फीसदी आबादी पसमांदा वर्ग की है, जबकि 15 से 20 फीसदी ही अशराफ हैं। भाजपा का फोकस है कि इस वर्ग को टारगेट करने रणनीति बनाई जाए। इसी कोशिश के तहत उसने मोहसिन रजा को हटाकर इस बार पसमांदा मुस्लिम दानिश आजाद अंसारी को योगी सरकार में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बनाया है। भाजपा की कोशिश है कि अल्पसंख्यक वर्ग के वोटों से दूरी न रखी जाए और उसमें भी यथासंभव सेंध लगाई जाए। 2014 के लोकसभा चुनाव से लेकर अभी तक के आम चुनावों में बीजेपी ने यूपी में अल्पसंख्यक समाज से उम्मीदवारों को खड़ा नहीं किया है।

# अंकिता भंडारी के हत्यारों के गले का फंदा बनेंगे इलेक्ट्रॉनिक सबूत

**देहरादून।** अंकिता भंडारी मर्डर केस से जुड़े इलेक्ट्रॉनिक सबूतों को जांच के लिए केंद्रीय फॉरेंसिक लैब (सीएफएसएल) चंडीगढ़ भेजा गया है। वहां भेजे गए साक्ष्यों में ऑडियो, वीडियो, मोबाइल स्क्रीन शॉट और सीसीटीवी फुटेज शामिल हैं। डीएनए और विसरा की जांच स्थानीय फॉरेंसिक लैब में होगी। अंकिता हत्याकांड की 24 सितंबर से एसआईटी जांच कर रही है। इस मामले में कई ऑडियो रिकॉर्डिंग, वीडियो और मोबाइलों में बातचीत के स्क्रीन शॉट वायरल हुए। इन्हें एसआईटी ने इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की तरह इकट्ठा किया है। पुख्ता जांच के लिए इन्हें केंद्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला चंडीगढ़ भेजा गया है।



एडीजी लॉ एंड ऑर्डर वी मुरुगेशन ने बताया कि जांच को तेजी से किया जा रहा है। सीएफएसएल से भी आग्रह किया गया है कि इन जांच को जल्द से जल्द पूरी कर उत्तराखंड पुलिस को दें। अधिकारियों का कहना है कि इस माह के अंत तक चार्जशीट दाखिल कर दी जाएगी। केस में एक गवाह के मजिस्ट्रेटी बयान गुरुवार को दर्ज कराए गए।

### *अंकिता की मां की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में र्ती*

*श्रीनगर। डोभ श्रीकोट की अंकिता भंडारी की मां सोनी देवी की गुरुवार को अचानक तबीयत बिगड़ गई। जिसके बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यहां पर उनकी हालत में सुधार है। अस्पताल के डॉक्टरों का कहना है कि एक दिन और निगरानी में रखने के बाद उन्हें डिस्चार्ज कर दिया जाएगा।*

## ऑटोरिक्शा की सवारी ऑफर नहीं कर सकते ओला और उबर

**बेंगलुरु।** कर्नाटक परिवहन विभाग ने कैब एग्रीगेटर सेवाओं ओला और उबर व बाइक टैक्सी एग्रीगेटर रैपिडो को नोटिस जारी किया है। दरअसल कई यात्रियों ने इन प्लेटफार्मों के तहत चलने वाले ऑटोरिक्शा द्वारा सर्ज प्राइसिंग की शिकायत की थी। यात्रियों का कहना है कि इन ऐप के चलते ऑटोरिक्शा का किराया बढ़ गया है। इसके बाद गुरुवार को कर्नाटक सरकार ने इन कैब एग्रीगेटर को नोटिस जारी किया है। अपने सर्कुलर में परिवहन विभाग ने बिना लाइसेंस ऑटोरिक्शा की सवारी की पेशकश के लिए एग्रीगेटर्स की खिंचाई की है। इसके साथ ही विभाग ने कहा कि है कि वे अपने ऐप से ऑटोरिक्शा राइड की पेशकश को तीन दिन में बंद कर दें। द इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, विभाग ने कहा कि अगर कैब एग्रीगेटर्स और वाहन मालिकों को सरकारी आदेश का उल्लंघन करते पाया गया तो उनके खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा।

## ईरान की माहसा अमीनी मामले को लेकर नोएडा की डॉक्टर ने भी काटे अपने बाल



**नोएडा।** ईरान में हिजाब के विरोध में पुलिस हिरासत में 22 वर्षीय कुर्दिश महिला माहसा अमीनी की मौत के विरोध में वहां बड़े स्तर पर प्रदर्शन हो रहे हैं, लेकिन अब दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से इसको समर्थन मिल रहा है। नोएडा सेक्टर-15 ए निवासी डॉ. अनुपमा भारद्वाज ने भी इसके समर्थन में अपना वीडियो सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म पर साझा किया है। इस वीडियो में डॉ. अनुपमा भारद्वाज अपने बालों को काटती हुई दिख रही हैं। डॉ. अनुपमा ने कहा कि 21वीं सदी में इस तरह की घटनाएं बेहद दुर्भाग्यपूर्ण हैं। हर किसी को इसके खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। यह महिलाओं के मामलों में गंभीरता से बात करने का समय है। भारत में भी महिलाओं के सामने अनेक समस्याएं हैं। इन पर खुलकर बात करने का समय है। यह किसी धर्म विशेष की नहीं बल्कि सभी आम महिलाओं की बात है। लोगों में महिलाओं के मुद्दों को लेकर जागरूकता का अभाव है। उन्होंने कहा कि मैं माहसा अमीनी के समर्थन के साथ हर उस सोच के खिलाफ लोगों का ध्यान आकर्षित करना चाहती हूं, जो महिला के अधिकारों को दबाने के लिए आतुर रहती है। कभी धर्म तो कभी जाति के नाम पर महिलाओं का शोषण होता है। महिलाओं को भी अपने मन से जीने का अधिकार है। कोई दूसरा व्यक्ति उनका रहन-सहन नहीं तय कर सकता।

## हत्या की वजह बताई: मोबाइल मुझसे लिया और दूसरे युवक से करने लगी बात

**अलीगंज (एटा)।** एटा में घर में घुसकर नाबालिग और उसके पिता की हत्या से सनसनी है। गुरुवार की देर रात हुई वारदात के आरोपी का एक वीडियो अब सामने आया है। इसमें आरोपी युवक डबल मर्डर की बात स्वीकारते हुए वारदात का कारण बता रहा है। पुलिस भी वारदात के पीछे प्रेम प्रसंग को ही कारण बता चुकी है। आरोपी युवक के अनुसार जिस किशोरी की हत्या हुई है उसको मोबाइल फोन दिया था। किशोरी किसी दूसरे युवक से बात करने लगी थी। इसी से आक्रोशित होकर अपना मोबाइल लेने गया था। लेकिन वहां बात बढ़ गई और किशोरी के साथ ही उसके पिता की भी हत्या कर दी। थाना जसरथपुर के गांव नगला बलू में गुरुवार की रात अंतराम (53), उसकी पत्नी फूलश्री और बेटी तनीषा (17) एक ही कमरे में सो रहे थे। इसी दौरान गांव का पुनीत उर्फ नन्हे घर में घुस गया। आरोप है कि वह तनीषा को जबरन अपने साथ ले जाने लगा। जब पिता अंतराम और मां ने विरोध किया तो नन्हें ने बेलचे से उन पर हमला कर दिया। बेटी तनीषा ने रोकने की कोशिश की तो उस पर भी बेलचे से कई वार किए। हमले की आवाज सुनकर पास के कमरे में सो रही अंतराम की बहू शशि जाग गई और शोर मचाना शुरू कर दिया। आसपास के लोग जब तक पहुंचे आरोपी युवक छत के रास्ते भाग निकला।

# आप मंत्री ने दिलाई शपथः मत करो राम व कृष्ण की पूजा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अरविंद केजरीवाल सरकार के मंत्री राजेंद्र पाल गौतम के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मंत्री की मौजूदगी में हजारों लोगों को 'राम और कृष्ण' को भगवान ना मानने की शपथ दिलाई गई।




भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अरविंद केजरीवाल सरकार के मंत्री राजेंद्र पाल गौतम के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मंत्री की मौजूदगी में हजारों लोगों को 'राम और कृष्ण' को भगवान ना मानने और कभी पूजा ना करने की शपथ दिलाए जाने का वीडियो सामने आने के बाद भाजपा ने कहा है कि यह बौद्ध और हिंदू धर्म मानने वालों को लड़वाने की कोशिश है। भाजपा ने राजेंद्र पाल गौतम के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने का ऐलान करते हुए मुख्यमंत्री केजरीवाल से कहा है कि 24 घंटे के भीतर बर्खास्त किया जाए। इस बीच राजेंद्र पाल गौतम ने सफाई देते हुए कहा है कि इसका किसी पार्टी से कोई लेनादेना नहीं है। सूत्रों का यह भी कहना है कि अरविंद केजरीवाल भी राजेंद्र पाल गौतम से नाराज हैं।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा, "केजरीवाल के मंत्री राजेन्द्र गौतम ने जिस तरह हिंदू देवी देवताओं का अपमान किया है वो निंदनीय है और उसके लिए उन्हें सजा मिलनी चाहिए। आम आदमी पार्टी का इतिहास हमेशा से ही नफरत फैलाना और हिंदू धर्म के अपमान करने का रहा है।" दिल्ली से भाजपा के सांसद मनोज तिवारी ने भी कहा कि यह हिंदू और बौद्ध धर्म मानने वालों को लड़ाने की कोशिश है। उन्होंने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को चुनौती देते हुए कहा कि यदि वह राजेंद्र पाल की बातों से असहमत हैं तो 24 घंटे के भीतर बर्खास्त करें। दोनों नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान यह भी कहा कि वह गौतम के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाने जा रहे हैं।

राम और कृष्ण भगवान नहीं और कभी इनकी पूजा नहीं करेंगे, दिल्ली सरकार के मंत्री राजेंद्र पाल गौतम की मौजूदगी में हजारों लोगों को दिलाए गए शपथ पर विवाद गहराता जा रहा है। भाजपा ने शिकायत दर्ज कराई।

# पाकिस्तान में नौ महीने में छह भारतीय कैदियों की मौत, विदेश मंत्रालय बोला- सजा पूरी होने के बाद भी नहीं किया रिहा

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की जेलों में बंद भारतीय नागरिकों का पड़ोसी देश ने बुरा हाल कर रखा है। स्थिति यह है कि पिछले नौ महीने में पाकिस्तान की जेलों में बंद छह भारतीयों की मौत हुई है। यह मौत कैसे हुई और क्यों हुई इसका अंदाजा लगा पाना मुश्किल है। जिन छह कैदियों की मौत हुई है उसमें से पांच मछुआरे हैं। पाक की जेलों में बंद अपने लोगों की रिहाई के लिए भारत पड़ोसी देश के सामने कई बार यह मुद्दा उठा भी चुका है। इसके बाद भी पाकिस्तान की ओर से कोई कदम नहीं उठाया गया है।



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, पिछले 9 महीने में पाकिस्तान की हिरासत में 6 भारतीय लोगों की मौत हुई है जिसमें से 5 मछुआरे थे। इन सभी 6 लोगों ने अपनी सजा पूरी कर ली थी। भारत के द्वारा उनकी देश वापसी की अपील के बावजूद उन्हें गैरकानूनी ढंग से हिरासत में रखा गया। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारतीय कैदियों की पाकिस्तान में कैद के दौरान मृत्यु के बढ़ते मामले चिंता का विषय है। भारतीय कैदियों की सुरक्षा का मुद्दा इस्लामाबाद में हमारे हाई कमीशन द्वारा बार-बार उठाया गया है। पाकिस्तान सरकार से अपील है कि सभी भारतीय कैदियों को तुरंत रिहा करके भारत भेजा जाए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान की जेलों में 300 से अधिक भारतीय कैद है लेकिन, पड़ोसी मुल्क कहता है कि उसके यहां केवल 260 कैदी ही बंदी है। इनमें से कई कैदी ऐसे हैं जिनकी सजा भी पूरी हो चुकी है फिर भी पाकिस्तान उनको रिहा नहीं कर रहा है।

## पति की 'करतूत' बताने के बहाने पत्नी को अपने घर बुलाया, बेटी को गन प्वाइंट पर लेकर महिला से किया रेप

**मेरठ।** मेरठ में लिसाड़ी गेट क्षेत्र में सनसनीखेज वारदात सामने आई है। छह साल की बेटी को गन प्वाइंट पर लेकर उसकी मां के साथ दरिंदगी की गई। इस दरिंदगी को अंजाम देने वाला आरोपी महिला के पति का दोस्त है। महिला की अश्लील तस्वीरें भी ले ली। पुलिस से शिकायत करने पर आरोपी ने अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी दी। पीड़िता ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।



लिसाड़ी गेट क्षेत्र निवासी एक युवक मुंबई में कपड़ों का कारोबार करता है। मेरठ में शाहजहां कॉलोनी निवासी इमरान उसका साझीदार है। दो दिन पहले इमरान मेरठ आया था। इमरान ने साझीदार की पत्नी को कॉल किया और बताया कि उसके पति के एक युवती के साथ मुंबई में अवैध संबंध हैं। उसने बताया कि उसके पास दोनों की वीडियो और फोटो हैं। बहाने से महिला को इमरान ने अपने शाहजहां कॉलोनी स्थित आवास पर गुरुवार को बुला लिया। यहां महिला अपनी छह साल की बेटी के साथ पहुंची। आरोपी ने तमंचे के बल पर महिला और बेटी को बंधक बना लिया और बच्ची के सिर पर तमंचा रखकर गोली मारने की धमकी दी। इसके बाद महिला से दुष्कर्म किया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी, जिसके बाद मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी इमरान को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया।

ओपी राजभर को यकीन, बोले-समाज को अब कोई पार्टी नहीं कर सकती गुमराह सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि अब कोई पार्टी राजभर समाज को गुमराह नहीं कर सकती। उनके समाज के लोग सरकार बनाने-बिगाड़ने का दम रखते हैं।

# तीर्थ भ्रमण को 15 अक्तूबर से चलेगी विशेष ट्रेन

**वाराणसी।** देश के चार ज्योतिलिंगों का दर्शन कराने के लिए 15 अक्तूबर से स्वदेश दर्शन ट्रेन चलेगी। इसके माध्यम से श्रद्धालुओं को ओंकारेश्वर, महाकालेश्वर, सोमनाथ व नागेश्वर ज्योतिर्लिंग के साथ ही संग द्वारिकाधीश मंदिर (मथुरा) और बेट द्वारिका (गुजरात) के दर्शन होंगे। इसके अलावा यात्री द्वारिका स्थित शिवराजपुर बीच की भी सैर कर सकेंगे। आईआरसीटीसी ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं।



आईआरसीटीसी के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक (उत्तर क्षेत्र) अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि यह ट्रेन में गोरखपुर, वाराणसी कैंट, प्रयागराज संगम, लखनऊ, कानपुर और वीरांगना लक्ष्मीबाई स्टेशनों से उपलब्ध है। सात रात्रि और आठ दिन में यह आस्था पूरी होगी। इस दौरान यात्रियों के ठहरने, सड़क मार्ग से आने-जाने और भोजन-नाश्ते का प्रबंध आईआरसीटीसी करेगा। कॉरपोरेशन की बेवसाइट से यात्री ऑनलाइन बुकिंग करा सकते हैं। स्वदेश दर्शन ट्रेनों के अलावा, आईआरसीटीसी पर्यटन धार्मिक तीर्थयात्रियों के लिए कई प्रकार के टूर पैकेज प्रदान करता है।

कुछ सबसे लोकप्रिय लोगों में देव दर्शन यात्रा, शिरडी दर्शन के साथ ज्योतिर्लिंग यात्रा और स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, बालाजी दर्शन के साथ दक्षिण भारत यात्रा, दक्षिण भारत यात्रा, दक्षिण भारत आस्था यात्रा, द्वारकाधीश ज्योतिर्लिंग यात्रा, जगन्नाथ धाम यात्रा, तमिलनाडु का मंदिर त्रिभुज, तिरुपति टूर पैकेज, रामायण टूर पैकेज, और माता वैष्णो देवी दर्शन आदि शामिल हैं।

# उत्तरकाशी में हिमस्खलन में फंसे 19 पर्वतारोहियों की मौत

**उत्तरकाशी।** हिमस्खलन हादसे के तीसरे दिन रेस्क्यू टीमें घटनास्थल पर पहुंचने में कामयाब हो गईं। टीमों ने मौके से 19 पर्वतारोहियों के शव बरामद कर लिए। अब तक कुल 19 पर्वतारोहियों के शव निकाल लिए गए हैं। क्षेत्र में बर्फबारी शुरू होने के कारण गुरुवार दोपहर के बाद हवाई रेस्क्यू रोक दिया गया है। लेकिन मौके पर मौजूद टीमें लापता पर्वतारोहियों की तलाश में जुटी हुई हैं।

नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनेरिंग (निम) के रजिस्ट्रार विशाल रंजन ने बताया कि गुरुवार सुबह वायुसेना, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और हाईएल्टीट्यूड वारफेयर स्कूल, गुलमर्ग, कश्मीर की टीमें हिमस्खलन वाले स्थान तक पहुंचने में कामयाब हो गईं। टीमों ने मौके से 19 पर्वतारोहियों के शव बरामद कर लिए। जबकि, 10 लापता पर्वतारोहियों की तलाश की जा रही है। अब तक मिले 19 शवों में से दो निम के प्रशिक्षक और 17 प्रशिक्षुओं के हैं। डीएम अभिषेक रुहेला ने इसकी पुष्टि की है। सभी पर्वतारोहियों के शव डोकरानी बामक एडवांस बेस कैंप में लाए गए हैं। हवाई रेस्क्यू शुरू होने पर इन्हें उत्तरकाशी लाया जाएगा। दोपहर बाद रोका हवाई रेस्क्यू डीएम अभिषेक रुहेला ने बताया कि गुरुवार दोपहर बाद द्रौपदी डांडा क्षेत्र में हल्की बर्फबारी शुरू हो जाने से हेलीकॉप्टरों से किया जा रहा रेस्क्यू रोक दिया गया है। एसपी अर्पण यदुवंशी ने बताया कि शुक्रवार को मौसम ठीक रहने पर ही फिर से हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू की उम्मीद है। हालांकि घटनास्थल पर रेस्क्यू टीमें लापता पर्वतारोहियों की तलाश में जुटी हुई हैं।

# सीएम ऑफिस से आए एक फोन ने अफसरों में मचा दी खलबली, लगवा दी दौड़

**लखीमपुर खीरी।** अफसरों और कर्मचारियों के पास जब उनसे बड़े अधिकारी का फोन आता है तो पसीना-पसीना हो जाते हैं। लेकिन जब फोन सीएम आफिस या खुद मुख्यमंत्री का हो तो इन अफसरों और कर्मचारियों का क्या हाल होता होगा, इसका अंदाजा आप खुद ही लगा सकते हैं। ऐसा ही एक नजारा यूपी के लखीमपुर खीरी जिले में देखने को मिल गया। मामला गुरुवार का। यहां जिले में धीमी गति से बन रहे मेडिकल कालेज को लेकर मुख्यमंत्री ने नाराजगी जताई। इसको लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय से डीएम को फोन गया तो अफसरों में खलबली मच गई। सभी एक-दूसरे की बगले झांकने लगे। डीएम के फोन रखते ही अफसरों ने दौड़ लगा दी।

दरअसल जिला अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग तोड़कर यहां पांच मंजिला भवन बनना है। अभी तक पुराना भवन ही नहीं ढहाया गया। गुरुवार को मुख्यमंत्री कार्यालय से फोन आने के बाद अफसरों ने समीक्षा शुरू कर दी। डीएम महेन्द्र बहादुर सिंह ने सीडीओ से प्रगति आख्या मांगी है। गुरुवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के पास मुख्यमंत्री कार्यालय से फोन आया। मेडिकल कालेज के काम देरी के बारे में जानकारी ली गई। मुख्यमंत्री इस बात से भी नाराज हैं कि जिला अस्पताल के पुराने भवन को तोड़ने के लिए नीलामी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, लेकिन निर्माण कार्य शुरू करने में हीलाहवाली की जा रही है। पड़ताल में पता चला कि ठेकेदार ने 90 लाख रुपये में नीलामी ली थी, लेकिन उसने महज 60 लाख रुपये ही जमा किया है।

जिले में मेडिकल कालेज का अनुबंध चार जुलाई 2021 को हुआ था। 31 मार्च 2023 तक मेडिकल कालेज का निर्माण पूरा करना है। मेडिकल कालोज के लिए 279 करोड़ कुल बजट निर्धारित हुआ मेडिकल कालेज के लिए आवंटित हुआ है। इसमें से अब तक 108 करोड़ रुपये अवमुक्त हुए हैं। बताया जाता है कि अब तक 77 करोड़ रुपये निर्माण में खर्च हुए हैं।

## संक्षिप्त खबर

### लव ट्रैंगल में दोस्त हिस्ट्रीशीटर के हाथों मारा गया हिस्ट्रीशीटर, गर्लफ्रेंड समेत तीन गिरफ्तार

**कानपुर।** एक हिस्ट्रीशीटर की हत्या उसके दोस्त ने ही कर दी जो खुद एक हिस्ट्रीशीटर है। पुलिस ने इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि लव ट्रैंगल के चलते हिस्ट्रीशीटर को अगवा कर इस वारदात को अंजाम दिया गया था। इस मामले में गर्लफ्रेंड समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। परमपुरवा जूही निवासी शालू और शिवम बांगरू दोनों हिस्ट्रीशीटर हैं। दोनों के खिलाफ दस से ज्यादा अपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें चोरी, एनडीपीएस, बलवा, आयुध अधिनियम आदि गंभीर धाराएं भी शामिल हैं। दोनों दोस्त थे और दोनों एक साथ कई बार जेल भी जा चुके हैं। शालू के भाई शेरू ने बताया कि दशहरा को देर रात लगभग साढ़े 12 बजे शिवम और उसके साथ दो तीन अन्य लोग घर के बाहर पहुंचे थे। उन्होंने शालू को आवाज लगाई। शालू बाहर निकला और वे लोग उसे बात करते हुए ले गए। उसके बाद से शालू वापस नहीं लौटा। पूरी रात खोजने के बाद जब परिजनों को शालू का पता नहीं चला तो गुरुवार को उन्होंने जूही थाने में गुमशुदगी की तहरीर दी। पुलिस ने मामले में खोजबीन शुरू की।

### पिता पुत्री की बेहरमी से हत्या, मां घायल

**एटा।** कथित प्रेमिका को घर से भगाने गए युवक ने प्रेमिका और उसके पिता की बेहरमी से हत्या कर दी। मां गंभीर रुप से घायल हो गई। घायल को आगरा रेफर किया गया। आरोपी ने वेलचा से हमला किया। पिता पुत्री की हत्या की खबर मिलने पर डीआईजी मौके पर पहुंच गए। थाना जसरथपुर क्षेत्र के गांव नगला बलू निवासी अंतराम (50) पुत्र गंगाराम, उनकी पुत्री तनीषा (18) उनकी पत्नी फूलश्री गुरुवार की रात्रि को घर में सो रहे थे जब ये शुरू हुआ। बताया जा रहा है कि रात्रि करीब 12 बजे घर में किसी के घुसने की आहट हुई। परिजनों ने देखा तो गांव का ही पुनीत पुत्र उजागर सिंह घर घुसा हुआ था। यह लोग जाग गए। जैसे ही इन लोगों से आवाज लगाई तो वह इनके साथ हाथापाई करने लगा। आरोप है कि पुनीत ने अपने साथियों संग मिलकर बेलचा से अंतराम पर हमला कर दिया। पिता पर हमला होते देख बेटी तनीषा बचाने गई तो उसके ऊपर भी बेलचा से प्रहार कर दिए। इसी समय आई फूलश्री को भी नहीं छोड़ा।

### 18 अमीरों ने क्रिप्टो करेंसी से विदेश में खरीदी संपत्ति

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के धन्नासेठ दुबई और सिंगापुर में करोड़ों की संपत्तियां खरीद रहे हैं। इनकी खरीद और खरीद में इस्तेमाल रकम उनके आयकर रिटर्न में दर्ज नहीं पाई गई हैं। आयकर विभाग और ईडी की जांच में पता चला है कि यह रकम क्रिप्टोकरेंसी में अदा की गई और सारा खेल चाइनीज एप के जरिए छोटे-छोटे देशों में स्थापित क्रिप्टो एक्सचेंज के जरिए हुआ। दोनों विभागों ने अब तक क्रिप्टो की शक्ल में 700 करोड़ रुपये देश से बाहर जाने की सूचना हासिल कर ली है। इसमें 170 करोड़ रुपये अकेले कानपुर के हैं। लखनऊ, नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, आगरा से भी यह खेल हुआ है। टैक्स लगने पर जांच से खुला पुराना खेल एक अप्रैल 2022 को सरकार ने क्रिप्टो करेंसी पर 31 फीसदी टैक्स लागू कर दिया। डेढ़-दो महीने में ही अचानक क्रिप्टो कारोबार तेजी से नीचे आ गया। आयकर विभाग ने क्रिप्टो करेंसी के दोनों भारतीय एक्सचेंजों की पड़ताल की। इसमें पता चला कि 80 फीसदी क्रिप्टो निवेशकों ने भारतीय एक्सचेंजों से नाता तोड़ लिया है। क्या वे निवेशक क्रिप्टो कारोबार से ही अलग हो गए या महज एक्सचेंज छोड़े? इस सवाल का जवाब तलाशने में दोनों विभागों को चौंकाने वाले तथ्य मिले। दुबई में संपत्तियों की खरीदारी में क्रिप्टो करेंसी का इस्तेमाल हुआ है। आयकर और ईडी ने दुबई सरकार की एजेंसियों से क्रिप्टो के जरिए संपत्तियां खरीदने वाले भारतीयों का विवरण मांग लिया। दुबई से मिले विवरण में शामिल नामों का मिलान पासपोर्ट व आयकर रिटर्न से मिलान किया गया तो खेल पकड़ में आया।

### बीएचयू की छात्रा का न्यूड वीडियो बनाने में 2 गिरफ्तार

**वाराणसी।** बीएचयू की एक छात्रा को एक फर्जी आईपीएस अधिकारी ने वाट्सएप कॉल कर धमकाया। अश्लील वीडियो की जांच के नाम पर रुपए वसूले। फिर वाट्सएप कॉल पर न्यूड होने को कहा। पुलिस ने ऐसा करने वाले दो साइबर अपराधियों को झांसी से गिरफ्तार कर लिया है। उनमें से एक झांसी जिले के गुरसराय थाना के सरसैंडा का रहने वाला चंद्रपाल सिंह परिहार और दूसरा उसका साथी मो. नसीर है। चंद्रपाल, गिरोह का सरगना है। उसी ने खुद को आईपीएस अंकित गुप्ता बताया था। छात्रा से रुपये मो. नसीर के खाते में मंगवाए थे। छात्रा ने सोमवार रात लंका थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। उसे 11 सितंबर की रात अनजान नंबर से वीडियो कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को लखनऊ में तैनात आईपीएस अधिकारी अंकित गुप्ता बताया। उसकी डीपी में डीआईजी का लोगो लगा था। उसने कहा कि उसकी अश्लील वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। जांच के नाम पर डरा धमका कर 2400 रुपये ऑनलाइन ऐंठ लिये। छात्रा ने जब अपनी वीडियो होने से इनकार किया तो उसने कहा कि इसकी जांच महिला पुलिस अधिकारी ऑनलाइन करेंगी। छात्रा को व्हाट्सअप कॉल कर वीडियो की जांच के नाम पर न्यूड होने के लिए कहा। सहमी छात्रा ने कहा मान लिया। वीडियो कॉल कर एडिट अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग का धंधा आम हो चुका है। बदनामी के डर से प्राय रोज लोग ठगे जा रहे हैं लेकिन पुलिस के पास कभी-कभार पहुंच रहा है। बीएचयू के केस में छात्रा के हिम्मत दिखाने पर अपराधी पकड़े गये हैं। पुलिस आयुक्त ने अपील की कि ऐसे केस किसी के पास हों तो पुलिस में शिकायत दर्ज कराएं। पता और नाम गोपनीय रखते हुए कार्रवाई की जाएगी।

### रुड़की पहुंचे 170 पाकिस्तानी यात्री, खुफिया एजेंसियां अलर्ट पर

**रुडकी।** पाकिस्तान से 170 यात्रियों का जत्था शुक्रवार को रुड़की पहुंचा है। पाकिस्तानी यात्रियों के जत्थे के रुड़की पहुंचते ही खुफिया एजेंसियां अलर्ट मोड पर आ गई हैं। पाकिस्तान से 150 यात्रियों का दल लाहौरी एक्सप्रेस से सुबह रुड़की पहुंचा यहां कलियर में चल रहे 754वें उर्स में यह भागीदारी करेंगे। आगामी पांच दिनों तक कलियर उर्स में होने वाली विभिन्न रस्मों में शामिल होने के बाद यह वापस लौट जाएंगे। इनकी सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए सुबह ही पुलिस और खुफिया विभाग ने स्टेशन को छावनी में तब्दील कर दिया।

# नई मंडी श्रीराम लीला में श्री राम के राजतिलक पर रासलीला पर झूमें श्रद्धालु

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर नई मंडी श्री राम लीला भवन में श्री रामलीला के 96वें महोत्सव के तहत बीती रात्रि हो रही श्रीराम लीला का भगवान श्री राम के राजतिलक, रासलीला और पुरस्कार वितरण के साथ समापन हो गया। समापन अवसर पर श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष संजय मित्तल, मंत्री अशोक गर्ग, कोषाध्यक्ष आदित्य भरतिया ने कमेटी के सदस्यों के साथ कार्यक्रम में पधारे लोगों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में इस दौरान श्री गिरिराज लीला संस्थान वृंदावन के कलाकारों ने भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का संगीतमय रासलीला के बूते श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इस बीच रासलीला को देखकर तमाम श्रद्धालु भक्ति में झूम उठे।



नई मंडी श्री राम लीला के इस वर्ष के समापन अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष संजय मित्तल ने नई मंडी श्रीराम लीला से जुड़े सभी प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष व श्री राम लीला को देखने आने वाले सभी श्रद्धालुओं का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि जो भी श्रद्धालु यहां पर श्रीराम लीला का मंचन देखने के लिए आए, उन सभी के लिए कमेटी द्वारा बैठने की पानी की पूर्ण व्यवस्था की गई फिर भी अगर कमेटी की ओर से कोई कमी रह गई हो तो मैं हाथ जोड़कर पूरी कमेटी की ओर से क्षमा प्रार्थी हूं। उन्होंने कहा कि आप प्रत्येक वर्ष इसी तरह श्रीरामलीला में आकर पूरी कमेटी और आने वाले कलाकारों का इसी प्रकार उत्साहवर्धन करते रहे तथा धर्म लाभ उठाते रहे।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से कमेटी से जुड़े बृजगोपाल छारिया, राजीव अग्रवाल, उपेंद्र मित्तल, अभिषेक कुच्छल, विवेक गर्ग, विदित गुप्ता, डॉ. प्रदीप जैन, संजीव अग्रवाल, कुलदीप शर्मा, मास्टर मोहन लाल, अभिषेक अग्रवाल, रवि गोयल, शरद गोयल, राजकुमार गुप्ता, अतुल जैन आदि मौजूद रहे।

## हवा सूंघकर गुणवत्ता बताएगा पवन संतरी

**वाराणसी।** दिनोंदिन खराब होती हवा की जांच आईआईटी बीएचयू का ह्यपवन संतरी करेगा। एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) आधारित इस एयरगार्ड सिस्टम को आईआईटी के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. एनएस राजपूत ने तैयार किया है। हवा में घुली विषैली गैसों के साथ रोजमर्रा की जिंदगी में भी यह काफी काम आएगा।

आईआईटी बीएचयू के डॉ. एनएस राजपूत ने बताया कि यह डिवाइस न सिर्फ आपके आसपास की हवा की जांच कर सकेगी बल्कि लोकल डिस्प्ले के अलावा ईमेल, ब्लूटूथ और मोबाइल एप के जरिए आपको एलर्ट भी करेगी। इसे ह्यपवन संतरीह्न का नाम दिया गया है। घर में जलने वाली अगरबत्ती, किचेन से लीक हो रही गैस, घर में इस्तेमाल सब्जी-फलों की ताजगी के साथ ही यह खाना पकने का एलर्ट भी दे सकती है। उन्होंने बताया कि कई तरह के सेंसर और प्रोग्रामिंग पर काम करने वाली इस डिवाइस को अलग-अलग काम के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।

डॉ. राजपूत ने बताया कि इस डिवाइस को तैयार करने में दो साल का समय लगा। डिवाइस के साथ इसके कोडिंग पक्ष पर भी काम किया गया है। उन्होंने बताया कि तैयार डिवाइस की लागत 10 हजार रुपये तक होगी। उन्होंने बताया कि विदेशों में पांच लाख रुपये की कीमत पर ऐसे एयरगार्ड मिलते हैं मगर वह भी एआई तकनीक से लैस नहीं होते।

## पहले भी राम-कृष्ण के वजूद पर सवाल उठा चुके गौतम

**नई दिल्ली।** राम और कृष्ण भगवान नहीं और कभी इनकी पूजा नहीं करेंगे, दिल्ली सरकार के मंत्री राजेंद्र पाल गौतम की मौजूदगी में हजारों लोगों को दिलाए गए शपथ पर विवाद गहराता जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गौतम के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी है। राजेंद्र पाल गौतम इससे पहले भी केजरीवाल सरकार की किरकिरी करा चुके हैं। गौतम के ट्विटर हैंडल से 2019 में भगवान राम और कृष्ण के वजूद पर सवाल उठाते हुए विवादित ट्वीट किया गया था। हालांकि, बाद में उन्होंने दावा किया था कि उनका ट्विटर हैंडल किसी ने हैक कर लिया था।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता पार्टी के कुछ नेताओं के साथ संसद मार्ग पुलिस थाने में दिल्ली सरकार के सामाजिक कल्याण के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। आदेश गुप्ता ने कहा, "भारत में सामाजिक और धार्मिक आधार पर नफरत फैलाने की साजिश है। किसी भी धर्म में हिंदू धर्म के खिलाफ कोई बात नहीं कही गई है। ना तो कोई धर्म और ना संविधान इसकी इजाजत देता है। केजरीवाल के इशारे पर मंत्री ने जो बात कही ना तो वह कानूनी रूप से ठीक है और ना ही समाजिक या संवैधानिक रूप से ठीक है।" आदेश गुप्ता ने इस मुद्दे पर केजरीवाल की चुप्पी पर भी सवाल उठाया।

**पहले भी करा चुके आप की किरकिरी...**नवंबर 2019 में भी राजेंद्र पाल ऐसे ही एक विवाद में घिरे थे। तब भी उन्होंने भागवान राम और कृष्ण के वजूद पर सवाल उठाया था। राजेंद्र पाल गौतम के ट्विटर हैंडल से ट्वीट किया गया, "अगर यह बात प्रमाणित है कि राम और कृष्ण तुम्हारे पूर्वज हैं तो इतिहास में इनको पढ़ाया क्यों नहीं जाता। पूर्वजों का कोई इतिहास होता है, जबकि इनका कोई प्रमाणिक इतिहास नहीं है। यह पौराणिक कथाएं हैं, ऐतिहासिक नहीं जबकि पेरियार जी का दृष्टिकोण प्रमाणिकता और तार्किकता के आधार पर था।" हालांकि, इस पर विवाद बढ़ा तो गौतम ने दावा किया कि किसी ने उनका अकाउंट हैक करके यह ट्वीट किया था।

# 52 साल की मालकिन से ड्राइवर ने किया रेप

**गुरुग्राम।** दिल्ली से सटे हरियाणा के गुरुग्राम जिले में 52 साल की एक महिला के साथ कथित तौर पर एक साल से भी अधिक समय तक बार-बार बलात्कार करने का मामला सामने आया है। महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। अधिकारियों ने गुरुवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित महिला की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के मुताबिक, आरोपी पीड़िता के पति का ड्राइवर के तौर पर काम करता था और घर के कामों में भी मदद करता था।



शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि 10 दिसंबर 2019 को जब वह घर पर अकेली थी तो ड्राइवर उसके कमरे में घुसा और उसके साथ दुष्कर्म किया। जब उसने ड्राइवर का विरोध किया तो आरोपी ने कथित तौर पर उसके पति को जान से मारने की धमकी दी और उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने शिकायतकर्ता के हवाले से कहा कि उस दिन के बाद आरोपी ने कथित तौर पर एक साल से अधिक समय तक उसके साथ बलात्कार किया और अपने पति को इस बारे में बताने की कोशिश करने पर जान से मारने की धमकी दी।

महिला ने अपनी शिकायत में कहा कि मैं काफी देर तक चुप रही, लेकिन अब मैंने आखिरकार पुलिस से संपर्क करने का फैसला किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस संबंध में बुधवार को सेक्टर 51 के महिला पुलिस थाने में चालक के खिलाफ आईपीसी की धारा 376 (बलात्कार) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि वे तथ्यों की पुष्टि कर रहे हैं और कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## विकास प्राधिकरणों को पीएफ के पैसे का देना होगा हिसाब

**लखनऊ।** यूपी में विकास प्राधिकरणों को कर्मचारियों के पीएफ के पैसे का हिसाब देना होगा। उन्हें बताना होगा कि कार्मिकों के पीएफ का पैसा हर माह कितना और कहां जमा किया जा रहा है। आवास विभाग ने विकास प्राधिकरणों से इसकी स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। प्रमुख सचिव आवास नितिन रमेश गोकर्ण की अध्यक्षता में हुई बैठक में विकास प्राधिकरणों में कार्यरत कार्मिकों के पेंशन भुगतान और जमा किए जाने वाले उनके अंशदान को लेकर चर्चा हुई थी। इस बैठक में पाया गया कि कुछ विकास प्राधिकरण समय से पीएफ अंशदान का पैसा जमा नहीं कर रहे हैं। इसमें आजमगढ़, बागपत, चित्रकूट, कपिलवस्तु, मिजार्पुर, मुजफ्फरनगर, उरई, सोभद्र और उन्नाव की स्थिति खराब पाई गई। सबसे अच्छी स्थिति अयोध्या, बस्ती, गोरखपुर, हापुड़ और सहारनपुर की पाई गई। इन विकास प्राधिकरणों ने अपने कर्मचारियों की जनवरी 2023 तक पूरी पेंशन धनराशि जमा कर दी है। प्रमुख सचिव आवास ने इसके आधार पर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्षों को निर्देश दिया है कि कर्मचारियों के पीएफ का पैसा उसके खाते में अनिवार्य रूप से जमा कराया जाए। लखनऊ में डेंगू मरीजों का टूटा रिकॉर्ड, पढ़ें आपके जिले का हाल और कितना खतरनाक है ये मच्छर इसके साथ ही यह भी निर्देश दिया गया है कि जो भी कर्मचारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं उन्हें उनके सभी देयों का लाभ तुरंत दिया जाए, जिससे बार-बार उन्हें विकास प्राधिकरणों के चक्कर न लगाने पड़े।

## देहरादून-दिल्ली रूट पर दौड़ेंगीं ई-बसें

**देहरादून।** दून-दिल्ली रूट पर मुंबई की कंपनी इलेक्ट्रिक बसें चलाएगी। उत्तराखंड रोडवेज ने इस कंपनी को पांच बसें चलाने की अनुमति दे दी है। पायलट प्रोजेक्ट के तहत इस रूट पर तीन महीने का ट्रायल होगा। यदि ट्रायल सफल रहा तो रोडवेज इस रूट पर अनुबंध के आधार पर शत-प्रतिशत इलेक्ट्रिक बसें चलाएगा। दरअसल, दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण कम करने के लिए वहां की केजरीवाल सरकार डीजल से चलने वाले पुरानी बसों की एंट्री कभी भी बंद कर सकती है। सरकार कई बार उत्तराखंड रोडवेज को इस बाबत पत्र भी भेज चुकी है।

रोडवेज ने तीन महीने पहले दिल्ली रूट पर अनुबंध पर सीएनजी बसें चलाने के लिए टेंडर किए, लेकिन बहुत कम वाहन स्वामी बसें चलाने को आगे आए। 141 बसों के लिए हुए टेंडर में वाहन स्वामी सिर्फ 40 बसें रोडवेज को देने के लिए आगे आए। यह बसें भी अभी तक रोडवेज को नहीं मिल पाई हैं। ट्रायल के तौर पर चलने वाली कंपनी की इलेक्ट्रिक बसों में रोडवेज का ही कंडक्टर रहेगा। कंपनी रोडवेज को पांच रुपये प्रति किमी के हिसाब से भुगतान करेगी। इसका किराया रोडवेज की वॉल्वो बस के बराबर होगा। इसके साथ ही यात्री बस की बुकिंग रोडवेज की वेबसाइट पर भी होगी। इसकी समयसारिणी भी रोडवेज की ओर से तय की जाएगी।

## उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के अध्यक्ष बने विजय शर्मा







**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद की जिला शाखा की बैठक एसडी इंटर कॉलेज में संपन्न हुई। बैठक में दीपचन्द ग्रेन चैंबर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य विजय कुमार शर्मा को अध्यक्ष व एसडी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सोहन पाल सिंह और वैदिक पुत्री कन्या इंटर कॉलेज प्रधानाचार्या डॉ. राजेश कुमारी को महिला संवर्ग की महामंत्री चुना गया।

प्रधानाचार्यो की समस्याओं के निदान के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद की बैठक में डॉ. कैप्टन प्रवीण चौधरी प्रधानाचार्य भोकरहेड़ी और सुधीर त्यागी बरला को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नरेन्द्र प्रताप डॉ. विकास कुमार और फूलचन्द को उपाध्यक्ष और यतेन्द्र धीर, विजय तोमर, डॉ. सन्त कुमार को मंत्री व डॉ. सलीम अहमद को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा क्षितिज मिश्रा, मोनिका को संगठन मंत्री और सुमित्रा सिंह व डॉ. प्रभात कुमार को सर्व सम्मति से संयुक्त मंत्री चुना गया है। कार्यकारिणी में डॉ. कंचन प्रभा शुक्ला, अजय कुमार, उपेन्द्र सिंह, डॉ. रविन्द्र सैनी, पिन्टू यादव, धर्मपाल और संजय राणा को शामिल किया गया है।

## नई मंडी पटेलनगर रामलीला में राज्यमंत्री ने किया पूजा-अर्चन

**मुजफ्फरनगर।** आदर्श रामलीला कमैटी पटेलनगर की ओर से आयोजित की जा रही श्री रामलीला में श्री राम के राजतिलक के साथ चली आ रही लीला का समापन किया गया। इस दौरान कमैटी की ओर से रामलीला के कलाकारों एवं सहयोगियों को पुरस्कार व पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। पूजन के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

श्री आदर्श रामलीला कमैटी पटेलनगर की ओर से बीते 47 वर्षो से रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। पटेलनगर में चल रही श्री रामलीला में श्रीराम के राजतिलक अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, उद्यमी रघुराज गर्ग सपत्नीक, सौरभ स्वरूप बंटी, रामअवतार गोयल, व मनीष कपूर उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री आदर्श रामलीला कमैटी की ओर से रामलीला में स्थानीय कलाकारों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने रामलीला में अपना किरदार निभाने वाले स्थानीय कलाकारों के साथ श्री आदर्श रामलीला कमैटी की प्रशंसा की। इस दौरान श्री आदर्श रामलीला कमैटी प्रबंधक अनिल ऐरन को पगडी पहनाकर सम्मानित किया। समापन के बाद सभी भगवान स्वरूपों का हरिद्वार गंगा स्नान बाद माता चंडी देवी मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया जायेगा। इसके साथ ही रामलीला मंचन का पूर्ण समापन हो जायेगा। इस दौरान श्री आदर्श रामलीला कमैटी पटेलनगर प्रबंधक अनिल ऐरन, संयोजक विकल्प

**उद्यमी रघुराज गर्ग ने किया कलाकारों को पुरस्कार वितरण**



जैन, मनीष चौधरी, गोपाल चौधरी, प्रमोद गुप्ता, पंकज शर्मा, गोविंद शर्मा, नारायण ऐरन, पीयूष शर्मा, अंशुल गुप्ता, पंकज शर्मा, विजय मित्तल, जितेन्द्र कुच्छल आदि का विशेष सहयोग रहा।

# छात्र संघों के चुनाव के लिए आंदोलन करेगी रालोद छात्र सभा

**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्रीय लोकदल छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष अमन पांडेय ने छात्र संघों के चुनाव कराने की मांग करते हुए आरोप लगाया है कि भाजपा चाहती है कि नेता आरएसएस से ही पैदा हों, अन्य युवाओं को इसका मौका ना मिले। उन्होंने कहा कि छात्र संघ चुनाव तथा कई स्थानों पर अनापशनाप फीस वृद्धि के विरोध में रालोद आंदोलन करेगा।

सिंचाई विभाग के डाकबंगले पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए रालोद छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि संगठन बढ़ी फीस और छात्रसंघ के चुनाव के मुद्दे उठाता रहा है और भविष्य में भी प्राथमिकता से इन मुद्दों को उठाता रहेगा। जब दिल्ली और राजस्थान मे छात्र संघ चुनाव हो सकते हैं तो उत्तर प्रदेश में क्यों नही। उन्होंने कहा कि छात्रसंघ के चुनाव तत्काल कराए जाएं ताकि छात्रों के मुद्दे प्राथमिकता से उठाए जा सकें। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा चाहती है कि नेता केवल संघ से निकलें, अन्य लोगों को इसका मौका ना मिले। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल अग्निवीर भर्ती के खिलाफ है, परन्तु जो छात्र अग्निवीर भर्ती मे प्रतिभाग करने आ रहे है, उनके भोजन एवं रहने की व्यवस्था रालोद जिला कार्यालय पर निशुल्क की जा रही है। उन्होंने बताया कि रालोद छात्रसभा के विस्तार और नए युवाओं को इससे जोड़ने के लिए वे प्रदेश के विभिन्न जिलों में दौरे पर हैं। मेरठ, मुजफ्फरनगर, शामली व बागपत आदि में संगठन को मजबूत बनाने पर काम चल रहा है। इलाहाबाद में छात्रों का बढ़ी हुई फीस को लेकर धरना चल रहा है। छात्रसभा मांग करती है कि इस बढ़ी हुई फीस को तुरंत माफ किया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश की सरकार विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए कार्य कर रही है। इस दौरान रालोद के जिलाध्यक्ष प्रभात तोमर, पूर्व जिलाध्यक्ष अजित राठी, सार्थक लाटियान, क्षेत्रीय अध्यक्ष रुहेल खंड प्रशान्त औलख आदि मौजूद रहे। संजय राठी, छात्र नेता नितेश चौधरी, युवाध्यक्ष विदित मलिक, छात्र नेता अभय अहलावत,छात्र नेता काजी फैज, छात्र नेता निखिल राठी सैनपुर, हेमंत, अर्पित, हिमांशु, जगपाल नेता, समीर इत्यादि ने उनका स्वागत किया।



## बेटी के प्रेम-प्रसंग से बौखलाया सौतेला पिता, निकाह के बहाने घर बुलाकर प्रेमी के घोंप दिया चाकू

**मुरादाबाद।** एक सौतेला पिता बेटी के प्रेम-प्रसंग से इस कदर बौखला गया कि उसने बेटी के प्रेमी को चाकू घोंप दिया। लड़की के पिता ने निकाह कराने के बहाने बेटी के प्रेमी को घर बुलाया था। घायल युवक को मोहल्ले वालों ने किसी तरह बचाकर परिजनों को बुलाया। लहूलुहान हालत में ही युवक परिजनों के साथ एसएसपी आफिस पहुंचा। मामले में मझोला पुलिस ने घायल का जिला अस्पताल में मेडिकल कराया है।

मामला मझोला थाना क्षेत्र के जयंतीपुर का है। ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर दोस्त निवासी साहिल अली खून से लथपथ हालत में एसएसपी ऑफिस पहुंचा। वहां शिकायती पत्र देकर तीन लोगों पर चाकू मारकर घायल करने का आरोप लगाया। उसने पुलिस को बताया कि बीते करीब डेढ़-दो साल से एक युवती से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती के



पिता की मौत होने के बाद उसकी मां ने मझोला थाना क्षेत्र के जयंतीपुर निवासी युवक से निकाह कर लिया था।

साहिल का आरोप है कि सौतेला पिता युवती पर बुरी नजर रखता था। दूसरी ओर साहिल अली और युवती के प्रेम के बारे में उसे पता चल गया। बुधवार को युवती के सौतेले पिता ने कॉल करके युवती से निकाह कराने की बात कहकर बुला लिया। साहिल अली जब जयंतीपुर में युवती के घर पहुंचा तो उसका सौतेला पिता दो अन्य आरोपियों के साथ मौजूद था।



सम्पादक की कलम से

# सम्प्रदाय परिवर्तन सभा

चलो बुद्ध की ओर मिशन जय भीम के तत्वावधान में डॉक्टर अंबेडकर भवन रानी झांसी रोड पर 10,000 से अधिक लोगों ने तथागत गौतमबुद्ध के धम्म में घर वापसी कर जातिविहीन व छुआछूत मुक्त भारत बनाने की शपथ ली। इस सभा को लेकर भाजपा और आम आदमी पार्टी के नेता एक-दूसरे से ट्वीटर पर भिड़ रहे हैं। कई सामाजिक संगठनों ने इस सभा में देवी देवताओं के विरुद्ध बोलने की निन्दा की है। भाजपा का आरोप है कि इस सभा में हिन्दू देवी देवताओं के बारे में जो कहा गया है, वो गलत है। इस सभा का वीडियो सामने आने के बाद भारतीय जनता पार्टी के नेताओं कपिल मिश्रा, मनोज तिवारी ने आम आदमी पार्टी को हिन्दू विरोधी बताया। वहीं इस पूरे वाकये को लेकर दिल्ली भाजपा, दिल्ली सरकार के मन्त्री राजेंद्र पाल गौतम के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज करवाने वाली है। राजेंद्र पर लोगों को दीक्षा दिलाने के दौरान हिन्दू और बौद्ध धर्म को कलंकित और अपमानित करने का आरोप लगाया गया है। साथ ही केजरीवाल से राजेंद्र पाल गौतम को तत्काल पद से हटाने की मांग की जा रही है। भारत का संविधान सभी भारतीयों को साम्प्रदायिक स्वतंन्त्रता प्रदान करता है कोई भी, कभी भी, किसी भी,सम्प्रदाय को छोड़कर किसी भी सम्प्रदाय को अपना सकता है। सम्प्रदाय परिवर्तन सभा का आयोजन भी किया जा सकता है, किन्तु ऐसी सभा में किसी अन्य सम्प्रदाय के विरोध में बोलने की अनुमति संविधान नहीं देता। कोई भी अपने सम्प्रदाय की प्रसंशा कर सकता है, किन्तु अन्य सम्प्रदाय के विरुद्ध नहीं बोल सकता। प्रत्येक व्यक्ति को अपनी पसंद के किसी भी सम्प्रदाय को चुनने और मानने का अधिकार है। यह एक संवैधानिक अधिकार है। यदि किसी को सम्प्रदाय परिवर्तन के लिए मजबूर किया जाता है, तो यह अलग मुद्दा है लेकिन स्वतः सम्प्रदाय परिवर्तन व्यक्ति का विशेषाधिकार है। जब कोई व्यक्ति भारत में सम्प्रदाय बदलने का फैसला करता है, तो प्रक्रिया को कानूनी रूप से पूरा करना होता है, ताकि नया सम्प्रदाय देश भर में सभी स्वीकृत सरकारी आईडी में परिलक्षित हो। ऐसा करने के लिए,सम्प्रदाय परिवर्तन शपथ पत्र को अनिवार्य रूप से तैयार करना होगा। शपथ पत्र एक कानूनी दस्तावेज है जिसमें नाम, नया सम्प्रदाय, पुराना सम्प्रदाय और पता जैसे विवरण शामिल हैं। इसे स्टांप पेपर पर बनाया जाता है और नोटरी पब्लिक द्वारा नोटरी किया जाता है।यह सभा इसीलिए लोगों के निशाने पर आ गयी है कि इसमें सम्प्रदाय परिवर्तन के साथ अन्य सम्प्रदाय के विरुद्ध बोला गया। आम आदमी पार्टी सरकार में समाज कल्याण मंत्री राजेंद्र पाल गौतम की उपस्थिति में यह कार्यक्रम किया हुआ। भाजपा का आरोप है कि राजेंद्र गौतम की उपस्थिति में हिन्दू देवी देवताओं का अपमान करते हुए शपथ ली गई है। बीजेपी नेताओं ने मांग की है कि इस कृत्य के लिए अरविंद केजरीवाल के मन्त्री माफी मांगे। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो पर बीजेपी का दावा है कि इस कार्यक्रम के दौरान राजेंद्र पाल गौतम उपस्थित थे। वायरल वीडियो में राजेंद्र पाल गौतम हजारों लोगों के साथ शपथ ले रहे हैं, जिसमें शपथ दिलाई जा रही है कि हिन्दू देवी-देवताओं की पूजा न की जाए। इस वीडियो के सामने आते ही भाजपा नेताओं ने आम आदमी पार्टी पर कई तरह के सवाल खड़े कर दिए। बीजेपी नेताओं का आरोप है कि केजरीवाल हिन्दू विरोधी हैं। भाजपा प्रवक्ता तेजिंदर पाल सिंह बग्गा ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को टैग कर लिखा,अब पता चला अरविंद केजरीवाल दिवाली, दशहरे पर हिन्दुओं पर पाबंदी क्यों लगवाता है। कश्मीरी पंडितों के नरसंहार को झूठा क्यों बोलता है। ये मंच पर शपथ लेने वाला और हिन्दू देवी देवताओं को अपमानित करने वाला केजरीवाल का मन्त्री राजेंद्र पाल हैं। केजरीवाल का हिन्दू विरोधी चेहरा नंगा हो गया। बीजेपी नेता मनोज तिवारी ने अरविंद केजरीवाल को घेरते हुए लिखा कि इतना हिन्दू विरोधी है आम आदमी पार्टी? हिन्दू धर्म के विरुद्ध शपथ ले रहे हैं और दिला दे रहे हैं ये आप के मन्त्री। बीजेपी नेता कपिल मिश्रा ने आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए कमेंट किया, केजरीवाल का मन्त्री दिल्ली में हिन्दुओं को,हिन्दू देवी देवताओं को भला बुरा रहा है और केजरीवाल गुजरात में जय श्री कृष्णा बोलने का ढोंग कर रहा है। मुफ़्त का सामान देकर गरीब हिन्दुओं का धर्म परिवर्तन कराने वाली एजेन्सी बन गयी है आम आदमी पार्टी।इस वीडियो पर एक ट्वीटर यूजर लिखते हैं कि यह सभी प्रतिज्ञाएं बाबा साहब ने दीक्षा भूमि नागपुर में 1956 में ली थीं, मोदी जी से पूछिए कि वे बाबा साहब के भक्त क्यों हैं? उनके नाम पर पंचतीर्थ क्यों बनाए? भारत बहुत विविधताओं वाला देश है मनोज जी। एक सांचे में ढालने की कोई कोशिश यहां कामयाब नहीं होती।एक अन्य यूजर ने इस वीडियो को शेयर कर लिखा, केजरीवाल के खास मन्त्री राजेंद्र पाल दिल्ली में सामूहिक धर्मांतरण करा रहे हैं, ऊपर से सनातन धर्म, भगवान श्री कृष्ण, श्री राम की खुले मंच से निन्दा कर रहे हैं। अरविंद केजरीवाल जी सनातन धर्म को समाप्त करने का ठेका कहां से लिया है ? इस सभा में डॉक्टर अंबेडकर के पड़पोते राजरत्न अंबेडकर भी मौजूद थे। जिन्होंने शपथ के रूप में बाबा साहेब की 22 प्रतिज्ञाओं को दोहराया। वीडियो वायरल होने के बाद राजेंद्र गौतम ने कहा, अगर मेरी आस्था बौद्ध धर्म में है, तो उससे किसी को क्या दिक़्कत है? भाजपा को शिकायत करनी है तो वह करे, भारत का संविधान हमें किसी भी धर्म को मानने की आजादी देता है। भाजपा की जमीन खिसक रही है और वह आम आदमी पार्टी से डरती है। इस सभा की निन्दा का सिलसिला थमा नहीं है। विश्व हिन्दू परिषद के प्रवक्ता विनोद बंसल ने भी आम आदमी पार्टी पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि जिहादी तुष्टीकरण व ईसाई मिशनरियों के संरक्षण के साथ अब आप सरकार दिल्ली में धर्मांतरण के सार्वजनिक अड्डे भी चलाने लगी? दिल्ली के मन्त्री स्वयं हिन्दू देवी देवताओं के विरुद्ध शपथ दिला रहे हैं। राजनीति का निकृष्टम हिंदू द्रोही चेहरा और क्या होगा? कठोरतम कार्यवाही आवश्यक है।

-सुनील 'उत्सव'

## चार तीर

**"गोष्ठी" "मंच" "नीरज" "साहिर"**

चुटकुलों की गोष्ठी को देखकर क्या सोचते,
मंच पर बेहूदगी को देखकर क्या सोचते।
ये तो अच्छा है कि नीरज और साहिर चल बसे,
काव्य की इस खलबली को देखकर क्या सोचते।

# आपूर्ति रही 12 घंटे बाधित

**मुजफ्फरनगर, 07 अक्टूबर (बु.)।** शुक्रवार को विद्युत विभाग की पूर्व सूचना के चलते जनपद के पांच गांव समेत औद्योगिक क्षेत्र की बिजली आपूर्ति करीब 12 घंटे तक पूरी तरह से ठप्प रही। इस बीच विभागीय टीम क्षेत्र में एक्सएलपीई केबिल को डालने के कार्य को लेकर भोपा रोड स्थित मखियाली बिजलीघर को जौली उपकेन्द्र से सप्लाई नहीं मिल पायी। उधर, विद्युत विभाग की टीम द्वारा पूर्व में निर्धारित किए गए समय पर केबिल डालने का कार्य पूरा नहीं कर पायी है। विभागीय टीम को कार्य पूरा करने में ऐसे में करीब 12 घंटे लगे है। शुक्रवार को नगरीय विद्युत वितरण मंडल प्रथम मुजफ्फरनगर के अधिशासी अभियंता यतेन्द्र कुमार ने बताया कि 132 केवी प्राथमिक उपकेन्द्र जौली से निर्मित 33केवी औद्योगिक पोषक 1 पर 33 केवी ओवरहैड एक्सएलपीई केबिल डालने का कार्य किया गया है। विभागीय टीम ने सुबह आठ बजे कार्य शुरू कर दिया था। मौसम खराब होने के कारण केबिल डालने का कार्य निर्धारित समय पर पूरा नहीं हो पाया है। विभागीय टीम को शुक्रवार को उक्त कार्य को शाम के करीब 6 बजे पूरा करना था, लेकिन इस बीच बारिश के कारण विभागीय टीम का कार्य घंटों प्रभावित रहा। केबिल डालने के कार्य को लेकर 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र मखियाली से आपूर्ति ठप्प रही। उन्होंने बताया कि इस बिजलीघर से गांव मखियाली, मेघाखेडी, धंधेडा, जट मुझेडा, भंडूरा के साथ ही औद्योगिक पोषकों की सप्लाई नहीं मिल पायी। उन्होंने बताया कि विद्युत आपूर्ति ठप्प होने के कारण उक्त गांव के लोग शुक्रवार को दिनभर काफी परेशान रहे। इन गांव में रात्रि करीब आठ बजे सप्लाई शुरू हो पायी है। ऐसे में बड़ी संख्या में ग्रामीणों को इस बीच पशुओं के चारे को लेकर दिक्कतों का सामना करना पड़ा।



# कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय में डीएम ने किया पौधारोपण

**मुजफ्फरनगर, 07 अक्टूबर (बु.)।** कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में शुक्रवार को जनपद स्तरीय कार्यालय का वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन डीएम चन्द्र भूषण सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित वन स्टॉप सेन्टर के तत्वावधान में संचालित स्वच्छता अभियान स्पेशल कैंपेन-2 के अर्न्तगत 2 से 31 अक्टूबर तक विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम संचालित किये जाने की योजना है। शुक्रवार को डीएम कार्यालय परिसर में जनपद स्तरीय कार्यालय वृक्षारोपण कार्यक्रम में डीएम चन्द्र भूषण सिंह की अध्यक्षता में संपन्न कार्यक्रम में अधिकारी-कर्मियों द्वारा वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में डीएम चन्द्र भूषण सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हेतु अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण किया जाना भी जरुरी है जिसके लिए शासन-प्रशासन द्वारा निरन्तर रूप से कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण के कार्यक्रम में सभी विभागों द्वारा अपने स्तर से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर फलदार व छायादार पौधे जैसे अशोक, आंवला, फाईकस, गुडहल, गुलाब, गेंदा, करी पत्ता इत्यादि का पौधारोपण किया जा रहा है, जो कि निकट भविष्य में आम जन-मानस को अत्याधिक लाभ देगा एवं पर्यावरण के हित में लाभकारी होगा और हम सबको ऑक्सीजन और फल दोनों देंगे। जनपद स्तर पर आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में एडीएम वित्त अरविन्द कुमार मिश्र, एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अनूप कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी श्री सतीश चन्द्र गौतम एवं राजीव कुमार अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, पूजा नरूला, प्रबन्धक, वन स्टॉप सेन्टर, बाल संरक्षण अधिकारी नीना त्यागी, आहार विशेषज्ञ आयुषी अग्रवाल एवं सोनिया सिंघल व जिला प्रोबेशन कार्यालय के सदस्य उपस्थित रहे।



# राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप ने किया कार्यकर्ताओं संग गहन मंथन

**मुजफ्फरनगर, 07 अक्टूबर (बु.)।** राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप ने शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पर पहुंचकर ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं के साथ बैठक की। इससे पूर्व जिला मुख्यालय पर पहुंचने पर राज्यमंत्री का मौजूद सभी लोगों ने बुके एवं माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। मुजफ्फरनगर मुख्यालय पर प्रदेश के राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप ने डाक बंगले पर पार्टी के तमाम कार्यकर्ताओं और मौजूद लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को इन समस्याओं के समाधान किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि योगी सरकार ने काम किया जिससे सभी कार्यकर्ता और जनता बहुत खुश हुई। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी सरकार की प्राथमिकता हर वर्ग की समस्याओं के निदान के साथ विकास को गति देने की रही है। बाद में राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप ने दिव्यांगजन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए शासन की नीतियों के बारे में विस्तार से चर्चा की और विभाग को निर्देश दिया कि जनपद में पात्रों को सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ पहुंचाया जाए वह भी सुगमता के साथ इसका ध्यान रखा जाए। इस दौरान हरपाल महार, रामकुमार कश्यप सुंदर पाल जिलाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा, विजय वर्मा जिला मंत्री ओबीसी मोर्चा, सचिन प्रजापति मंत्री ओबीसी, कुमाल जैदी, प्रदीप, सुरेंद्र, राजबीर आदि लोग उपस्थित थे।

# 100 से अधिक मदरसों पर हो सकती है कार्रवाई

**अलीगढ़, 7 अक्टूबर (वार्ता)।** यूपी सरकार की ओर से दिए गए अवैध मदरसों की रिपोर्ट सौंपने की तारीख अब नजदीक आ रही है। इसको लेकर ताला-तालीम की नगरी अलीगढ़ में अवैध मदरसों को चिन्हित करने के लिए हो रहा सर्वे लगभग पूरा हो चुका है। सर्वे में करीब 100 से अधिक अवैध मदरसे मिले हैं। यूपी मदरसा बोर्ड से इन मदरसों की कोई मान्यता नहीं पाई गई। जल्द ही रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड के तहत जिले में कुल 125 मदरसे संचालित हो रहे हैं। इनमें चार सरकारी व अन्य मान्यता प्राप्त निजी मदरसे हैं। इन मदरसों में करीब 10 हजार से अधिक छात्र पढ़ते हैं। अधिकारियों की टीमों ने क्षेत्र में जाकर अवैध मदरसों को चिन्हित किया। बिना पंजीकरण व मान्यता के चलने वाले लगभग 100 मदरसों की जानकारी प्रशासनिक टीम को मिली है। कुछ ऐसी भी जानकारी सामने आई है जो आगरा चिट्स फंड्स सोसाइटी से पंजीकृत हैं।

# पेरोल पर छूटकर आया और हत्या करके फिर जेल चला गया

**पीलीभीत, 7 अक्टूबर (वार्ता)।** पीलीभीत से हत्या का जो मामला सामने आया है उसने आम आदमी ही नहीं पुलिस को भी चौंका कर रख दिया। हत्यारोपी ने पूछताछ के दौरान कई रहस्मय खुलासे किए। पुलिस के मुताबिक मुखबिरी के शक में पेरोल पर छूटकर आने के बाद कातिल ने तीन सितंबर की रात में ही धारा कोली की हत्या कर दी थी। वह लोग कार से शव लेकर पीलीभीत तक आ गए। शव आगे ले जाकर सूनसान इलाका देखकर फेंकना चाह रहे थे कि जहानाबाद रेलवे क्रॉसिंग बंद निकली। इसके बाद शव को वहीं क्रॉसिंग के किनारे खाई में फेंककर भाग गए।

उधमसिंह नगर जिले के रूद्रपुर कोतवाली की पुलिस शुक्रवार दोपहर कोतवाली जहानाबाद पहुंची। जहानाबाद पुलिस को पूरा घटनाक्रम बताकर सहयोग मांगा। कातिल यह नहीं बता पा रहा था कि शव को किस ओर फेंका है। इसके बाद रुद्रपुर कोतवाली पुलिस और स्थानीय जहानाबाद पुलिस ने आरोपी को साथ लेकर जगह तलाशना शुरू की। पुलिस टीम पीलीभीत रोड पर आई। यहां जहानाबाद रेलवे क्रासिंग से सौ मीटर पहले हाईवे से लगभग पांच सौ मीटर अंदर जाकर खाई की ओर पहुंचने पर आरोपी ने जगह पहचानी। पुलिस ने खाई में उतरकर कांबिंग की तो शव सड़ी-गली हालत में बरामद हो गया। जहानाबाद एसएसआई सुशील कुमार ने रुद्रपुर पुलिस के साथ मिलकर शव कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि धारा कोली की हत्या उसको घर से बुलाने के कुछ देर बाद ही कर दी गई थी। उसकी हत्या कार में गला दबाकर की गई थी।

इसके बाद आरोपी शव को फेंकने निकल पड़े। आरोपियों ने शव को कूड़ा और केले के पत्तों से दबा दिया था ताकि किसी की नजर न पड़े।

# अग्निवीर भर्ती में आए छात्र की लाश मिली

**गाजियाबाद, 7 अक्टूबर (नेट)।** मुजफ्फरनगर में अग्निवीर सेना की भर्ती देखने गए जहांगीरपुर क्षेत्र के गांव हसनपुर निवासी छात्र छात्र का शव गाजियाबाद के हिंडन नदी के किनारे पड़ा मिला। छात्र की मौत के बाद परिजनों में शोक है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए कोतवाली में तहरीर दी। सूत्रों के अनुसार गांव हसनपुर निवासी सुमित कुमार पुत्र सुखबीर सिंह एनआरईसी डिग्री कॉलेज में बीए द्वितीय वर्ष का छात्र था। वह चार अक्टूबर को छात्र अग्निवीर सेना की भर्ती देखने के लिए मुजफ्फरनगर गया था। बताया जाता है कि उसके बाद छात्र भर्ती देखने के बाद ट्रेन में बैठ कर अपने साथियों के साथ घर रवाना हुआ था। लेकिन तीन दिन तक छात्र के घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने चिंता जाहिर की। उसके बाद परिजनों ने छात्र की काफी खोजबीन की पर कहीं पता नहीं चल सका। गुरुवार को गाजियाबाद पुलिस द्वारा सूचना मिली की हिंडन नदी के निकट एक युवक का शव बरामद हुआ है। पुलिस की सूचना के बाद छात्र के परिजन गाजियाबाद पहुंचे जहां परिजनों ने शव की शिनाख्त सुमित के रूप में की। छात्र की मौत की जानकारी मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि सुमित तीन बहनों में अकेला भाई था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। परिजनों ने गाजियाबाद पुलिस को छात्र की हत्या कर शव फेंके जाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है।

# पीपीएस कैडर के 31 अफसरों के आईपीएस बनने का रास्ता साफ

**लखनऊ, 7 अक्टूबर (वार्ता)।** प्रांतीय पुलिस सेवा (पीपीएस) संवर्ग के 31 अफसरों के आईपीएस कैडर में प्रोन्नत होने का रास्ता साफ हो गया है। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठक में इन अफसरों को प्रोन्नति देने की सिफारिश कर दी गई। अब जल्द ही केंद्रीय गृह मंत्रालय से इस संबंध में अधिसूचना जारी हो जाएगी।

अपर पुलिस अधीक्षक स्तर के इन अफसरों को आईपीएस कैडर में प्रोन्नति मिलने के बाद एसपी रैंक मिल जाएगी। इनमें 1992 के 20 व 1993 बैच के 11 पीपीएस अफसर शामिल हैं।

वर्ष 1992 बैच के पीपीएस अफसरों में श्रवण कुमार सिंह, सवानंद सिंह यादव, हफीजुर्रहमान, रमेश प्रसाद गुप्ता, केशव चंद्र गोस्वामी, ओमवीर सिंह, राजेश कुमार यादव, बबिता साहू, लाल साहब यादव, राजधारी चौरसिया, विनोद कुमार, ओम प्रकाश यादव, महात्मा प्रसाद, प्रबल प्रताप सिंह, राजेश कुमार, दयाराम, गिरजेश कुमार, प्रेम चंद्र, भीम प्रिय अशोक व संजय कुमार शामिल हैं। इसी तरह वर्ष 1993 बैच के अफसरों में दिनेश कुमार सिंह, चंद्र प्रकाश शुक्ला, बृजेश कुमार मिश्र, आशुतोष शुक्ला, बृजेश कुमार श्रीवास्तव, शैलेन्द्र कुमार राय, शिवाजी, संजय कुमार यादव, अरविंद मिश्र, आदित्य कुमार शुक्ला व अनिल कुमार सिंह शामिल हैं।

# 23 पीसीएस के आईएएस पद पर पदोन्नति की तैयारी

**लखनऊ, 7 अक्टूबर (वार्ता)।** यूपी के 23 पीसीएस अफसरों को आईएएस पद पर पदोन्नति देने के लिए शुक्रवार को संघ लोक सेवा आयोग की अध्यक्षता में डीपीसी हुई। इसमें 16 पीसीएस अफसरों के सीधी पदोन्नति का रास्ता साफ हो गया है। सात के नामों पर प्रोविजनल विचार किया गया है।इनमें से चार के खिलाफ अभियोजन की कार्रवाई चल रही है।

संघ लोक सेवा आयोग के लेफ्टिनेंट जनरल राज शुक्ला की अध्यक्षता में शुक्रवार को लखनऊ में बैठक हुई।इसमें यूपी के तरफ से मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा, वरिष्ठ आईएएस अधिकारी आरके तिवारी और अपर मुख्य सचिव नियुक्ति देवेश चतुर्वेदी मौजूद रहे। इसके अलावा केंद्र ने संयुक्त सचिव स्तर के दो आईएएस अधिकारियों को बतौर सदस्य भेजा था। बैठक में वर्ष 2000, वर्ष 2002 वर्ष और 2004 के कुल 23 पीसीएस अफसरों के नामों पर विचार किया गया।इनमें से चार अफसरों भीष्मलाल वर्मा हरीश चंद्र, अंजू लता कटियार और प्रभुनाथ के खिलाफ अभियोजन की कार्रवाई चल रही है। तीन अन्य के खिलाफ अन्य विभागीय कार्रवाई चल रही है। इसलिए इन सातों के नामों पर प्रोविजनल विचार किया गया है। अगर इनकी जांच 31 दिसंबर तक खत्म हो जाती है तो इनको इसी साल से आईएस बना दिया जाएगा, वरना अगले साल इनके नामों पर पुनः विचार किया जाएगा।इसके अलावा सोलह पीसीएस अफसरों की पदोन्नति लगभग तय मानी जा रही है।

# बाबू हरबंस लाल की स्मृति में नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर रविवार को

**मुजफ्फरनगर, 07 अक्टूबर (बु.)।** जनपद में औद्योगिक क्षेत्र में अपने परिश्रम से बड़ा नाम हासिल करने के साथ ही समाज सेवा के लिए समर्पित रहते हुए जिले में एमजी पब्लिक स्कूल जैसी अग्रणी शिक्षण संस्था की स्थापना कर शिक्षा की अलख जगाने वाले कर्म योगी स्वर्गीय बाबू हरबंस लाल गोयल की स्मृति में कोरोना महामारी के संकट के कारण एक अल्प विराम के बाद निशुल्क चिकित्सा सेवा की परंपरा इस रविवार से फिर शुरू होने जा रही है। जिले के प्रमुख उद्योगपति एवं समाजसेवी स्वर्गीय लाला हरबंस लाल गोयल एवं स्वर्गीय विमलावती देवी की स्मृति में शहर के सर्कुलर रोड स्थित एमजी पब्लिक स्कूल प्रांगण में रविवार 9 अक्टूबर को निशुल्क विराट नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन होने जा रहा है। बता दें कि लाला हरबंस लाल गोयल ने अपने जीवन में समाज सेवा को प्राथमिकता दी है। उन्होंने अपने जीवन में निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन लगातार किया है। उनके निधन के बाद उनके सुपुत्र उद्योगपति सतीश चंद गोयल ने समाज सेवा के लिए दिखाए गए उनके मार्ग पर उनके सफर को निरंतर जारी रखने का प्रयास किया, लेकिन कोरोना महामारी का संकट आने के उपरांत निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन भी बंद कर दिया गया था। इसके बाद सतीश चंद गोयल लगातार अपने पिता की सेवा की इस परंपरा को प्रारंभ करने के प्रयासों में जुटे रहे और आखिरकार अब उनका यह प्रयास सार्थक हो रहा है। रविवार 9 अक्टूबर को एमजी पब्लिक स्कूल प्रांगण में प्रातः 9:00 से 12:00 तक निशुल्क विराट नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कैंप के व्यवस्थापक सुरेश रौतेला ने बताया कि यह चिकित्सा शिविर अब प्रतिमाह के दूसरे रविवार को एमजी पब्लिक स्कूल में आयोजित



किया जाएगा। रविवार को प्रस्तावित इस विराट नेत्र चिकित्सा कैंप का आयोजन वरदान धर्मार्थ नेत्र सेवा संस्थान जनपद मुजफ्फरनगर एवं वरदान सेवा संस्थान जनपद गाजियाबाद के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस शिविर में नेत्र रोगियों की जांच मुफ्त दवाई मोतियाबिंद के रोगियों को गाजियाबाद संस्थान ले जाकर आधुनिक आई ओ एल विधि से लेंस लगाकर ऑपरेशन करने की सुविधा और अगले दिन सर्कुलर रोड पर वापस छोड़ने की सुविधा प्रदान की जाएगी। शिविर में आंखों की जांच लेंस ऑपरेशन आना-जाना रहना और खाना निशुल्क रहेगा। शिविर में सेवा पाने के लिए रजिस्ट्रेशन रविवार को मौके पर ही सुबह 8:30 बजे से किए जाएंगे। इस शिविर के लिए अधिक जानकारी प्राप्त करने हेतु राजेंद्र कुमार गोयल के फोन नंबर 94 1255 8209 तथा मानव तोमर के मोबाइल फोन नंबर 88 99 9288 38 पर संपर्क किया जा सकता है। इस विराट चिकित्सा शिविर के आयोजन को सफल बनाने एवं आने वाले नेत्र रोगियों को सुलभ और सरल व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए टिहरी आयरन एंड स्टील कास्टिंग लिमिटेड के सीईओ सतीश चंद्र गोयल, कंपनी के डायरेक्टर वैभव गोयल, एमजी पब्लिक स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के अध्यक्ष भीमसेन कंसल, सीनियर सर्जन डॉक्टर एस पी गुप्ता, एमजी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग एवं एमजी वर्ल्ड विजन स्कूल की प्रिंसिपल डॉ मर्णालिनी अनन्त तैयारियों में जुटे हुए हैं। सतीश चंद गोयल ने बताया कि यह बेहद हर्ष का विषय है कि कोरोना महामारी के संकट के दौरान हम बाबूजी की समाज सेवा की जिस परंपरा को बाधित मान चुके थे ईश्वर की कृपा से हम उसे और भी विशाल स्तर पर अब उन्हें सुचारू करने जा रहे हैं उन्होंने जनपद के लोगों से इस अवसर का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि हम सेवा के प्रति समर्पण के इस भाव के साथ ही निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर की इस परंपरा को भविष्य में निरंतरता प्रदान कर सकें।

## रविवार 16 अक्टूबर में होगा नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर

**मुजफ्फरनगर, 07 अक्टूबर (बु.)।** पूर्व वर्षों की भांति जैन मित्र मंडल मुजफ्फरनगर इस वर्ष भी वरदान नेत्र सेवा संस्थान गाजियाबाद के सहयोग से आंखों का एक विशाल निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित करने जा रही है। रविवार 16 अक्टूबर को जैन औषधालय प्रेमपुरी में प्रातः 8.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होने वाले इस शिविर में मोतियाबिंद के सभी ऑपरेशन आधुनिक विधि से लेंस लगाकर किए जाएंगे। जैन मित्र मंडल मुजफ्फरनगर के अध्यक्ष महिपाल जैन ने बताया कि इस शिविर में मरीजों के ऑपरेशन के साथ ही दवाई और भोजन आदि की सुविधायें निःशुल्क दी जाएगी। नेत्र चिकित्सा शिविर में जांच कराने के लिए अथवा अन्य जानकारी के लिए महिपाल जैन 9760638999, डॉ. हरेन्द्र कुमार जैन 9760088441 और कंवरसैन जैन के 9258275310 के मोबाइल नंबर पर भी प्राप्त की जा सकती है।

स्वर्णिम साड़ीज
रेमण्ड़ बैड शीट पर 50% छूट
Mob.- 9012670001
स्वर्णिम साड़ीज की तरफ से बुटीक की डिज़ाईनर साड़ीज का नया क्लैक्शन प्योर सिल्क 50 से ज्यादा वैराइटी
वृन्दावन मार्किट, बिन्दल वाली गली, नई मण्डी, मु० नगर
इस पेपर की कटिंग को लाने पर 10% छूट

किराये हेतु उपलब्ध है
shop
एक दुकान 400 वर्ग फुट, पूरब मुहानी, सरवट रोड, निकट अहिल्या बाई चौक पर उपलब्ध है।
इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें
पता : ग्रीन डीजल, 30 गाजावाली, जिला अस्पताल के सामने रूड़की रोड, मुजफ्फरनगर
8433234248
9997094443

Mob.- 9412115385
मनीष हैण्डलूम
परदों की फेंसी वैरायटी
ब्रांडेड बैडशीट
बेड कवर
कुशन कवर
टेबल कवर
नई मण्डी, बिन्दल बाजार, मुजफ्फरनगर

सम्बन्ध विच्छेद सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा भाई नईम अहमद व उसकी पत्नी श्रीमती फरजाना व पुत्री नमरा मेरे कहने-सुनने से बाहर है और मेरा भाई नईम अहमद गलत संगत में उठने-बैठने लगा है। इसलिए मैंने अपने भाई नईम अहमद व उसकी पत्नी श्रीमती फरजाना व पुत्री नमरा से अपने सभी प्रकार के सम्बंध विच्छेद कर लिये हैं। आज के बाद से मेरा अपने भाई व उसकी पत्नी, पुत्री से किसी भी प्रकार का सम्बंध नहीं है और न ही भविष्य में रहेगा। मेरा भाई व उसकी पत्नी, पुत्री अपने द्वारा किये गये किसी भी अपराधिक गतिविधि व लेनदेन के प्रति स्वयं जिम्मेदार होंगे।
तसलीम अहमद
पुत्र स्व. नसीम अहमद
निवासी : 930/254, गली नं. 4, शाहबुद्दीनपुर रोड, मुजफ्फरनगर

कार्यालय-जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा), जनपद मुजफ्फरनगर
कमरा नं. 304-305 तृतीय तल विकास भवन
पत्रांक : 481/डूडा-मु.नगर/2022-23 दिनांक : 07/10/2022
अल्पकालीन ई-निविदा / निविदा सूचना
जिला नगरीय विकास अभिकरण, डूडा मुजफ्फरनगर द्वारा मा. विधायक निधि योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से जिला नगरीय विकास अभिकरण में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑनलाईन www.etender.up.nic.in पर उक्त निविदाओं का विवरण एवं प्रपत्र वेबसाईट से प्राप्त तथा अपलोड करने की दिनांक 10/10/22 से 17/10/22 सायं 05:00 बजे तक है तथा उक्त योजना के मैनुअल टेण्डर हेतु डूडा कार्यालय के सूचना पट पर लिखित कार्यो के अनुसार निविदा प्रपत्र डूडा कार्यालय से दिनांक 10/10/22 से 17/10/22 की सायं 03:00 बजे तक प्राप्त करने तथा तद्दिनांक को ही डूडा कार्यालय में रखे सील्ड बॉक्स में सायं 05:00 बजे तक डालना अनिवार्य है। तथा दोनों निविदाओं को दिनांक 18/10/22 को दोपहर 12:00 बजे खोला जायेगा।
परियोजना अधिकारी
अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/ परियोजना निदेशक
जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा, मुजफ्फरनगर

# कपड़ा कारोबारी से लूट में सुराग, जल्द गिरफ्त में होंगे बदमाश

## ▶ लूट में बदमाशों की संख्या बताई जा रही छह, लूटी गई रकम भी बहुत ज्यादा



**मुजफ्फरनगर, 7 अक्तूबर (बु.)।** शहर के अंसारी रोड पर कपड़ा कारोबारी अर्पित जग्गा को घायल कर हुई लाखों की लूट में पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिल गए हैं। चर्चाएं हैं कि लूट में मोटी रकम गई थी। बदमाशों को जल्द गिरफ्तार कर पुलिस घटना का खुलासा कर सकती हैं। गांधी कॉलोनी निवासी कपड़ा कारोबारी अर्पित जग्गा से अंसारी रोड पर हुई लूट के मामले में पुलिस की मेहनत कामयाब हो गई है। बता दें कि अर्पित जग्गा पांच अक्टूबर को सुबह दस बजे स्कूटी पर सवार होकर अपने प्रतिष्ठान पर जा रहे थे। जग्गा जैसे ही अंसारी रोड पर शंकर स्वीट्स के पास पहुंचे तो पीछे से दो बाइकों पर आए चार बदमाशों ने कारोबारी अर्पित को घायल कर लाखों की नकदी भरा बैग लूट लिया था। पुलिस की दो दिन की भागदौड़ सार्थक रही हैं। सूत्रों की मानें तो पुलिस को लूट में महत्वपूर्ण सुराग मिल गए हैं। कई संदिग्धों से पूछताछ में लगभग पूरी कहानी सामने आ गई है। लूट में छह बदमाशों की संलिप्तता सामने आ रही है। सूत्रों का कहना है कि बदमाशों द्वारा लूटी गई रकम काफी बड़ी है। लूट में कम राशि बताई गई है। बदमाशों की तलाश में पुलिस की ताबड़तोड़ दबिश चल रही है। सूत्रों का कहना है कि यदि पुलिस योजना के अनुसार काम हुआ, तो एक दो दिन में घटना का खुलासा हो सकता है। पुलिस लूट के मुखबिर को भी चिह्नत करने में कामयाब हो गई है, हालांकि पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अभी कुछ भी कहना मुमकिन नहीं है। बदमाशों की धरपकड़ को कार्यवाही चल रही है। उनकी गिरफ्तारी के बाद ही पूरी तस्वीर सामने आने की उम्मीद हैं।

## लूट के राजफाश में जुटी क्राइम ब्रांच ने 3 संदिग्धों को हिरासत में लिया है।

**मुजफरनगर, 7 अक्टूबर (बु)।** शहर कोतवाली क्षेत्र के अंसारी रोड पर हुई लूट के मामले में राजफाश के लिए जुटी क्राइम ब्रांच ने तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया है। बताया गया है कि टीम उनकी निशानदेही पर छापेमारी करने में जुटी है। बुधवार को शहर कोतवाली क्षेत्र के अंसारी रोड पर दो बाइक सवार चार बदमाशों ने गांधी कालोनी निवासी कपड़ा व्यापारी अर्पित जग्गा के सिर में लोहे की रॉड मारकर दो बैग लूट लिए थे। बैग में तीन से चार लाख रुपये की नकदी और कागजात थे। पुलिस व्यापारी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश में जुटी है। उधर, अर्पित जग्गा से दो बाइकों पर सवार होकर आए बदमाशों ने लूटपाट की थी। लूटपाट के बाद दो बदमाश एक बाइक पर मालवीय चौक की तरफ फरार हुए थे, जबकि दो नावल्टी चौक की तरफ भागे थे। बदमाश सीसीटीवी में कैद हो गए थे। वारदात के राजफाश के लिए क्राइम ब्रांच समेत कई टीमों को लगाया गया था। सूत्रों की मानें तो क्राइम ब्रांच के हत्थे तीन संदिग्ध चढ़े हैं। टीम उनकी निशानदेही पर छापेमारी करने में जुटी है। माना जा रहा है कि शीघ्र ही पुलिस लूट की वारदात का राजफाश कर सकती है।

# रालोद विधायक ने किया सरेंडर



मुजफ्फरनगर। बुढ़ाना से रालोद के विधायक राजपाल सिंह सैनी आचार संहित के उल्लंघन के मामले में कोर्ट में सरेंडर किया। कोर्ट ने विधायक के अधिवक्ता की जमानता अर्जी पर उसे जमानत दे दी है, जबकि एक अन्य मामले में विधायक ने कोर्ट से जारी हुए वारंट को भी रिकॉल कराया है। शुक्रवार को रालोद विधायक दल के नेता तथा बुढाना क्षेत्र से विधायक राजपाल बालियान बालियान ने सिविल जज सीनियर डिवीजन एफटीसी कोर्ट में सरेंडर कर दिया। उनके अधिवक्ता ओमकार तोमर ने बताया कि विधायक पर 2022 विधानसभा चुनाव के दौरान फुगाना बस स्टैंड पर बिना अनुमति जुलूस निकालने का आरोप है।

उन्होंने बताया कि उक्त मामले में एसआइ मूलचंद कौशिक ने मौजूदा विधायक राजपाल बालियान सहित 10 लोगों पर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने बताया कि उक्त मामले में विधायक राजपाल बालिया ने शुक्रवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया। जिसके उपरांत कोर्ट में उनका जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। बताया कि 20 हजार रुपये की निजी बंधपत्र पर कोर्ट ने विधायक को जमानत प्रदान कर दी। एड. ओमकार तोमर ने बताया कि आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के एक मामले में कोर्ट में पेश न होने पर विधायक के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी हुए थे। उन्होंने बताया कि 2012 के उक्त मामले में भी विधायक ने कोर्ट में सरेंडर कर वारंट रिकाल कराए।

## पुलिस ने मुठ ेड़ के बाद बदमाश को गोली लगी

मुजफ्फरनगर, 8 अक्टूबर (बु.)। शुक्रवार देर शाम सिविल लाइन पुलिस को बझेड़ी अंडरपास के पास दो बाइक सवार बदमाशों के होने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना प्रभारी संतोष त्यागी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने बदमाशों की घेराबंदी कर ली। घेराबंदी होने पर बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए फरार होने का प्रयास किया। जवाबी फायरिंग में एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जबकि दूसरा फरार हो गया। घायल बदमाश की शिनाख्त आरिफ निवासी मल्हूपुरा के रूप में हुई। पुलिस ने फरार बदमाश की तलाश में काम्बिंग की, लेकिन सुराग नहीं लगा। घायल बदमाश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इंस्पेक्टर संतोष त्यागी ने बताया कि घायल बदमाश ने अपने साथी के साथ मिलकर बीती तीन अक्टूबर को गंगलवाली गली में एसडीओ की पत्नी से पर्स लूट की घटना को अंजाम दिया था। बदमाश के पास से महिला से लूटा हुआ पर्स, नकदी, घटना में प्रयुक्त बाइक और तमंचा बरामद किया गया है। बदमाश पर सिविल लाइन और नई मंडी कोतवाली में लूट और चोरी के आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।

## इन तारीखों को हो सकते हैं उत्तर प्रदेश में नगर निकाय चुनाव

लखनऊ। नगर निकाय चुनाव को लेकर हलचल बढ़ गई है। नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियां आगामी 20 अक्तूबर के बाद और रफ्तार पकड़ेंगी।

राज्य निर्वाचन आयोग ने इन चुनावों के लिए अपनी गतिविधियां बढ़ा दी हैं। आयोग की ओर से सभी जिलाधिकारियों को पूर्व में ही निर्देश जारी किये जा चुके हैं कि 20 सितम्बर से चार अक्तूबर तक नवसृजित, सीमा विस्तारित, उच्चीकृत निकायों में वार्डवार वोटरों के स्थानांतरण की कार्यवाही पूरी की जाए। इसके बाद पांच अक्तूबर से 20 अक्तूबर तक मतदान केन्द्र, पोलिंग बूथ पर नियुक्त बूथ लेबल आफिसर द्वारा वार्डवार स्थानांतरित मतदाताओं का सत्यापन और अपने से संबंधित पोलिंग बूथ के सभी मतदाताओं के घर-घर जाकर सत्यापन कर वृद्धि, शुद्धि या नाम वोटर लिस्ट से हटाने की कार्यवाही की जाएगी। आयोग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 20 अक्तूबर तक वोटर लिस्ट के इस पुनरीक्षण का काम पूरा हो जाने के बाद दावे और आपत्तियां मांगे जाएंगे। फिर उनका निस्तारण किया जाएगा। उसके बाद वोटर लिस्ट का फाइनल ड्राफ्ट प्रकाशित किया जाएगा। इस बार अनुमान है कि नगरीय निकाय चुनाव की वोटर लिस्ट करीब साढ़े चार करोड़ वोटरों की हो जाएगी। अभी तक इस लिस्ट में 3 करोड़ 36 लाख वोटर हैं।

# अतिरिक्त दहेज न मिलने पर विवाहिता से मारपीट

**मुजफ्फरनगर, 7 अक्टूबर (बु.)।** अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता के पति व ससुरालियों ने विवाहिता के साथ मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने विवाहिता का चिकित्सीय परीक्षण कराकर विवाहिता के पति व उसके परिजनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। मंसूरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम लच्छेड़ा निवासी साक्षी पुत्री मुकेश ने मंसूरपुर थाने में दी गयी तहरीर में बताया कि उसकी शादी अव से करीव 4 वर्ष पूर्व अंकित पुत्र कर्ण सिंह निवासी रामलीला टिल्ला के साथ रीति-रिवाज के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय वाद से ही उसके ससुराल वाले पति अंकित, सास सावत्री, जेठ सचिन, व जेठानी पूजा तथा ननंद सरिता, नन्दोई मोनू शादी में मिले दान दहेज से खुश नहीं थे और उस पर मायके वाले से 5 लाख रुपये नगद मंगवाने का दबाब बनाते आ रहे थे। आरोपी मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता के साथ मारपीट भी करते चले आ रहे थे। आरोप है कि 10 सितम्बर को सभी ने एक राय होकर विवाहिता को मारपीट कर अपने घर से निकाल दिया था, तभी से विवाहिता अपने मायके ग्राम लच्छेडा में रह रही थी। आरोप है कि 3 अक्तूबर की शाम 6 बजे विवाहिता का पति उसके मायके आया और विवाहिता और उसके परिवार वालो से झूठी माफी मांगकर उसे अपने घर ले गया, जहां पहुंचने पर विवाहिता के पति ने 5 लाख रुपये नहीं लाने पर विवाहिता के साथ अपने परिवार वाले संग मिलकर लात घूसो डण्डों से से मारपीट की। मारपीट से विवाहिता को काफी चोटें आयी। विवाहिता किसी तरह अपनी जान बचाकर अपने मायके आयी। विवाहिता ने इस मामले में अपने ससुरालियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

S.D.COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
JANSATH ROAD MUZAFFARNAGAR, 251001
(Approved by AICTE/BTE & Affiliated to AKTU, Lucknow)
APPOINTMENTS/ WALK-IN INTERVIEW

- Applications are invited for the Faculty Positions (Assistant professor, Associate Professor & Professor) in the following disciplines-
Civil Engineering, Mechanical Engg., Electrical Engg., Electronics & Communication Engg. , Information Technology, Computer Science & Engg., MBA, Applied Science & Humanities (Physics, Chemistry, Mathematics, English) , Computer Programmer, Search Engine Optimization Expert, Training & Placement Officer.
- Qualifications as per AICTE Norms.
- Apply through email at the email ID hrsdcet@gmail.com. Attach copies of all degrees and testimonials. Paste a coloured photograph on the CV.
- Walk-in interview on 10/10/2022 (MONDAY) at 12:00 Noon for Computer Science & Engg., MBA, Mathematics, Electrical Engg. branches.

Email Id- sdenggpoly528@gmail.com Contact No. 9319408828, 9415511456

# शराब में संपत्ति लुटाने पर हुई रामबीर की हत्या, साले समेत दो आरोपी गिरफ्तार

## ▶ खतौली पुलिस ने 20 घंटे के अन्दर हत्या का खुलासा, रसूलपुर कैलोरा के जंगल में 6 अक्तूबर को मिला था शव




**खतौली, 7 अक्तूबर(बु.)।** खतौली पुलिस ने 20 घंटे पहले हुई रामबीर की हत्या का खुलासा करते हुए शुक्रवार को दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें से एक मरने वाले रामबीर का साला है। पुलिस का दावा है कि बहन और उसके बच्चों का भविष्य सुरक्षित रखने के लिए अपने जीजा का कत्ल किया है। शराब की लत के चलते रामबीर 15 बीघा जमीन बेच चुका है और बाकी हिस्सा बेचने की फिराक में था। खतौली कोतवाली क्षेत्र के राजपुर कलां निवासी रामबीर 5 अक्टूबर को गायब हो गया था। 6 अक्टूबर को उसका शव रसूलपुर कैलोरा के जंगल में पड़ा मिला था। पोस्टमार्टम में गला दबाकर हत्या किये जाने की बात सामने आई थी। इस मामले में रामबीर के भाई ने उसके साले धर्मराज उर्फ रजनीश निवासी खानपुर, मोनू निवासी गाजियाबाद और प्रदीप मलिक निवासी फलावदा मेरठ के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। बताया था कि ये तीनों ही उसके भाई को घर से बुलाकर ले गए थे। पुलिस ने शुक्रवार को रामबीर के साले धर्मराज और उसके साथी मोनू को गिरफ्तार कर हत्याकांड का खुलासा कर दिया। पूछताछ में धर्मराज ने बताया कि उसका जीजा रामबीर शराब पीने का आदि था, वह शराब में 15 बीघा जमीन भी बेच चुका था, बाकी की 5 बीघा जमीन का भी रामबीर ने सौदा कर लिया था। इस कारण उसकी बहन और बच्चों का भविष्य असुरक्षित हो गया था। बहन के बच्चे जवान थे, पिता की इस लत के कारण उनकी शादी में भी दिक्कत आ रही थी। बहन और उसके बच्चों के हिस्से की जमीन बचाने के लिए उसने अपने जीजा रामबीर की हत्या की है। इस हत्या में धर्मराज के अलावा उसके तीन अन्य साथी भी शामिल थे। पुलिस ने बताया कि पहले इन आरोपियों ने रामबीर को शराब पिलाई और बाद में उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने हत्या में उपयोग की गयी दो मोटर साइकिल भी बरामद हुई हैं।

Transform your dreams into reality @
Shri Ram Group of Colleges
SRC 'A++' Grade NAAC Accredited College
Approved by UGC, AICTE, NCTE, COA, PCI, BCI & Affiliated to AKTU & BTEUP, Lucknow, MS Uni, Meerut & SCERT, Lucknow
Call @ Engg- 9927079966, 7088013180 Arch- 9917111139, Poly- 9837755504, 9917116655, Mgmt.- 9917160786, Law- 9927227744,
E-mail: src_mzn@rediffmail.com HSc- 8800538281, Fine Arts- 9719402220, Pharmacy- 9919966070, Other Courses- 9358348700 www.srgcmzn.com



BTech | Polytechnic | BArch | MBA | MCA | BPharm | DPharm | MEd | BEd
DElEd | MPEd | BPEd | BPES | MCom | MSc (Maths, Chem, Biotech, Microbio, Comp Sc)
MSc-Home Sc (F&N, C&T, Home Mgmt) | MFA (Fashion Design, Applid Arts, Textile Design)
MAJMC | BBA | BCA | BCom | BAJMC | BFA | LLB | BALLB | BComLLB
BVoc (Yoga) | BCom-Hons | BSc (Biotech, Microbio, Home Science, Agriculture) | BSc (PCM, CBZ) | BSc-Hons (Biotech, Microbio) | ITI (Electrician, Fitter, Turner, Machinist, Welder)

Scholarships more than ₹ 10 Crore

Our Stars : Our Toppers



And many more ..........

कॉलेज कोड SE1524
बी.एड़ 2022-24
ऑनलाईन काउन्सिलिंग प्रारम्भ
कॉलेज में ऑनलाईन काउन्सिलिंग की सुविधा उपलब्ध है।
सम्पर्क करें:
9927028908, 9411929266, 9319827104